| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,510.05 |
| निफ्टी | 24,610.05 |
| सोना | 78600.00 |
| चांदी | 96500.00 |
| डॉलर | 84.89 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

PMG

हिन्दी दैनिक

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
शुक्रवार 13 दिसम्बर 2024
मार्गशीर्ष शुक्ल 12 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 16, अंक 81
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### परभणी हिंसा मामले में 50 लोग गिरफ्तार

परभणी। महाराष्ट्र के परभणी में हिंसा के बाद अब तक 8 मामले दर्ज किए गए हैं और 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नांदेड़ के डीआईजी शाहजी उमाप ने बताया कि हिंसा के दौरान एक सब इंस्पेक्टर समेत 9 पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। तोड़-फोड़ में शामिल सभी लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। शहर में दो दिन के तनाव के बाद शांति है। शहर में बुधवार से ही बीएनएसएस की धारा 187 लागू है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य रिजर्व पुलिस फोर्स की एक कंपनी बुलाई गई है।

### अब थाईलैंड पहुंचना हुआ आसान

नई दिल्ली। थाईलैंड जाने की चाह रखने वाली भारतीयों के लिए अब एक और सुविधा की शुरुआत होने जा रही है जिससे देश पहुंचना अब और भी आसान हो जाएगा। अगले साल से अब इंडियन पासपोर्ट होल्डर्स को थाईलैंड के लिए ई-वीजा मिल जाएगा। नई दिल्ली स्थित रॉयल थाई दूतावास ने घोषणा की है कि थाईलैंड की ई-वीज़ा सेवा 1 जनवरी 2025 से भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए उपलब्ध होगी जबकि भारतीय यात्रियों के लिए मौजूदा 60-दिवसीय वीजा छूट जारी रहेगी। दूतावास ने कहा कि वीजा आवेदनों पर वीज़ा फीस स्लिप जारी होने की तारीख से लगभग 14 वर्किंग डेज के भीतर कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, पर्यटन या लघु व्यवसायिक उद्देश्यों से यात्रा करने वाले भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए 60-दिवसीय वीजा छूट अगली सूचना तक लागू रहेगी।

### केंद्रीय मंत्री रिजिजू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सागरिका घोष ने गुरुवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया। उच्च सदन में विपक्षी नेताओं के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में यह विशेषाधिकार प्रस्ताव लाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस विशेषाधिकार प्रस्ताव को 60 विपक्षी नेताओं का समर्थन मिला है और इन विपक्षी सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। टीएमसी सांसद सागरिका घोष ने कहा कि कल सदन में विपक्ष को संबोधित करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि आप सभी इस सदन में रहने के योग्य नहीं हैं। संसदीय कार्य मंत्री को संसद को सुचारू रूप से चलाने पर फोकस करना चाहिए, लेकिन वे इसके बजाय बार-बार विपक्ष का अपमान कर रहे हैं। घोष ने कहा कि किरेन रिजिजू ने विपक्षी सदस्यों का अपमान किया है और संसद के अंदर और बाहर दोनों जगह विपक्षी सांसदों के खिलाफ व्यक्तिगत शब्दों का इस्तेमाल किया है। यह पूरी तरह से अनुचित है और वे अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं।

### भीड़ एनआईए से मुफ्ती को छुड़ा ले गई

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में शहर काजी के भतीजे मुफ्ती खालिद नदवी को उग्र भीड़ राष्ट्रीय जांच एजेंसी की हिरासत से छुड़ाकर ले गई। एनआईए यूपी एटीएस के साथ विदेशी फंडिंग मामले में बुधवार रात 2.30 बजे सुपर कॉलोनी में मुफ्ती के घर छापा मारा। टीम ने 8 घंटे तक घर में तलाशी और पूछताछ की। गुरुवार सुबह जब मुफ्ती को हिरासत में लेकर टीम घर से बाहर निकलने लगी तो समर्थकों ने विरोध शुरू कर दिया।

#### मोदी कैबिनेट ने दी बिल को मंजूरी

# एक देश, एक चुनाव का रास्ता साफ!

### बिल को अगले हफ्ते संसद में पेश कर सकती है सरकार, बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है सरकार



नई दिल्ली। देश में लोकसभा और विधानसभा चुनावों समेत सभी चुनावों को एक साथ करवाने का रास्ता अब साफ हो गया है। मोदी कैबिनेट ने एक राष्ट्र एक चुनाव बिल को आज मंजूरी दे दी है। सरकार इस बिल को अगले हफ्ते संसद में पेश कर सकती है। इससे पहले कैबिनेट ने राम नाथ कोविंद समिति द्वारा इस पर बनाई गई रिपोर्ट को मंजूरी दी थी।

मोदी सरकार अगले हफ्ते इस बिल को संसद में पेश कर सकती है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, मोदी कैबिनेट ने बिल को मंजूरी दे दी है और वो बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है। बिल पर व्यापक चर्चा के लिए सरकार इसे संयुक्त संसदीय समिति या जेपीसी के पास भेज सकती है। बिल का उद्देश्य 100 दिनों के भीतर शहरी निकाय और पंचायत चुनावों के साथ-साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराना है।

#### विपक्षी दल हुए लामबंद

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा दो बिलों को मंजूरी दिए जाने के बाद सरकार पर जोरदार हमला बोला. तृणमूल नेता ममता बनर्जी पहले से ही इस प्रस्ताव की मुखर आलोचक रही हैं. उन्होंने इसे संविधान के मूल ढांचे को नष्ट करने की साजिश कहा था. ममता ने इस संघ-विरोधी कदम की निंदा की. उन्होंने इसे भारत के लोकतंत्र और संघीय ढांचे को कमजोर करने वाला बताया. उन्होंने कहा, हमारे सांसद इस क्रूर कानून का पूरी ताकत से विरोध करेंगे... बंगाल कभी भी दिल्ली की तानाशाही सनक के आगे नहीं झुकेगा. यह भारत के लोकतंत्र को निरंकुशता के चंगुल से बचाने के बारे में है! ममता बनर्जी का आज का तीखा हमला उनके एक साथ चुनाव कराने के विरोध को एक बार फिर स्पष्ट करने वाला है. जनवरी में उन्होंने केंद्र द्वारा पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में गठित पैनल को पत्र लिखा था।

#### एक राष्ट्र एक चुनाव के लाभ

सरकार का कहना है कि एक साथ चुनाव कराने से धन और समय की बचत होगी। प्रशासनिक व्यवस्था ठीक रहने के साथ सुरक्षा बलों में भी तनाव नहीं होगा। चुनाव प्रचार में ज्यादा समय मिलने के साथ विकास कार्यों में भी ज्यादा हो सकेंगे। वहीं, चुनावी ड्यूटी के चलते सरकारी कार्यों में भी दिक्कतें आती हैं।

#### आम सहमति बननी चाहिए

इससे पहले भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा था कि केंद्र सरकार को एक राष्ट्र, एक चुनाव पहल पर आम सहमति बनानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह मुद्दा राजनीतिक हितों से परे है और पूरे देश की सेवा करता है।

#### इससे जीडीपी भी बढ़ेगी

इस मुद्दे पर समिति की अध्यक्षता करने वाले कोविंद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को आम सहमति बनानी होगी। यह मुद्दा किसी पार्टी के हित में नहीं बल्कि पूरे देश के हित में है। यह एक बड़ा बदलाव लाएगा, यह मेरी राय नहीं बल्कि अर्थशास्त्रियों की राय है, जो मानते हैं कि इसके लागू होने के बाद देश की जीडीपी में 1 से लेकर 1.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट में इन सिफारिशों को रेखांकित किया गया था। मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस निर्णय की प्रशंसा करते हुए इसे भारत के लोकतंत्र को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया था।

## पति को सजा देने के लिए नहीं है गुजारा भत्ता- सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली। एआई इंजीनियर अतुल सुभाष के पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी मामले के बीच एक मामले की सुनवाई में पत्नी को भरण पोषण के मसले पर कोर्ट ने कहा कि भरण-पोषण की रकम इतनी होनी चाहिए कि पति पर भार न पड़े, लेकिन पत्नी को भी ठीक से जीवन जीने की व्यवस्था हो। साथ ही कोर्ट ने कहा कि कोई ऐसा फिक्स नियम नहीं है जो ज्यों का त्यों लागू कर दिया जाए। कोर्ट ने कहा है कि क्रूरता कानून का गलत फायदा उठाने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी।

रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि इस मामले में अदालत ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत अधिकार क्षेत्र के अनुसार, दंपति का विवाह 'पूरी तरह से टूट चुका था', लेकिन पत्नी को स्थायी गुजारा भत्ता देने की जरूरत थी। कहा कि 'जैसा हमने किरण के मामले में कहा था, स्थायी भरण-पोषण की रकम ऐसी होनी चाहिए कि वह पति को सजा देने वाली नहीं हो, बल्कि पत्नी को एक अच्छा जीवनस्तर देने वाली हो।

कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि पत्नी को भरण-पोषण की रकम इतनी मिलनी चाहिए कि वह सम्मान के साथ जीवन जी सके, लेकिन यह रकम इतनी भी न हो कि पति को आर्थिक दिक्कत होने लगे। भरण-पोषण का उद्देश्य यह है कि पत्नी के 'जीवनस्तर' में गिरावट न आए और वह ठीक से अपनी जिंदगी जी सके।

बता दें कि अतुल के सुसाइड नोट, जिसमें उसकी पत्नी और ससुराल वालों द्वारा उत्पीड़न का जिक्र था, ने देश में दहेज कानूनों के दुरुपयोग पर भारी फोकस ला दिया है। बता दें कि अतुल सुभाष ने मरने से पहले एक घंटे का एक वीडियो बनाया और अपनी आपबीती साझा की जिससे पूरा देश सकते में है। वीडियो में अतुल सुभाष ने पत्नी निकिता, सौरल वाले और फैमिली कोर्ट की जज रीता कौशिक समेत पांच लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

### सीबीआई अफसर बनकर महिला से ठग लिए पौने दो करोड़, पकड़े गए ठग

देहरादून। यहां एक महिला को साइबर ठगों ने डिजिटल हाउस अरेस्ट स्कैम में फंसाकर करीब पौने दो करोड़ रुपये का चूना लगा दिया। खुद को सीबीआइ का अफसर बताकर मनी लॉड्रिंग और अन्य अवैध कार्यों में नाम आने का डर दिखाया और महिला को ठगी का शिकार बना लिया। घंटों डिजिटल अरेस्ट रही महिला ने ठगी का पता चलने पर साइबर क्राइम पुलिस को सूचना दी। जिस पर उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक सदस्य को हरियाणा के यमुनानगर से दबोच लिया है। गिरोह के अन्य सदस्यों की भी तलाश की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह ने बुधवार को पत्रकार वार्ता कर साइबर ठगी में कार्रवाई की जानकारी दी। बताया कि कुछ दिन पूर्व देहरादून की ही एक महिला ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने पर ठगी की शिकायत दी। बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर फेडेक्स कुरियर कंपनी के कर्मचारी के नाम से एक काल आई। जिसमें एक व्यक्ति ने कहा कि मैडम आपका एक पार्सल मुंबई से ताइवान के लिए भेजा गया था, जिस पर उनका नाम, मोबाइल नंबर व ईमेल आइडी अंकित है। इसे सीबीआइ की मुंबई क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया है। पार्सल में कुछ अवैध दस्तावेज पांच पासपोर्ट, पांच एटीएम कार्ड, एक लैपटाप, पांच हजार अमेरिकी डालर, 200 ग्राम एमडीएमए नारकोटिक ड्रग व चार किलो कपड़े मिले हैं।

#### प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट की संवैधानिकता पर सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस

## फिलहाल मंदिर-मस्जिद से जुड़ा नया मुकदमा नहीं हो सकेगा दायर

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को पूजा स्थल (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1991 के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई शुरू हुई। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस मामले को अगली सुनवाई तक मंदिर-मस्जिद से जुड़े किसी भी नए मुकदमे को दर्ज नहीं किया जाएगा। सीजेआई ने कहा कि हम एक बात स्पष्ट करना चाहते हैं कि अगली सुनवाई तक कोई नई याचिका दायर नहीं हो सकती। अदालत ने सभी पक्षकारों से कहा कि वे अपने तर्क पूरी तरह तैयार रखें ताकि मामले को तेजी से निपटाया जा सके।

पूजा स्थल अधिनियम, 1991, धार्मिक स्थलों की स्थिति को 15 अगस्त 1947 के आधार पर संरक्षित करता है और इसमें बदलाव करने पर रोक लगाता है। हालांकि, इस कानून में अयोध्या के राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को बाहर रखा गया था। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए तारीख तय की है और तब तक स्थिति को यथावत रखने का निर्देश दिया है।

#### 6 पार्टियों ने लगाई है याचिका

सुप्रीम कोर्ट में पूजास्थल कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने याचिका सीपीआई-एम, इंडियन मुस्लिम लीग, एनसीपी शरद पवार, राजद एमपी मनोज कुमार झा समेत 6 पार्टियों ने लगाई है। सीजेआई संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की स्पेशल बेंच ने गुरुवार को कहा कि जब तक हम इस मामले पर सुनवाई कर रहे हैं, तब तक देश में धार्मिक स्थलों को लेकर कोई नया मामला दाखिल नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार हलफनामा दाखिल करे। एक वरिष्ठ वकील ने कहा कि जिन जगहों को लेकर केस फाइल किया गया हैं, वहां सर्वे रोका जाए। सीजेआई ने कहा- मथुरा और काशी दो मामलों की मुझे जानकारी है और कितने मामले हैं? वरिष्ठ वकील ने कहा- 10 ऐसी जगहें हैं। पहले 5 दिसंबर को ही यह सुनवाई होनी थी। उस दिन सीजेआई संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस मनमोहन की बेंच सुनवाई से पहले ही उठ गई थी। याचिका दायर करने वालों में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर, एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय समेत कई अन्य शामिल हैं। हिंदू पक्ष की तरफ से लगाई गई याचिकाओं में तर्क दिया गया है कि यह कानून हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख समुदाय के खिलाफ है। इस कानून के चलते वे अपने ही पूजा स्थलों और तीर्थ स्थलों को अपने अधिकार में नहीं ले पाते हैं।

#### याचिकाएं खारिज करने की मांग

जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने इन याचिकाओं के खिलाफ याचिका दायर की है। जमीयत का तर्क है कि एक्ट के खिलाफ याचिकाओं पर विचार करने से पूरे देश में मस्जिदों के खिलाफ मुकदमों की बाढ़ आ जाएगी। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और ज्ञानवापी मस्जिद का रखरखाव करने वाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद मैनेजमेंट कमेटी ने भी इन याचिकाओं को खारिज करने की मांग की है।

#### तीन मौलिक अधिकारों का उल्लंघन

पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के उल्लंघन से तीन मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। अनुच्छेद 25 के तहत सभी नागरिकों और गैर-नागरिकों को अपने धर्म को मानने, उसके अनुसार आचरण करने और प्रचार करने का समान अधिकार है। याचिकाओं में कहा गया है कि एक्ट हिंदुओं, जैनियों, बौद्धों और सिखों से यह अधिकार छीनता है। अनुच्छेद 26 हर धार्मिक समुदाय को उनके पूजा स्थलों और तीर्थयात्राओं के प्रबंधन, रखरखाव और प्रशासन करने का अधिकार देता है। याचिकाओं में कहा गया है कि एक्ट धार्मिक संपत्तियों (अन्य समुदायों द्वारा दुरुपयोग) के स्वामित्व/अधिग्रहण से वंचित करता है। उनके पूजा स्थलों, तीर्थ यात्राओं और देवता से संबंधित संपत्ति वापस लेने के अधिकार को भी छीनता है। अनुच्छेद 29 सभी नागरिकों को अपनी भाषा, लिपि या संस्कृति को संरक्षित करने और बढ़ावा देने का अधिकार देता है।

## डीसीआर और नॉन डीसीआर सोलर पैनल में उलझे उपभोक्ता... नहीं मिली केंद्र सरकार से सब्सिडी

वाराणसी। अपने घर या प्रतिष्ठान में सोलर पैनल लगवाने और सरकार से सब्सिडी चाहते हैं, तब पैनल की खरीदारी से पहले यह चेक कर लें कि वे भारत में निर्मित है या किसी अन्य देश में बना है। वाराणसी के 370 लोगों ने सोलर पैनल लगवा लिया लेकिन भारत सरकार ने इनकी सब्सिडी रोक दी है। सोलर पैनल की सब्सिडी से जुड़े सेंट्रल गवर्नमेंट के पोर्टल में मिलान के दौरान मिली गड़बड़ी के चलते सब्सिडी रोकने के साथ ही वाराणसी के यूपी नेडा विभाग को जानकारी दे दी गई।

यूपी नेडा विभाग अब गड़बड़ी को दूर करने के लिए उन लोगों से संपर्क साध रहा है। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने यूपी नेडा के परियोजना अधिकारी प्रेम प्रकाश सिंह को सभी दिक्कतों को दूर करने के साथ ही उपभोक्ता को डीसीआर और नॉन डीसीआर के बारे में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। ताकि लोग सब्सिडी का लाभ लेने से वंचित न हों।

दरअसल यूपी नेडा के परियोजना प्रभारी सिंह ने बताया कि जिन लोगों की सब्सिडी रोकी गई है, अधिकतर ने नॉन डीसीआर पैनल लगवाया। जिसके चलते उनकी सब्सिडी रुकी है। कुछ लोगों की लिपिकीय त्रुटि के चलते एक ही सीरियल नंबर दो उपभोक्ता के फीड हो गए। इस पोर्टल ने पकड़ा और सब्सिडी रोक दिया। कुछ लोगों ने अपने दस्तावेज ठीक से नहीं भरे थे। जिसके चलते उनकी सब्सिडी केंद्र सरकार ने रोक दी। जिनके एप्लिकेशन रिजेक्ट हुए हैं, उन्हें ठीक कराया जा रहा है। नान डीसीआर वाले में सब्सिडी नहीं मिलेगी।

#### जान लें डीसीआर और नॉन डीसीआर पैनल

केंद्र उन्हीं सोलर पैनल पर सब्सिडी दे रही है, जिनका निर्माण भारत में हुआ है। भारत में निर्मित पैनल को डीसीआर कहते हैं। भारत के बाहर निर्मित विदेशी पैनल अगर आपने अपने घर, दुकान पर लगाया हैं तब सब्सिडी नहीं मिलेगी। इन पैनल को नॉन डीसीआर कहते हैं। नॉन डीसीआर सोलर पैनल की अपेक्षा थोड़े सस्ते हैं। सस्ते पैनल के चक्कर में उपभोक्ता नॉन डीसीआर लगवा रहे।

## बिल गेट्स जल्द हो सकते हैं दिवालिया- एलन मस्क

नई दिल्ली । टेस्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क ने कहा है, बिल गेट्स माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर के दिवालिया होने की भविष्यवाणी की है। वर्तमान में टेस्ला का बाजार पूंजीकरण 1251 ट्रिलियन डॉलर है। अमेरिका के शेयर बाजार में माइक्रोसॉफ्ट की शार्ट पोजीशन है। बिल गेट्स को इन दोनों कड़ी चुनौती मिल रही है।

इस स्थिति को देखते हुए एलन मस्क ने कहा टेस्ला दुनिया की सबसे बड़ी मूल्यवान कंपनी बनने जा रही है। जिसके कारण माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स दिवालिया हो सकते हैं। एलन मस्क की कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के लिए बड़ी चुनौतियां खड़ी कर रही है। उल्लेखनीय है अमेरिका की जो नई ट्रंप सरकार बनने जा रही है। उसमें एलन मस्क मंत्रिमंडल में शामिल हैं। जिस तरह की खबरें आ रही हैं, एलन मस्क ट्रंप सरकार को चलाने मे सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे हैं। अमेरिकी सरकार के इशारे पर आगे चलकर बिल गेट्स को सारी दुनिया के देशों में बड़ी चुनौती मिल सकती है। टेस्ला के मालिक एलन मस्क अपने कारोबार को बढ़ाने की दिशा में तेजी के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने ऐसा कहा है, तो निश्चित रूप से आगे चलकर माइक्रोसॉफ्ट और बिल गेट्स के ऊपर मुसीबतें बढ़ने वाली हैं।

## नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देगी सोरेने सरकार

रांची। झारखंड सरकार ने महिलाओं के लिए बड़ा ऐलान किया है। सोरेने सरकार अब नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देगी। झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने अभिभाषण में इसकी घोषणा की। इस दौरान उन्होंने मुफ्त शिक्षा सहित कई बड़ी घोषणाएं भी की।

राज्यपाल ने कहा कि सरकार नीति बनाकर आदिवासी, मूलवासी को तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में शत-प्रतिशत आरक्षण दिलाएगी। वहीं, पिछड़ा वर्ग को 27फीसदी, आदिवासी को 28फीसदी और अनुसूचित जाति को 12फीसदी आरक्षण देने का विधेयक, सरना आदिवासी धर्म कोड गृह विभाग में पेंडिंग है, जिसे केंद्र से स्वीकृत कराने कोशिश सरकार करेगी। राज्यपाल ने जनजातीय भाषाओं को बढ़ावा देने की योजना और हो, मुंडारी, कुरुख और अन्य जनजातीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की बात भी कही। राज्य के विकास का रोड मैप पेश करते हुए राज्यपाल गंगवार ने कहा कि केंद्र और उसके उद्यमों का झारखंड पर ऋण है। राज्य सरकार 1.36 लाख करोड़ रुपए की इस राशि की वसूली के लिए कानूनी उपाय अपनाएगी।

## शाह के दौरे से पहले अबूझमाड़ में 7 नक्सली ढेर

जगदलपुर। बस्तर में अमित शाह के दौरे से पहले अबूझमाड़ इलाके में सुरक्षाबलों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया है। इनके शव भी बरामद कर लिए गए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है। अभी भी दोनों तरफ से गोलीबारी हो रही है।

चार जिले के एक हजार से ज्यादा जवानों ने नक्सलियों को घेर रखा है। इनमें नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर और कोंडागांव जिले की डीआरजी, एसटीएफ और सीआरपीएफ की टीम शामिल है। बता दें कि, 1 जनवरी से अब तक 215 नक्सली मारे गए हैं।

#### 15 दिसंबर को शाह बस्तर दौरे पर

15 दिसंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर के दौरे पर रहेंगे। शाह के बस्तर दौरे से पहले फोर्स एक्टिव हो गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि माड़ इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर करीब 1 हजार से ज्यादा जवानों को ऑपरेशन के लिए निकाला गया था। इसी बीच, गुरुवार तड़के सुबह 3 बजे जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि, जवानों से संपर्क कर रहे हैं जो भी जानकारी मिलेगी दी जाएगी।

## फ्लिपकार्ट और मिंत्रा से आर्डर कैंसल करने पर देना होगी कैंसिलेशन फीस

#### करना पड़ सकता है इतना भुगतान




मुंबई। ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट पर ग्राहकों को ढेरों ऑफर्स का फायदा मिलता है और जमकर ऑर्डर बुक किए जाते हैं। आप आसानी से अपनी पसंद का सामान घर बैठे खरीद सकते हैं, जरुरत नहीं होने पर कैंसिल भी करा सकता है। हालांकि अगर आप बार-बार ऑर्डर कैंसल करने वालों में से हैं तब आपके लिए अच्छी खबर नहीं है। दरअसल फ्लिपकार्ट अब ऑर्डर कैंसल करने वालों के लिए कैंसिलेशन फीस लागू करने जा रहा है।

रिपोर्ट में सामने आया है कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स अब उन ग्राहकों से कैंसिलेशन फीस चार्ज करने के बारे योजना बना रहे हैं, जो अपने ऑर्डर कैंसल कर देते हैं और इसकी शुरुआत फ्लिपकार्ट से होने जा रही है। एक रिपोर्ट में दावा किया है कि फ्लिपकार्ट और मिंत्रा जल्द ही ऑर्डर कैंसिलेशन चार्ज लगाने जा रहे हैं।

एक रिपोर्ट में बताया गया है कि यह कैंसिलेशन चार्ज क्यों लिया जा रहा है। इसके बारे में बताया गया है कि सेलर्स और लॉजिस्टिक पार्टनर्स के वक्त और मेहनत को देखकर प्लेटफॉर्म उन्हें ऑर्डर कैंसल किए जाने की स्थिति में इसका मुआवजा देना चाहता है या कुछ भुगतान करना चाहता है। दावा है कि नई पॉलिसी के चलते अब 20 रुपये का एक्स्ट्रा चार्ज लिया जा रहा है। माना जा रहा है कि कैंसिलेशन फीस अलग-अलग ऑर्डर वैल्यू के लिए अलग हो सकती है और प्रीमियम प्रोडक्ट्स के लिए यूजर्स को ज्यादा कैंसिलेशन फीस भी चुकानी पड़ सकती है।

लेकिन बताया गया है कि अगर ग्राहक एक तय समय सीमा के अंदर ऑर्डर कैंसल करते हैं, तब उन्हें किसी कैंसिलेशन फीस का भुगतान नहीं करना होगा। यानी अगर ऑर्डर प्रोसेस हो चुका है और ट्रांजिट या शिपिंग स्टेज में है, तभी इस फीस को लागू किया जाएगा।

# संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता सम्पन्न

## बेस्ट एथलिट रहे पायल और रघुनंदन , विधाओं में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों का वेस्ट जोन के लिए किया गया चयन, उड़ीसा के भुवनेश्वर में आयोजित होंगी वेस्ट जोन प्रतियोगिता

बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। नगर के मुलना स्टेडियम में आयोजित 2 दिवसीय संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का सम्पन्न गुरुवार को फाइनल सिलेक्शन के बाद किया गया।नगर में 11 और 12 दिसंबर को आयोजित इस संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बेस्ट एथलेटिक्स पायल और रघुनंदन रहे। तो वही एथलेटिक्स के सभी खेलों में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों का वेस्ट जोन के लिए चयन किया गया। बताया जा रहा है कि आगामी समय में उड़ीसा के भुवनेश्वर में वेस्ट जोन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जहां बालाघाट में चयनित सभी खिलाड़ी उस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।जहां आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर जी.एस धुर्वे, कार्यक्रम अध्यक्षता जेएसटी पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. पीआर चंदेलकर, व विशेष अतिथि खनिज अधिकारी श्री खातरकर, पीजी कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. कातुरकर सर, डॉ. गोविन्द्र सिरसाटे उपस्थित रहे।



### 47 कालेज के 300 प्रतिभागियों ने लिया था भाग

आपको बताए कि मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग छिंदवाड़ा परिक्षेत्र अंतर्गत नगर मुख्यालय स्थित मुलना स्टेडियम में 11 और 12 दिसंबर को दो दिवसीय संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन पीएम एक्सिलेंस जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय के तत्वाधान में किया गया। विश्वविद्यालय राजा शंकरशाह परिक्षेत्र छिंदवाड़ा संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा संभाग के 4 जिले, छिंदवाड़ा, सिवनी, बैतूल एवं बालाघाट जिले के लगभग 47 कॉलेज के 300 प्रतिभागियों ने 100 मीटर से 10000 मीटर दौड़, लंबी कूद, उंची कूद, ट्रिपल जंप, डिस्कस, शॉट पुट, जेवलीन थ्रो, हैंमर थ्रो आदि प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने भीतर छुपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

### प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

नगर के मुलना स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को 10 हजार मीटर दौड़, हैमर थ्रो, ट्रिपल जंप सहित अन्य विद्याओं का आयोजन किया गया। जिसका समापन सायंकाल, 05 बजे किया गया। जिसमें चयनित 03 प्रतिभागियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रांच मैडल सहित प्रमाण पत्र अतिथियों के हस्ते प्रदान किए गए। खेल के सफल संचालन में पीजी कॉलेज के क्रीडा अधिकारी अनिल झरबड़े, कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी विनोद ठाकुर, डॉ. ऋषिकेश पटेल, डॉ. ललीत कामड़े, डॉ. संजय मर्सकोले, डॉ. नवीन कोरट, डॉ. विकास साहू, डॉ. एलडी चचाने, डॉ. विवेक खरगाल, प्रवेश यादव, अधीर घोड़ेश्वर सहित अन्य का सहयोग रहा।

### ओवर ऑल चैम्पियन रहा बालाघाट जिला

इस प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैम्पियनशिप बालाघाट जिला रहा जिसने 116 अंक प्राप्त किये। इसमें बेस्ट एथलिट का खिताब महिला वर्ग में पायल लिल्हारे कन्या महाविद्यालय बालाघाट व पुरूष वर्ग में बेस्ट एथलिट का खिताब रघुनंदन छिन्दवाड़ा को मिला। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### वेस्ट जोन प्रतियोगिता के लिए इनका किया गया चयन

आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता फाइनल में 100 मीटर दौड़ पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान अक्षय तुरकर, महिला वर्ग में शैलकुमारी सैय्याम रही। इसी तरह 200 मीटर में पुरूष वर्ग में प्रथम अक्षय तुरकर, महिला में प्रिया पटले, 400 मीटर में प्रथम गगन साहू, महिला वर्ग शैलकुमारी सैय्याम, 800 मीटर प्रथम विपुल जोगेकर, महिला वर्ग रिया पटले, 1500 मीटर में प्रथम कशक भगत, महिला वर्ग पायल लिल्हारे, 5000 मीटर में प्रथम रघुनंदन वर्मा व महिला वर्ग में पायल लिल्हारे एवं 10,000 मीटर में प्रथम रघुनंदन वर्मा, महिला वर्ग तीजन कावरे रहे। इसके अलावा लंबी कूद में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान विजय छिंदवाड़ा, महिला वर्ग में हिरमोतिन तिलगाम रहे। ऊंची कूद में पुरूष वर्ग प्रथम देवेश बिसेन, महिला वर्ग अंकिता वर्मन, त्रि-कूद में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान विजय व महिला वर्ग में मुस्कान मेश्राम ने प्राप्त किया। डिस्कस पुरूष में मिशन, महिला में सोनम, शॉटपुट पुरूष में अर्जुन कुमार, महिला में ज्योति धुर्वे, जेवलीन थ्रो पुरूष में अंकित यादव, महिला में नुपुर और हैमर थ्रो पुरूष में मोरन कुरैशी तथा महिला में नुपुर दशहरे का चयन किया गया है।इसके अलावा अन्य प्रतियोगिता में भी खिलाडियों ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया।

### सभी बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन

आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता के समापन पर अतिथियों ने कहा कि प्रतियोगिता में सभी बच्चों द्वारा बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है। खेल में कोई हारता है कोई जीतता है। इसमें हारने वाले खिलाडियों को निराश नहीं होना चाहिए बल्कि और अधिक मेहनत कर अगले बार बेहतर प्रदर्शन कर जीतने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी छात्र-छात्राओं को रूचि लेना चाहिए। उन्होंने सभी खिलाडियों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### चयनित खिलाड़ी भुनेश्वर में आयोजित वेस्ट जोन प्रतियोगिता में होंगे शामिल- झरवड़े

आयोजित प्रतियोगिता के समापन और खिलाड़ियों के किए गए इस चयन को लेकर की गई चर्चा के दौरान पीएम एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अनिल झरवड़े ने बताया कि सभी प्रतिभागियों चयनित प्रथम प्रतिभागी, आगामी समय में उड़ीसा के भुवनेश्वर में आयोजित वेस्ट जोन की प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

# विवेक शर्मा बने रेलवे अप डाउनर्स प्रोग्रेसिव वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष

कटंगी (पद्मेश न्यूज)। रेलवे, रेल परिवहन और रेल विभाग से जुड़ी तमाम तकनीकियों पर बारिकी से जानकारी रखने वाले कटंगी के युवा विवेक शर्मा को



रेलवे अप डाउनर्स प्रोग्रसिव वेलफेसर एसोसिएशन का जिलाध्यक्ष मनोनित किया गया है. एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष कमलेश सेन ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए बताया कि देश की लोकप्रिय भारतीय रेल जो राष्ट्र की जीवन रेखा है साथ ही साथ महत्वपूर्ण यातायात और परिवहन का साधन है लाखों भारतीयों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने वाली भारतीय रेल के मुसाफिरों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी, रेल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रेलवे अप डाउनर्स प्रोग्रसिव वेलफेसर एसोसिएशन विगत कई वर्षों से सामाजिक सरोकार का भाव लेकर रेल प्रशासन, रेलवे के उच्च अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सैकड़ों अप डाउनर्स के सहयोग से कार्यपरक है और आम यात्रियों की बात रेलवे तक पहुंचाने का काम कर रहा है. एसोसिएशन की प्रबंधकारिणी द्वारा रेल यात्रियों की सुविधाओं और सुझाव को उचित पटल तक पहुंचाने के लिए आपके द्वारा किए जा रहे यात्रियों के हितों में प्रयासों को दृष्टिगत रखते हुए बालाघाट जिले में विवेक शर्मा को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है. विवेक शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन ने एक महत्वपूर्ण पद का दायित्व सौंपा है. यह मेरे बेहद गौरव की बात है पहले भी मेरे द्वारा रेल यात्रियों की सुविधाओं को लेकर रेलवे अधिकारियों से पत्राचार किया जाता रहा है आगे भी रेल यात्रियों की सुविधाओं और उनके अधिकारों के लिए एसोसिएशन के जरिए अधिकारियों से संवाद किया जाएगा।

## सूफी धर्मगुरू हम्माद रजा कादरी का आगमन आज

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। खानदाने आला हजरत, खलीफए हुजुर अमीने शरियत, हम्माद रजा कादरी का आज 13 दिसंबर को बालाघाट आगमन हो रहा है। यहां वे, जामा मस्जिद में रात्रि 09 बजे से आयोजित सैयद हबीब हुसैन जीलानी उर्फ हुसैन बाबा, के ईसाले सवाब और शीनम फातिमा, के चहल्लुम कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में सईद आलम रजवी, मुफ्ती वफाउल मुस्तफा, इमाम जामा मस्जिद मुदस्सिर हुसैन, पूर्व इमाम जाहिद रजा, सूफी अब्दुल हमीद नूरी, जिब्रईल रजा, सदफ रजा खान, सादिक रजा सिब्तैनी और तौसीफ रजा के साथ-साथ शहर की सभी मस्जिदो के इमाम और जिम्मेदार शामिल होंगे।कार्यक्रम में शिरकत करने बालाघाट आ रहे सूफी धर्मगुरू हम्माद रजा कादरी, यहां लोगों से चर्चा करने के साथ ही सामाजिक लोगों के बीच तकरीर देंगे। उक्त कार्यक्रम में जिले के सामाजिक लोगों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील रजा फैमिली और जमात रजा ए मुस्तफा ने की है।

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वासुदेव पिता कडिया जाति माली निवासी ग्राम पंचायत धपेरा के द्वारा कार्यालय तहसीलदार तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट में आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि इनके भाई स्व. सोहनलाल पिता कडिया का निधन २०.१२.१९९४ को हो चुका है और इनकी मृत्यु के उपरांत इन्हे मृत्यु प्रमाण पत्र तहसील कार्यालय से जारी किया जाना है। अत: जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे २४.१२.२०२४ के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक/अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**के.एल. टेकाम**
**तहसीलदार लालबर्रा**

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत बीमाकंन की अंतिम तारीख 31 दिसम्बर

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी मौसम वर्ष 2024-25 में जिले में अधिसूचित फसले पटवारी हल्का स्तर पर गेहूं सि/असि. चना, सरसों तहसील स्तर पर अलसी एवं जिला स्तर में मसूर फसलों पर फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 निर्धारित है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास उपसंचालक श्री राजेश खोबरागढ़े ने बताया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत कृषक अपनी फसल का बीमा सेवा सहकारी समितियां, सरकारी बैंक ग्रामीण बैंक, ग्राहक सेवा केन्द्र एवं स्वयं कृषक फसल बीमा पोर्टल पर जाकर फसल बीमा करा सकते है। कृषकों के लिए प्रीमियम दर रबी मौसम में अनाज, तिलहन एवं दलहन फसलों के लिए बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत प्रीमियम राशि अदाकर अपना पंजीयन करा सकते है। पंजीयन के लिए दस्तावेज में भू-अधिकार पुस्तिका, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं बुवाई प्रमाण पत्र (कृषक द्वारा स्व प्रमाणित) अनिवार्य है। श्री खोबरागढ़े ने जिले के सभी किसानो से अपील है कि वे संबंधित बैंको एवं संस्थाओं में जाकर शीघ्र अपनी फसल का पंजीयन कराना सुनिश्चित करे।

# मोर कॉलोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शहर के वार्ड नंबर 29 मोर कॉलोनी में इन दिनों संगीत में भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, यह आयोजन 8 दिसंबर से शुरू हो गया है जो 14 दिसंबर तक चलेगा, जहां आसपास के श्रद्धालु बड़ी संख्या में आकर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आनंद ले रहे हैं और अलग-अलग दिन भगवान श्री कृष्ण के अवतार का सजीव चित्रण किया जा रहा है। आपको बता दे की इन दिनों वर्ष के समापन पर अलग-अलग समाज सेवी संस्था अपने स्तर पर शहर के वार्डों में अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं, इसी प्रकार शहर के वार्ड नंबर 29 मोर कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है, जहां लांजी के बोलेगाँव से पधारे पंडित दुलीचंद पांडे द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है इसमें अलग-अलग दिन अलग-अलग भगवान श्री कृष्ण के विषय में बताया जा रहा है , यह भागवत कथा 8 दिसंबर से शुरू की गई है जो 14 दिसंबर तक चलेगी, इसमें पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई ,उसके बाद भागवत कथा का वाचन किया गया , सती चरित्र ,भक्त प्रहलाद ,गजेंद्र मोक्ष ,वामन अवतार, रामावतार ,श्री कृष्ण अवतार,



कृष्ण रुक्मणी विवाह, सुदामा भेट सहित कई भगवान श्री कृष्ण के अवतारों की कथा का वाचन किया जा रहा हैं अंतिम दिन 14 दिसंबर को महाआरती और महाप्रसाद का वितरण भी रखा गया है।

# पैदल स्कूल आने-जाने से मिला निजात

## साइकिल पाकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे

कटंगी (पद्मेश न्यूज)।विकासखंड कटंगी के एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला टेकाड़ी (म.) में गुरुवार को 01 बजे एक लघु कार्यक्रम आयोजित कर चिन्हित विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की गई. शासन की मंशा अनुसार जनपद सदस्य पूरनलाल चौधरी, पूर्व सरपंच तुलसीराम चौधरी, पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष खुमान सिंह उइके के हाथों विद्यार्थियों को साइकिलों को वितरण किया गया. जिन विद्यार्थियों को साइकिल प्राप्त हुई उनकी खुशी का ठिकाना देखते ही बन रहा था. साइकिल मिलने से हर दिन 03 से 05 किमी. पैदल चलकर स्कूल आना-जाना करने वाले विद्यार्थियों अब पैदल नहीं चलना पड़ेगा. वह हर दिन साइकिल चलाकर स्कूल आना जाना करेंगे. जिसकी खुशी उनके चेहरे पर साफतौर पर दिखाई दी. इस अवसर पर जनपद सदस्य ने बच्चों से कहा अच्छे



से पढ़ाई कर अपना बेहतर भविष्य बनाएं और माता-पिता क्षेत्र का नाम रोशन करें क्योंकि शिक्षा ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है. इस दौरान प्रधान पाठक उदेश कुमार भैरम, शिक्षिका टिकेश्वरी पटले अतिथि शिक्षक जितेंद्र निनावे, गायत्री बोपचे, त्रिवेणी चौधरी उपस्थित रहे. जनप्रतिनिधियों ने आंचल डोंगरे, प्रतिभा उइके, दिव्या उइके, लक्ष्मी राउत, रिया भलावी, सुहानी उइके, नव्या चौधरी, पल्लवी मेश्राम, टेमेन्द्र परते, शिवम सोनवाने को साइकिल प्रदान की।

**मकान बेचना है**
दो मंजिला
सर्वसुविधायुक्त
डॉ., कोचिंग सेन्टर
होस्टल के लिए उपयुक्त
क्षेत्रफल 2500 वर्गफुट
शिवाय होटल के पीछे
कालीपुतली चौक के पास
-संपर्क करें-
9752340946
9770777043

**आवश्यकता है**
ऑफिस कार्य हेतु बी.ई., बी कॉम., प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण Freshers एवं सी.ए. आर्टिकल, सी.ए. इन्टर फाईनल युवक/युवती की आवश्यकता है। कम्प्यूटर एक्सल की संपूर्ण जानकारी आवश्यक है।
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल द्वितीय तल हनुमान चौक, बालाघाट (मप्र)
मो. 09201340520/09244872544
बायोडाटा देने मिलने एवं फोन लगाने का समय
शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

**आवश्यकता है**
चपरासी की
आवश्यकता है
बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही 25 वर्ष से कम उम्र के युवक/युवती ही संपर्क करें
अनिवार्यतः साइकिल चलाना आना चाहिए
वेतनमान- 10000+
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल हनुमान चौक, मेन रोड बालाघाट (मप्र)
244944 मो. 9201340520,9244872544
मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

**लामता में "पद्मेश"**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

**परसवाड़ा में "पद्मेश"**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोनः- 07632-243531
मोः- 8989976858, 9425139998

# फिर अपने वादे से मुकरी नपा?

## वादा था 7 दिनों में ईडब्ल्यूएस आवास आवंटित करने का, 01महा 07 दिन बीत जाने के बाद भी आवंटित नहीं हुए मकान, 7 साल बाद भी कंप्लीट नही हुआ 01 भी मकान

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान का सपना सजाने वाले हितग्राही नागरिकों को आवास पाने के लिए लंबे समय तक का इंतजार करना पड़ सकता है ।क्योंकि उनके सपनों का एक भी आवास अब तक पूर्ण रूप से तैयार नहीं हुआ है। तो वही रिटर्निंग वॉल ,सड़क बिजली पानी, नाली गार्डन सहित अन्य मूलभूत व्यवस्था भी नहीं बन पाई है। हालांकि 7 नवंबर को कलेक्टर मृणाल मीणा की प्रमुख उपस्थिति में आयोजित की गई नगरी निकाय की बैठक में जिम्मेदार अधिकारियों ने इलेक्ट्रिफिकेशन और फिनिशिंग का काम शुरू होने की बात कहते हुए 7 दिनों के भीतर हितग्राहियों को मकान आवंटित किए जाने की बात कही थी। लेकिन नगरी निकाय की इस बैठक को लगभग 1 माह 7 दिन बीत चुके हैं बावजूद इसके भी अब तक एक मकान भी पूर्ण रूप से तैयार नहीं हुआ है। वही हालात कुछ इस कदर बने हुए हैं कि हितग्राहियों को अपने सपनों के आवास के लिए नए वर्ष 2025 तक का इंतजार करना पड़ सकता है।**



### लक्ष्य से कोसों दूर नजर आ रही योजना

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत बूढ़ी आईटीआई के पीछे बनाए जा रहे एलआईजी/ एमआईजी और ईडब्ल्यूएस मकान अपने लक्ष्य से कोसों दूर है। जहां पक्का आवास का सपना देख रहे सभी हितग्राहियों को अब 2025 के तक उनके सपनों के मकान के लिए इंतजार करना पड़ेगा।क्योंकि शहरी आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2017 से बनाए जा रहे ईडब्ल्यूएस/ एलआईजी/ एमआईजी मकान अब तक पूरे नहीं हो पाए हैं जहां एलआईजी एमआईजी और ईडब्ल्यूएस मकानों की बिल्डिंग बनकर कमप्लिट होना तो दूर की बात अब तक एक भी मकान रहने के लिए पूर्ण रूप से तैयार नही हो पाया है।मतलब साफ है कि वर्ष 2024 के इस अंतिम दौर तक हितग्राहियों को सर्व सुविधा युक्त मकान मिल पाना मुश्किल है बावजूद इसके भी नगरपालिका करीब सवा महा पूर्व 1 सप्ताह के भीतर पूर्ण राशि जमा करने वाले हितग्राहियों को ईडब्ल्यूएस के मकानों का वितरण करने का खोखला दावा कर रही थी।नपा का यह दावा भी कबका फेल हो चुका है।

### 07 वर्षों में एक मकान भी नहीं हो पाया कंप्लीट

आपको बताएं की बूढ़ी आईटीआई के पीछे प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2017 से ईडब्ल्यूएस के 468 ,एलआईजी के 72 तो वही एमआईजी के 96 फ्लैट बनाए जा रहे हैं जिन्हें बनाकर देने का लक्ष्य वर्ष 2020 रखा गया था।लेकिन बीते 07 वर्षों से चले आ रहे इस निर्माण कार्य में आज तक एक भी मकान पूर्ण रूप से रहने के लिए तैयार नहीं हुआ है ।अधूरी बिल्डिंग का निर्माण गुणवत्ता के साथ कराकर अन्य व्यवस्थाएं बनाने , सड़क , पानी, नाली, पावर हाउस, पानी की टंकी, बाउंड्रीवॉल, एंट्रेंस गेट ,विद्युत व्यवस्था, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सहित अन्य व्यवस्थाओं का कार्य अब तक कंप्लीट नहीं किया गया है ऐसे में इस साल के अंत तक हितग्राहियों को मकान देने की बात किसी के गले नहीं उतर रही है।

### पूर्ण राशि देने वालो को पहले मिलेंगे मकान

ईडब्ल्यूएस मकान बुक कराने के लिए 20 हजार रु का टोकन अमाउंट लेने के बाद नपा द्वारा 2 से 3 बार आवास मेंला लगाकर मकान बुक करने वाले हितग्राहियों को लॉटरी की प्रक्रिया के तहत आवास आवंटित कर दिए गए थे लेकिन लगातार हो रही बुकिंग कैंसिल के चलते नपा ने पुराने आवंटन को रद्द कर दिया है वहीं अब नपा पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर मकान आवंटित करने की योजना बना रही है।जिसके मुताबिक अब एलआईजी एमआईजी और ईडब्ल्यूएस की एक एक बिल्डिंग को कंप्लीट कर उसकी बिक्री की जाएगी।जहां पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर एक एक बिल्डिंग को कंप्लीट कर उसका पैसा जमा करने वाले हितग्राहियों को मकान वितरित किए जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पद्धति को मूल रूप देने के लिए 36 फ्लैट वाली ईडब्ल्यूएस बिल्डिंग,12 फ्लैट वाली एमआइजी बिल्डिंग और 24 फ्लैट वाली एलआईसी बिल्डिंग को कंप्लीट करने का कार्य शुरू है।

### अब तक 242 से अधिक हितग्राही रदद् करा चुके है बुकिंग

प्राप्त जानकारी के अनुसार बूढ़ी आईटीआई के पीछे नपा द्वारा ईडब्ल्यूएस मकानों का निर्माण कराया जा रहा है।जिसमें रहने की इच्छा जाहिर कर करीब 582 लोगों ने 20 हजार रु का टोकन देकर ईडब्ल्यूएस मकानों की बुकिंग कराई थी। जिसमें से अब तक 242 से अधिक हितग्राहियों अपनी बुकिंग कैंसिल करा चुके हैं। वहीं बुकिंग कैंसिल कराने वालों की संख्या में लगातार इजाफा देखा जा रहा है लगातार बुकिंग कैंसिल होने से नगरपालिका भी सकते में आ गई है ।

### 25 दिसंबर तक पूर्ण राशि जमा करने वालो को दे देंगे मकान -स्वप्निल जैन

इस पूरे मामले को लेकर की गई औपचारिक चर्चा के दौरान नगरपालिका उपयंत्री स्वप्निल जैन ने बताया कि 55 करोड़ का प्रोजेक्ट बूढ़ी फिल्टर प्लांट के पास प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत चल रहा है। वर्ष 2017 से शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट 2020 में कंप्लीट होना था और उसी वर्ष हितग्राहियों को उनके सपनों का आवाज देना था। लेकिन, 2019 में कोविड आ गया फिर 2 वर्ष कोविड में चले गए। उसके बाद फिर से तेजी से काम शुरू किया गया है।हमारा कार्य प्रगति पर है।मकान कम्प्लीट हो चुके है।विघुत व्यवस्था के लिए टीसी कनेक्शन भी ले लिया गया हैं।अब सिर्फ पानी की व्यवस्था बनानी है।जो कार्य भी अंतिम चरण में है। 25 दिसंबर तक ऐसे हितग्राही जिन्होंने पूरा पैसा जमा कर दिया है उन्हें उनका आवास दे दिया जाएगा।

# भोपाल से मंडल अध्यक्ष के नामो को मिली हरी झंडी

## आज जारी हो सकती है सूची

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। भाजपा में चल रहे संगठन के चुनाव अब अंतिम चरणों पर चल रहे हैं एवं जो मंडलों से रायशुमारी कर भेजे गए नाम थे, उस पर अंतिम मोहर लग चुकी है और संगठन द्वारा अब कभी भी मंडल अध्यक्षों के नाम की घोषणा की जा सकती है, तो वही बालाघाट के बनाए नये मंडल पर गहमा गहमी रही और दावेदारों द्वारा सहमति नहीं मिलने को लेकर काफी उठा पटक भी देर शाम तक चलते रहा और जहां वरिष्ठों द्वारा दिए गए निर्देश को पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा रायशुमारी ना करके सहमति नहीं देने पर काफी तनाव देखने को मिला है ,वही अब भाजपा कभी भी सूची जारी करने वाली है। आपको बता दे कि भाजपा, आज जिले के 37 मंडल अध्यक्षो के नामो की घोषणा कर सकती है, भाजपा संगठन के सूत्र बताते है कि मंडल अध्यक्षो की रायशुमारी के बाद पर्यवेक्षक और चुनाव प्रभारी द्वारा लेकर गए मंडल अध्यक्षों के नामों को प्रदेश नेतृत्व से हरी झंडी मिल गई है। जिसके बाद अब कभी भी मंडल अध्यक्ष के नामों की घोषणा हो सकती है। गौरतलब हो कि गत 11 और 12 दिसंबर को चुनाव पर्यवेक्षक और जिला चुनाव प्रभारी ने, मंडल अध्यक्षों के नामो के पैनल पर, मंडल सहयोगी, क्षेत्रीय पदाधिकारी, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी और संगठन के वरिष्ठ लोगों से चर्चा की। जिसके बाद पैनल में आए नामों पर एक नाम को चयनित कर उसे, प्रदेश नेतृत्व को भेजा गया। जहां से सभी मंडल अध्यक्ष के नामों पर सहमति मिल गई है। जिसके बाद, भाजपा संगठन आज 13 दिसंबर को दोपहर तक, मंडल अध्यक्षों के नामो की घोषणा कर सकता है। दरअसल, 12 दिसंबर को शाम को मंडल अध्यक्ष के नामों की घोषणा हो जाने की चर्चा तेजी से शहर में होने लगी। जब इस चर्चा को लेकर, संगठन के जिम्मेदारों से चर्चा की गई तो उन्हें इस चर्चा को भ्रामक बताते हुए कहा कि प्रदेश संगठन के निर्देश पर शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष की घोषणा संभावित है। चूंकि भाजपा के संगठन पर्व के तहत दिसंबर माह तक संगठन के जिलाध्यक्ष के चुनाव कराया जाना जरूरी है, चूंकि बालाघाट में मंडल अध्यक्ष के नामों की घोषणा, अब तक नहीं हो सकी है, जबकि अन्य जिलो में, संगठन ने मंडल अध्यक्षों के नामो को घोषित कर दिया है। जिससे भाजपा में



जल्द से जल्द मंडल अध्यक्षों के नामो की घोषणा होना है। जिसको लेकर पार्टी सूत्रों का कहना है कि आज भाजपा मंडल अध्यक्षों की घोषणा हो सकती है और यदि किसी कारणवश यह आज नहीं भी हो सका तो घोषणा कल तक के लिए टाली जा सकती है। फिलहाल जिले में भाजपा संगठन पर्व के द्वितीय चरण में हुए मंडल अध्यक्षो के चुनाव में दावेदारों को भी सूची का बेसब्री से इंतजार है।

### देर शाम तक रहा गहमा गहमी का माहौल

मंडलो के अध्यक्षों के नामों पर रायशुमारी के बाद बालाघाट मंडल में दो मंडल होने पर अंतिम समय तक कुछ नाम पर सहमति नहीं बनने के बाद भाजपा कार्यालय में काफी गहमा गहमी का भी माहौल देखने को मिला हालांकि वरिष्ठों के निर्देश को भी देखा गया एवं दोनों ही बालाघाट के मंडलों पर रायशुमारी के बाद बालाघाट नगर मंडल में गौरी लिल्हारे का नाम सबसे ऊपर माना जा रहा है, तो वहीं दूसरे उत्तर बालाघाट मंडल में रमाकांत का नाम सबसे ऊपर चल रहा है।

# आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश में पहले स्थान पर बालाघाट

## जिला पंचायत सीईओ ने कहा लक्ष्य पूरा करने सतत की जा रही मानिटरिंग, आयुष्मान कार्ड से इलाज करने वाले निजी अस्पताल के नाम भी होंगे सार्वजनिक

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश में पहले स्थान पर बालाघाट आ गया है जिसकी पूरी मानिटरिंग जिला पंचायत सीईओ और कलेक्टर द्वारा की जा रही है, साथ ही बीते दिनों कुछ 70 प्लस के बुजुर्गों द्वारा प्रशासन से यह मांग की गई थी कि जिले में कौन कौन से अस्पताल आयुष्मान कार्ड से इलाज कर रहे हैं और कौन कौन सी बीमारियों के इलाज होंगे इन सब की जानकारी सार्वजनिक की जाए, जिस पर जिला पंचायत सीईओ द्वारा बताया गया कि जल्द ही बुजुर्गों की मांग पर स्वास्थ्य विभाग को बोलकर अस्पतालों और उनकी बीमारियों से संबंधित जानकारी को सार्वजनिक की जाएगी और इसे जल्द ही वह टीएल की बैठक में रखेंगे। आपको बता दे कि देश में 70 प्लस बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड बनाने, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐलान के बाद जिले में 03 नवंबर से आयुष्मान कार्ड बनाने का काम लगातार प्रगतिरत है। जिले को मिले 65900 आयुष्मान कार्ड के लक्ष्य में 12 दिसंबर तक 41289 कार्ड बनाए जा चुके है। जिले में 70 प्लस के लोगों को 5 लाख तक का स्वास्थ्य उपचार फ्री में देने, आयुष्मान कार्ड बनाने में, जिला पूरे प्रदेश में अव्वल अर्थात प्रथम स्थान पर है। जिले में जरूर कुछ आयुष्मान कार्ड पेंडिंग में है, लेकिन प्रशासन का कहना है कि पेंडेसी भी खत्म कर जल्द ही लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने का काम मिशन मोड में किया जा रहा




है, जिसकी कलेक्टर मृणाल मीणा और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, स्वयं मानिटरिंग कर रहे है। प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी इस योजना के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करने के लिए जिले में जनपदो को क्लस्टर में बांटा गया है, जिसमें क्लस्टर प्रभारी और सहायक क्लस्टर ग्रामो में सचिव, जीआरएस, एएनएम, सीएचओ से कोआर्डिनेट कर इसकी जानकारी ले रहे है। हालांकि यह लक्ष्य, वह है, जिसकी सूची जिला प्रशासन को मिली है, जबकि इसके इत्तर भी ऐसे और भी 70 प्लस के लोग है, जिनका नाम सूची में नहीं है, जिसकी जानकारी भी प्रशासन जुटा रहा है।

### आयुष्मान कार्ड से इलाज होने वाले अस्पताल के नाम होंगे सार्वजनिक

जिस प्रकार बीते दिनों 70 प्लस के बुजुर्गों द्वारा प्रशासन से मांग की जा रही थी कि जिस प्रकार से बड़े स्तर पर प्रशासन द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, किंतु अभी भी बहुत से लोगों को आयुष्मान कार्ड से किन अस्पतालों में शहर में इलाज होना है, इसकी जानकारी नहीं है साथ ही बहुत से अस्पतालों में कौन कौन सी बीमारी के इलाज किस अस्पताल में आयुष्मान कार्ड के जरिए किया जाना है, इसकी भी जानकारी नहीं है इस पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ द्वारा बताया गया कि यह सही बात है कि अभी भी लोगों में किन बीमारियों का इलाज किस अस्पताल में होना है इसको लेकर स्पष्ट नहीं हुआ है और वह इस मामले में प्रशासन की होने वाली टीएल बैठक में इस विषय को रखेंगे और स्वास्थ्य विभाग को बोलकर शहर के निजी अस्पताल और उनमें आयुष्मान कार्ड के द्वारा इलाज होने वाली बीमारियों के नाम को सार्वजनिक करने का कार्य करेंगे ताकि हितग्राहियों को इसमें परेशानी ना हो।

### बालाघाट जिले की रैकिंग प्रथम है - अभिषेक सराफ

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ ने बताया कि आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रूपये तक फ्री में ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिले में मिशन मोड पर काम कर रहा है, बालाघाट जिले की रैकिंग प्रथम है, जिले में अभियान बनाने का काम जारी है और प्रगति आ रही है। निकाय और जनपदो को क्लस्टर में बांट दिया गया है। जिसमें प्रशासनिक अमला मिलकर काम कर रहा है। एक सवाल के जवाब में सीईओ अभिषेक सराफ ने बताया कि यह जानकारी हमें भी है कि कई 70 प्लस के बुजुर्गो के मोबाईल नंबर आधार कार्ड से लिंक नहीं होने के कारण, आधार कार्ड से मोबाईल लिंक कराने के दौरान फिंगर, आंखे और फेस मैच नहीं हो पा रहा है, जिससे उन्हें आयुष्मान कार्ड बनाने में दिक्कतें आ रही है। इसके लिए यूआईडीएआई से मार्गदर्शन चाहा गया है।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

## आपसी सहमति से प्रकरणों का होगा निराकरण

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 दिसंबर दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है।जहा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश चन्द्र थपलियाल के कुशल मार्गदर्शन में आपसी समझौते के तहत लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।जहा लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए जिले भर में 19 खंडपीठ का गठन किया गया है।जिसमें जिला न्यायालय बालाघाट में 09 खंडपीठ, सिविल न्यायालय बैहर में 03 खण्डपीठ, सिविल न्यायालय कंटगी में 02 खंडपीठ, सिविल न्यायालय लांजी हेतु 01 खंडपीठ और सिविल न्यायालय वारासिवनी में 06 खंडपीठ बनाए गए है। जिसमें आपसी समझौता वाले प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।जिसके चलते लंबित प्रकरणों का बोझ कम होगा तो वहीं दूसरी ओर पक्षकारों को राहत भी मिलेगी। जिसकी तमाम जानकारी गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी गई।**



### इन प्रकरणों का होगा निराकरण

शनिवार 14 दिसंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकरणों पर सुनवाई कर आपसी समझौते के तहत उनका निराकरण किया जाएगा जिसमें आपराधिक शमनीय प्रकरण, पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक/मनी रिकवरी संबंधी मामलें , एम.ए.सी.टी. प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण एवं जल कर / विद्युत चोरी सहित शमनीय प्रकरण और दीवानी इत्यादि विभिन्न प्रकृति के महत्वपूर्ण मामलें रखे जाएगे। इसके अलावा प्रीलिटिगेशन (मुकदमापूर्व) के अंतर्गत - पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, श्रम विवाद संबंधी मामले तथा विद्युत एवं जल कर / बिल संबंधी (सिर्फ शमनीय प्रकरण).बिल संबंधी प्रकरण, आपराधिक शमनीय प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, दीवानी इत्यादि सभी प्रकार के मामले लोक अदालत में निराकरण हेतु विचारार्थ रखे जायेगें।

### विभागों से मंगाई गई प्रकरणों की जानकारी

बताया जा रहा है कि नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए बीमा कंपनी, बैंक, विद्युत एवं नगरपालिका सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।ताकि अधिक से अधिक प्रीलिटिगेशन प्रकरण निराकरण के लिए रखे जा सकें। वही नेशनल लोक अदालत का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार पैरालीगल वालेन्टियर्स के माध्यम से कराया जा रहा है।

### अधिक से अधिक प्रकरणों के निपटारे की रहेगी कोशिश- गुर्जर

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान जिला न्यायाधीश सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि 14 दिसंबर शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है इसमें राजीनामा योग्य मामले पर सुनवाई कर आपकी सहमति से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए जिले भर में 19 खंडपीठ का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि बैंक, विद्युत विभाग, बीमा कंपनी, नगरपालिका सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर वहां से प्रकरण मंगाए जा रहे हैं।हमारी कोशिश रहेगी कि इस लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण रख, उन प्रकरणों का अधिक से अधिक निपटाया किया जा सके।इसकी व्यापक तौर पर तैयारियां कर ली गई है।

### प्राकृतिक आपदा से हुई मृत्यु पर आर्थिक सहायता स्वीकृत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। एसडीएम वारासिवनी श्री राजीव रंजन पाण्डेय ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6/4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा अंतर्गत आकस्मिक रूप से हुई मृत्यु पर आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। 16 जून 24 को ग्राम नोनसा तहसील खैरलांजी निवासी सुअनुज गोंड की ग्राम कामथी स्थित तालाब के पानी मे डूबने से मृत्यु हो गई थी। जिसके उपरांत मृतक के पिता नंदकिशोर गोंड को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# श्री शिव साईं मंदिर का वार्षिक उत्सव प्रारंभ

## 108 कलश शोभायात्रा के साथ शहर में निकाली गई साईं पालकी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। श्री शिव साईं मंदिर में श्री साईं बाबा की प्रतिमा स्थापना के 18 वर्ष पूर्ण हुए हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर श्री शिव साईं मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन 12 से 14 दिसम्बर तक किया गया है। जिसकी शुरुवात आज गुरुवार 12 दिसंबर को नगर में की गई। जहां वार्षिक उत्सव के पहले दिन गुरुवार की शाम श्री शिव साईं मंदिर से 108 कलश यात्रा और साईं पालकी शोभायात्रा निकाली गई। जहां धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ 108 कलश यात्रा व श्री साईं बाबा की पालकी शोभा यात्रा में भक्तगण झूमते गाते हुए नजर आए आए। इस शोभायात्रा ने 108 कलश, झांकी, लाईटिंग, रथ, बैंड, घोडे आदि के साथ शहर का भ्रमण किया।शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर महावीर चौक, मेन रोड होकर राजघाट चौक, काली पुतली चौक, आंबेडकर चौक से गोंदिया रोड होते हुए हनुमान मंदिर से मेन रोड होते हुए सुभाष चौक, महावीर चौक होते हुये वापस श्री शिव साईं मंदिर पहुंच संपन्न हुई। जहां ध्वजा रोहण कर महा आरती, प्रसाद वितरण सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए गए ।

### आज और कल भी विभिन्न कार्यक्रमों के होंगे आयोजन

इसी तरह श्री शिव साईं मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान 13 दिसंबर शुक्रवार को प्रातः 5 बजे श्री साईं बाबा की काकड़ आरती, 07 बजे मंदिर में उपस्थित सभी साईं भक्तों से अभिषेक, 8 बजे से कुशा के 16 खंबों के बने विशेष पूजन मंडप में शिर्डी के विद्वान पुरोहित पूर्ण वैदिक विधि विधान से पूजन करेंगे, शाम 6 बजे हवन व आरती उपरांत द्वितीय दिवस की पूजन का समापन होगा।इसी तरह14 दिसंबर को प्रातः 6 बजे श्री साईं बाबा का अभिषेक, दोपहर 12 बजे पूर्ण आहूति, 56 भोग का प्रसाद , व आरती के बाद महा भंडारा प्रारंभ होगा, जो देर रात्रि तक अनवरत चालू रहेगा। इस अवसर



पर श्री शिव सांई मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने सभी साईं भक्तों से उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आव्हान किया है।

### 2006 से चली आ रही परम्परा- प. शिवकुमार

आयोजन को लेकर की गई चर्चा के दौरान श्री शिव साईं मंदिर पुजारी प.शिवकुमार त्रिवारी ने बताया कि आज से करीब 18 वर्ष पूर्व, 2006 में यहां श्री शिव साईं की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी।उसी के तहत 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।वही परम्परा आज भी निभाई जा रही है।जहा प्रतिवर्ष 12, 13, और 14 दिसंबर को श्री शिव साईं का वार्षिक उत्सव मनाया जाता है।जहा प्रतिवर्ष कलश यात्रा, पालकी यात्रा, हवन, पूजन, तप, यज्ञ, 56 भोग , महा आरती, दूध व जल से बाबा का अभिषेक व विशाल भंडारा सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान कराए जाते है।जिसका समापन 14 अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा।

# लालबर्रा से जाम पहुंच मार्ग का हुआ पेंच कार्य, कुछ दिनों में ही उखड़ने लगी सड़क

## मार्ग का किया जाना था नवीनीकरण, विभाग ने मरम्मत कार्य कर की खानापूर्ति, आक्रोश व्याप्त, ग्रामीण एवं राहगीरों ने गुणवत्ताहीन सड़क का पेंच कार्य करवाने का प्रशासन पर लगाया आरोप, नवीन निर्माण की मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा से टेंगनीकला-जाम पहुंच मार्ग का पेंच कार्य गत दिनों प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से करवाया गया है परंतु इस पेंच कार्य की पोल कुछ दिनों में ही खुलने लगी है। सड़क के पेंच कार्य के दौरान गड्डे को भरे गये थे वे कुछ दिनों में ही उखड़ने लगे है और उसकी गिट्टियां भी बाहर निकलने लगी है जिससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि मार्ग का पेंच कार्य में अनियमितता बरती गई है। इस तरह प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा नवीनीकरण सड़क निर्माण के स्थान पर गड्डों को भरकर खानापूर्ति की गई है जिससे मार्ग किनारे निवासरत लोगों एवं राहगीरों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। वहीं ग्रामीण एवं राहगीरों ने प्रशासन पर सड़क का मरम्मत (पेंच) कार्य गुणवत्ताहीन करवाने का आरोप लगाते हुए जल्द गुणवत्तापूर्ण नवीन सड़क निर्माण करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की है। आपकों बता दे कि लालबर्रा से टेंगनीकला-जाम पहुंच मार्ग का विगत वर्ष पूर्व डामरीकरण सड़क का निर्माण किया गया था परन्तु गुणवत्ताहीन सड़क का निर्माण होने से आने-जाने वालों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था एवं दुर्घटनाएं भी घटित हो रही थी और सड़क के खस्ताहाल होने के कारण आवागमन में हो रही परेशानियों से निजात दिलवाने के लिए ग्रामीणजन एवं राहगीरों ने शासन-प्रशासन से लालबर्रा से टेंगनीकला-जाम पहुंच मार्ग का नवीन निर्माण करवाने की मांग किये थे और मांगे पूरी नही होने पर कठोर कदम उठाने की चेतावनी भी दिये थे। जिसके बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के अधिकारी हरकत में आये और गत दिवस मार्ग में जगह-जगह बने गड्डों की खुदाई कर सड़क का पेंच कार्य करवाया गया है परन्तु यह कार्य भी गुणवत्तापूर्ण नही किया गया है। जिसके कारण सड़क में बने गड्डों का पेंच कार्य होने के कुछ दिनों बाद ही सड़क खराब होने लगी है। जिससे ऐसा लग रहा है सड़क विभाग के द्वारा मरम्मत (पेंच) कार्य के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है। जबकि यह एक व्यस्तम मार्ग है और इस मार्ग से दर्जनों ग्राम के ग्रामीणजन एवं छात्र-छात्राएं व राहगीर रोजाना आवागमन करते है जिन्हे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए नवीन सड़क निर्माण की मांग की जा रही है। चर्चा में राहगीर एवं ग्रामीणों ने बताया कि लालबर्रा से टेंगनीकला-जाम पहुंच मार्ग एक व्यस्तम मार्ग है जो २४ घंटे चलता है। इस मार्ग से दर्जनों ग्राम के ग्रामीणों के द्वारा रोजाना आवागमन किया जाता है। वहीं यह मार्ग लालबर्रा से लामता और लामता से मंडला इस तरह दो जिलों को आपस में जोड़ता है एवं मार्ग खराब होने के कारण आवागमन करने में बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ता था एवं दुर्घटनाएं भी घटित होते रहती है। साथ ही यह भी बताया कि गुणवत्तापूर्ण नवीन सड़क का निर्माण किये जाने की लंबे समय से मांग की जा रही थी परन्तु सड़क का नवीनीकरण के स्थान पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा गड्डों को भरकर सिर्फ खानापूर्ति की गई है एवं जो पेंच कार्य किया गया है वह गुणवत्ता युक्त नहीं किया गया और जो गड्डे ठेकेदार के द्वारा भरे गये थे वे कुछ ही दिनों में ही उखड़ना प्रारंभ हो गये है। जिससे जल्द ही सड़क खराब हो जायेगी एवं दुर्घटनाएं भी घटित होगी इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि गुणवत्ताहीन पेंच कार्य करने वाले कर्मचारी पर कार्यवाही कर गुणवत्तापूर्ण नवीन सड़क का निर्माण करवाये।





### मरम्मत के नाम पर किया गया है थूक पॉलिस - संतोष

संतोष बघेल ने बताया कि लालबर्रा से टेंगनीकला-जाम पहुंच मार्ग खराब होने से आवागमन करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था एवं दुर्घटनाएं भी घटित हो रही थी। जिससे सभी परेशान थे और राहगीर व ग्रामीणजन नवीन सड़क का निर्माण करवाने की मांग कर रहे थे परन्तु प्रशासन के द्वारा नवीन सड़क का निर्माण न करते हुए सड़क में बने गड्डों का मरम्मत के नाम पर थूक पॉलिस किया गया है, वह कार्य भी गुणवत्ताहीन किया गया है जिसके कारण कुछ ही दिनों में डामर व गिट्टी उखड़ने लगी है और जल्द ही सड़क खराब हो जायेगी। श्री बघेल ने बताया कि यह मार्ग लालबर्रा से जाम होते हुए लामता, नैनपुर की ओर जाती है और दर्जनों ग्रामों के ग्रामीणजन इसी मार्ग से आवागमन करते है इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि चौड़ीकरण कर नवीन सड़क का निर्माण करवाये ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।



### जल्द खराब हो जायेगी सड़क - कमलेश

कमलेश हरडे ने बताया कि सड़क का निर्माण विगत वर्ष पूर्व किया गया था परन्तु निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने के कारण जगह-जगह बड़े-बड़े गड्डे बन गये थे जिसके कारण आने-जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था इसलिए प्रशासन के द्वारा सड़क का मरम्मत (पेंच) कार्य करवाया गया है परन्तु यह कार्य गुणवत्तापूर्ण नही किया गया है। जिसके कारण मरम्मत (पेंच) कार्य के कुछ दिनों बाद ही सड़क उखड़ने लगी है जबकि गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य होना चाहिए था। श्री हरडे ने बताया ने बताया कि इस मार्ग से दुपहिया, चौपहिया सहित अन्य बड़े वाहन भी गुजरते है, साथ ही दो दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू हो चुकी है, धान के परिवहन के लिए ट्रक भी चलेगें। इस तरह से ओवरलोड वाहनों के चलने से सड़क जल्द खराब हो जायेगी और सड़क की चौड़ाई भी बहुत कम है। साथ ही दो बड़े वाहनों को क्रास होने में परेशानी होती है ऐसी स्थिति में हर समय दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। साथ ही सीधा व कम दुरी वाला मार्ग होने के कारण जाम, घोटी, पिपरिया, छिंदलई, लामता सहित अन्य ग्रामों के ग्रामीणजन, छात्र-छात्राएं भी इसी मार्ग का अधिक उपयोग आने-जाने में करते है इसलिए प्रशासन से मांग है कि सड़क का गुणवत्तापूर्ण निर्माण करवाये एवं मरम्मत कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी पर कार्यवाही करें।



# ओरीएंटल कालेज में तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता जारी, समापन आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के बालाघाट रोड़ ग्राम बकोड़ा के समीप स्थित ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इस्टीटयूट कालेज में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार गत ११ दिसंबर से तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता जारी है, जिसका समापन १३ दिसंबर को विभिन्न प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण के साथ किया जायेगा। आयोजित तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता में क्रिकेट, व्हॉलीवाल, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं शामिल होकर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। साथ ही अंतिम दिन १३ दिसंबर को खाना खजाना सहित अन्य प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। चर्चा में ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इस्टीटयूट कालेज लालबर्रा के संचालक डॉ. एचसी हनवत ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय में ११ दिसंबर से तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता जारी है जिसका समापन आज किया जायेगा और आयोजित खेल-कूद प्रतियोगिता में क्रिकेट, व्हॉलीवाल, शतरंज, कैरम, कबड्डी, खो-खो सहित अन्य प्रतियोगिता करवाई जा रही है। साथ ही यह भी बताया कि इस खेल-कूद प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं में पढ़ाई के साथ ही खेल-कूद के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी और इस तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन १३ दिसंबर को समारोहपूर्वक किया जायेगा। इस अवसर पर ओरीएंटल ग्रुप ऑफ इंटीट्यूट कालेज लालबर्रा के संचालक डॉ. एचसी हनवत, उपसंचालक ऐश्वर्य बिसेन, क्रीडा प्रभारी गुणेन्द्र बिसेन, शीतल बिसेन सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।





# लालबर्रा से बालाघाट एवं वारासिवनी मार्ग पर सुखे पेड़ दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

## राहगीर एवं ग्रामीणजनों ने सुखे पेड़ को कटवाने की शासन-प्रशासन से की मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा से बालाघाट एवं बकोड़ा से वारासिवनी हाईवे मार्ग के ग्राम खमरिया के समीप सड़क किनारे, बकोड़ा के पास सहित अन्य स्थानों पर दोनों ओर स्थित कुछ विशालकाय पेड़ पूरी तरह से सुख चुके है जो किसी भी समय टूटकर रोड़ के ऊपर गिर सकते है। जिससे बड़ा हादसा होने का भय बन हुआ है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा इस सुखे हुए पेड़ को कटवाने की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे राहगीरों एवं ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। आपकों बता दे कि लालबर्रा से बालाघाट एवं वारासिवनी हाईवे मार्ग के दोनों ओर विभिन्न प्रजाति के पेड़ है जिसमें बकोड़ा, मिरेगांव एवं खमरिया के समीप मार्ग के दोनों ओर स्थित कुछ पेड़ एवं उनकी बड़ी शाखाएं सुख चुके है जिसे काटकर व्यवस्थित किये जाने प्रशासन को कई बार अवगत भी करवा दिया गया है परन्तु कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जबकि इस मार्ग से रोजाना बड़े-छोटे वाहनों से लोग आना-जाना करते है इस दौरान अगर सूखे पेड़ की शाखाएं आने-जाने वाले लोगों के ऊपर टूटकर नीचे गिरती है तो बड़ा हादसा घटित हो सकता है इसलिए ग्रामीणजनों एवं राहगीरों ने शासन-प्रशासन से सुखे पेड़ की जो शाखाएं रोड़ के ऊपर आ गई है उसे काटकर अलग किये जाने की मांग की है ताकि भविष्य में किसी प्रकार का हादसा घटित न हो सके। चर्चा में राहगीरों ने बताया कि लालबर्रा से बालाघाट एवं बकोड़ा से वारासिवनी मार्ग पर स्थित कुछ विशालकाय पेड़ पूरी तरह से सुख चुके है एवं रोड़ की ओर झुकाव अधिक है जिसके गिर जाने से कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है। जबकि लालबर्रा से बालाघाट एवं वारासिवनी रोड़ से सिवनी, बालाघाट, गोंदिया, वारासिवनी, रामपायली, तुमसर, भंडारा व खैरलांजी सहित अन्य स्थानों से लोग रोजाना बड़ी संख्या में आवागमन करते है उन्हे उक्त पेड़ के गिरने का डर भी सताते रहता है। जिन्होने शासन-प्रशासन से लालबर्रा से वारासिवनी मार्ग के दोनों ओर सुख चुके पेड़ जिनकी शाखाएं रोड़ के ऊपर आ गये है उन्हे कटवाने की मांग की है। वहीं दूरभाष पर एमपीआरडीसी के महाप्रबंधक दीपक आड़े से लालबर्रा से बालाघाट एवं बकोड़ा से वारासिवनी मार्ग के कुछ स्थानों पर रोड़ किनारे स्थित सुखे पेड़ व शाखाओं को कटवाने के संबंध में चर्चा करने का प्रयास किया गया है परन्तु संपर्क नही हो पाया।





# किसान हाथ और सिर में काली पट्टी बांधकर बेचेगें धान - किसान संगठन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। किसानों के द्वारा सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में एवं धान का समर्थन मूल्य ३१०० रूपये, गेंहू का २७०० रूपये प्रति क्विंटल एवं कृषि कार्य के लिए २४ घंटे बिजली दिये जाने की मांग को लेकर गत २ दिसंबर से धरना प्रदर्शन के साथ ही आंदोलन किया जा रहा है परन्तु सरकार किसानों की मांग की ओर कोई ध्यान नही दे रही है, जिससे किसानों में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। वहीं समर्थन मूल्य २३०० रूपये प्रति क्विंटल की दर से विक्रय करने की अंतिम तिथि २० जनवरी है ऐसी स्थिति में किसान अपनी उपज विक्रय नही करेगें तो उन्हे नुकसान हो सकता है इसलिए किसान संगठन के द्वारा बैठक आयोजित कर निर्णय लिया गया है किसान हाथ और सिर में काली पट्टी बांधकर खरीदी केन्द्रों में धान विक्रय कर सरकार का विरोध करेगें। जिसकी जानकारी किसान संगठन के द्वारा लालबर्रा विश्राम गृह में गुरूवार की शाम ७ बजे प्रेसवर्ता आयोजित कर दी गई और किसानों से अपील की गई है कि धान का समर्थन मूल्य ३१०० रूपये दिये जाने, २४ घंटे बिजली कृषि कार्य के लिए प्रदाय करने की लड़ाई निरंतर जारी रहेगी किन्तु किसान १३ दिसंबर से हाथ और सिर में काली पट्टी बांधकर खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर अपनी उपज विक्रय करें, आगामी समय में किसान संगठन के द्वारा भोपाल स्तर पर आंदोलन कर मुख्यमंत्री को मांगों से अवगत करवाकर पूरा करवाने का प्रयास किया जायेगा। किसान धनेन्द्र गौतम ने बताया कि बालाघाट में जिले के १० ब्लाकों में किसान संगठन के द्वारा गत २ दिसंबर से धान का समर्थन मूल्य ३१०० रूपये दिये जाने सहित अन्य मांगों को लेकर किसान धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन कर रहे है। साथ ही यह भी बताया कि किसानों को अपनी उपज विक्रय करने के लिए ज्यादा दिनों तक नही रोक सकते इसलिए गुरूवार को बालाघाट में सभी १० विकासखण्ड के किसान संगठन के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें निर्णय लिया गया है कि हमारी लड़ाई निरंतर रूप से जारी रहेगी परन्तु किसान १३ दिसंबर से अपनी उपज विक्रय खरीदी केन्द्रों में काले झंड़े, हाथ में काली पट्टी बांधकर करेंगें और जब तक हमारी मांगे पूरी नही होगी यह लड़ाई निरंतर रूप से जारी रहेगी। जिला पंचायत सदस्य डुलेन्द्र ठाकरे ने बताया कि सरकार की वादाखिलाफी एवं धान का समर्थन मूल्य ३१०० रूपये नही मिलने के कारण गत २ दिसंबर से २३०० रूपये प्रति क्विं की दर से धान खरीदी शुरू हुई है परन्तु किसी भी किसान ने अपनी उपज नही बेचें है एवं १० दिसंबर को लालबर्रा में आंदोलन किया था। साथ ही यह भी बताया कि खरीदी प्रारंभ हुए १० दिन बीत जाने के बाद किसानों का धीरे-धीरे संयम टूटते जा रहा था इसलिए जिलेभर के सभी किसान संगठन के पदाधिकारी बालाझाट के पवार छात्रावास में एकत्रित हुए और सभी ने निर्णय लिया है कि धान को व्यवस्थित रूप से सोसायटियों में बेची जायेगी एवं किसानों का आंदोलन जारी रहेगा ओर जब तक सरकार ३१०० रूपये प्रति. क्विं. धान का दाम नही देती है किसान शांत नही बैठेगा इसलिए किसानों से अपील है कि संगठन के निर्णयानुसार अपनी उपज विक्रय करें और सरकार से अपनी मांगों की लड़ाई लड़ते रहे। इस अवसर पर किसान संगठन के पदाधिकारी एवं किसानगण उपस्थित रहे।



# दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने एवं नवीनीकरण के लिए शिविर आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत कार्यालय में सामाजिक न्याय विभाग के निर्देशानुसार १३ दिसंबर को प्रात: १० बजे से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने एवं नवीनीकरण के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए सामाजिक न्याय विभाग लालबर्रा के ब्लाक समन्वयक आकाश बोकड़े ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में शत-प्रतिशत दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण जारी किये जाने है इसलिए दिव्यांगजनों का प्रमाण पत्र एवं नवीनीकरण किया जाना है और उनके चिन्हांकन एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान करने विकासखण्ड स्तर पर परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में १३ दिसंबर को प्रात: १० बजे से लालबर्रा जनपद पंचायत में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने एवं नवीनीकरण के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं तकनीकी विशेषज्ञों के द्वारा जांच कर उनके प्रमाण पत्र बनाये जायेगें। इस एक दिवसीय दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने एवं प्रमाण पत्रों के नवीनीकरण के लिए आयोजित की गई शिविर में लालबर्रा क्षेत्र में दिव्यांगजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ लेने की अपील सामाजिक न्याय विभाग लालबर्रा के ब्लाक समन्वयक आकाश बोकड़े ने की है।



# आज सुपुर्दे खाक होंगे मोहम्मद उस्मान खान

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत अमोली के वार्ड नं. १८ निवासी ८४ वर्षीय मोहम्मद उस्मान खान का १२ दिसंबर को शाम ४ बजे ग्राम निलजी में इंतेक़ाल हो गया। १३ दिसंबर को बाद नमाजे जुमा उनकी जनाजे की नमाज अदा की जायेगी एवं स्थानीय आमाटोला लालबर्रा स्थित कब्रस्तान में उन्हें सुपुर्दे खाक कर मगफिरत की दुआएं की जायेगी। मो. उस्मान खान विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ थे एवं १२ दिसंबर की शाम ४ बजे अचानक तबियत अधिक खराब होने से उनका इंतेकाल हो गया। जिनके इंतेक़ाल की खबर से क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया है। सरल एवं मिलनसार स्वभाव के धनी मरहूम मोहम्मद उस्मान खान ने हमेशा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सहभागिता दी एवं समय समय पर युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करते रहे और उन्होंने लोक निर्माण विभाग लालबर्रा में टाईम कीपर के पद पर लगभग ३५ वर्षों तक अपनी सेवाएं दी। वे अपने पीछे दो पुत्र अजीज खान, अकरम खान, दो पुत्री शाइन खान, शबाना खान एवं बहुओं, दामादों व नाती-पोतों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। १३ दिसंबर को बाद नमाजे जुमा उनकी जनाजे की नमाज अदा की जायेगी एवं स्थानीय आमाटोला लालबर्रा स्थित कब्रस्तान में उन्हें सुपुर्दे खाक कर मगफिरत की दुआएं की जायेगी।



# कांग्रेसियों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

## विधायक पर 15 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाने वाले पर कठोर कार्यवाही करने की मांग





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के कांग्रेस पदाधिकारी और सदस्यों के द्वारा १२ दिसंबर को थाना प्रभारी बिभेन्दु व्यंकट टांडिया को ज्ञापन देकर विनोद मिश्रा निवासी वार्ड नंबर ७ वारासिवनी के द्वारा वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र के विधायक विवेक पटेल के विरुद्ध सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर उनके विरुद्ध अपराध दर्ज करने की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेखित है कि विनोद मिश्रा के द्वारा नगर के विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप पर वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल के विरुद्ध सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए भ्रामक पोस्ट की गई है। जिसमें उनके द्वारा विधायक के खिलाफ यह भ्रामक पोस्ट की गई है विधायक निधि की राशि से कार्य स्वीकृत करने हेतु १५ प्रतिशत कमिशन विधायक विवेक पटेल को देना होता है। जिससे विधायक पद की प्रतिष्ठा धूमिल कर एक गंभीर अपराध कारित किया गया है। आम जनमानस में यह कयास लगाया जा रहा है कि उक्त व्यक्ति के द्वारा वारासिवनी विधायक विवेक पटेल के विरुद्ध ही इस प्रकार की भ्रामक पोस्ट डाली गई है। क्योंकि विनोद मिश्रा के द्वारा लगातार वारासिवनी विधायक के विरुद्ध सोशल मीडिया का उपयोग कर उनकी प्रतिष्ठा धूमिल करने का प्रयास करते हुए अनर्गल पोस्ट डाली जाती है। जिससे जनमानस की भावना आहत होती है वर्तमान में जो विधायक विवेक पटेल से संबंधित भ्रामक पोस्ट डाली गई है उससे कभी भी किसी भी प्रकार का माहौल भड़कने की संभावना है। विनोद मिश्रा के द्वारा पूर्व में भी कई गणमान्य व्यक्तियों के विरोध अनर्गल शब्दों का प्रयोग करते हुए भ्रामक पोस्ट डाली गई है जिस पर पुलिस के द्वारा हिदायत देकर छोड़ा गया था। किंतु उक्त व्यक्ति के व्यवहार में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं आ रहा है वर्तमान में विधायक जैसे पद को लेकर कमीशन खोरी की बात बिना किसी आधार के पोस्ट की गई है। जिससे उक्त व्यक्ति के विरुद्ध अपराध पंजीकृत किया जाना आवश्यक होगा। विधायक जैसे पद के विशेषाधिकार हनन का कार्य भी उक्त व्यक्ति के द्वारा लगातार अपनी पोस्ट के माध्यम से किया जा रहा है। उनकी पोस्ट विवाद का विषय रहती है जिससे कभी भी किसी भी प्रकार का माहौल खराब होने की संभावना बनी रहती है। ऐसी स्थिति में विनोद मिश्रा के विरूध्द तत्काल सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता के अधीन अपराध अभिलंब पंजीबध्द किया जायें। इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष धवल मॉडल, वरिष्ठ कांग्रेसी अनीश बेग, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल पिपरेवार, डोंगरमाली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राजपूत, जनपद विधायक प्रतिनिधि रिजवान राजा अली, विधायक निज सहायक चाणक्य चौबे, हरि क्षीरसागर, पेमेंन्द्र हेडाऊ, विवेक जूझार, चिंटू जैन मौजूद रहे।

### छवि धुमिल करने विधायक विवेक पटेल पर कमीशन लेने का लगाया आरोप-राजा अली

रिजवान राजा अली ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि हमारी संस्कारधानी को कुछ लोग धूमिल कर रहे हैं। पिछली रात्रि में आपने सुना और देखा होगा सोशल मीडिया में विनोद मिश्रा के द्वारा अच्छी छवि वाले लोगों के खिलाफ टिप्पणी की गई। इसी तरह विधायक विवेक पटेल पर भी कमीशन खोरी का आरोप लगाया गया है जिसका कोई आधार या सबूत नहीं है यदि है तो वह प्रस्तुत करें। अन्यथा उनके द्वारा किए गए कृत्य पर रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाने में सख्ती से शिकायत दर्ज की गई है ,यदि रिपोर्ट दर्ज नहीं होती है तो एमपी एमएलए कोर्ट में परिवाद दाखिल करेंगे। इनके द्वारा रायता ग्रुप में यह टिप्पणी की गई है।

### विधायक पटेल पर १५ प्रतिशत कमीशन लेने की बात विनोद मिश्रा ने कहा-जितेन्द्र सिंह राजपूत

जितेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि हम कांग्रेसी थाने में शिकायत करने आए थे कि विधायक विवेक पटेल पर कटाक्ष कर एक व्यक्ति ने 15 प्रतिशत कमीशन की बात सोशल मीडिया में लिखा। यह विधायक की बढ़ती छवि और लोकप्रियता से घबरा गए हैं कुछ लोग उन्हें प्रोत्साहित कर अनर्गल बातें लिखवा रहे हैं। हमने एफआईआर दर्ज करवाने की मांग की है। वह प्रतिदिन रात में कुछ ना कुछ लिखता है जबकि वह किसी की छवि धूमिल नहीं कर सकते हैं यह व्यक्ति विनोद मिश्रा वार्ड नंबर ७ का रहने वाला है।

### इनका कहना है

दुरभाष पर चर्चा में बताया कि मेरे द्वारा वाहटसाएप ग्रुप में विधायक निधि के संबंध में एक जानकारी पोष्ट की गई थी । उस मैसेज से मेरा मतलब किसी व्यक्ति को अपमानित करना या भावना को ठोस पहुंचाना नही था। मेरे द्वारा किसी विधायक के नाम को संबोधित नही किया गया था जिसकी आपत्ति पर मैसेज मैं तुरंत ही डिलीट कर दिया था। जिसमें मेरे द्वारा किसी व्यक्ति का नाम नही लिखा गया है।

**विनोद मिश्रा**
**वारासिवनी**

# बाबू जी अमृतलाल जायसवाल को दी गई श्रृध्दांजलि

## पूर्व मंत्री के निवास पर हुआ दरिद्र नारायण भोज का आयोजन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट जिले की राजनीति में जमीन से उठकर प्रदेश स्तर तक अपने विचारों एवं कार्यो से अल्प समय में ही प्रसिद्धि प्राप्ति कर लेने वाले स्व. अमृतलाल जायसवाल की १२ दिसंबर को ३० वीं पूण्यतिथि पर नगर, क्षेत्र व जिले के लोगो ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके सेवामयी कार्यो को याद किया। जहाँ विशेष रूप से श्रद्धाजंलि देने के लिये लांजी विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक सुश्री हिना कावरे प्रदीप जायसवाल के निवास पर पहुँची । जंहा उन्होने बाबूजी को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके सेवामयी कार्यो को याद कर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल से चर्चा भी की। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के निवास पर परंपरा अनुसार प्रात: से ही श्रद्धाजंलि देने वालो का तांता लगा रहा। ग्रामीण क्षेत्रों से भी समर्थको ने आकर बाबूजी को श्रद्धासुमन अर्पित किये। बाबूजी का जीवन सदैव संघर्षमय और कठिन परिश्रम का रहा संघर्ष ही जीवन है के आदर्श को उन्होनें अपना लिया था। उनकी पूण्यतिथि पर दरिद्रनारायण भोज का भी आयोजन किया गया जिसमें गरीबो को कंबल वितरण भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुश्री हिना कावरे ,नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ,नपा उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति संतोष शिव, दीप चौहान ,आलोक खरे ,नरेंद्र शुक्ला ,संदीप मिश्रा ,मोनू लिमजे ,विक्की ऐडे ,शैलेन्द्र तिवारी, अमित येरपूडे ,जसवंत पटले , विनय सुराना, चिंतामन नगपुरे ,अरमान खान ,संतोष आडे ,रिकूं चापूकर, संभीर सुलाखे ,मनोज दांदरे ,दाऊद मंसूरी ,मनोज लिल्हारे ,सुभाष पारधी ,मोतीराम नगपुरे ,संतोष आडे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





# दीनी से लिंगमारा मार्ग की स्थिति जर्जर

## मार्ग पर भारी आवागमन से ग्रामीणों में भारी आक्रोश





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत दीनी से लिंगमारा मार्ग की स्थिति जर्जर हो चुकी है। जिसमें जगह जगह छोटे बड़े गड्ढे हो गए हैं जिसके कारण वाहनों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि यह मार्ग सीधे महाराष्ट्र को जोड़ता है जिस पर यातायात का दबाव बना रहता है। वहीं ग्रामीण भी अपनी जरूरत के लिए प्रत्येक दिन इसी मार्ग से वारासिवनी और बालाघाट आवागमन करते हैं जिन्हें दुर्घटनाओं का भी शिकार होना पड़ रहा है। यहां से सबसे ज्यादा विद्यार्थी साइकिलों से आते जाते हैं जिन्हें समस्या बनी हुई है रोड़ पर रेत और बारीक गिट्टी फैलने से वाहन और साइकिल दोनों स्लिप हो रहे हैं। इसको लेकर राहगीरो सहित ग्रामीणों के द्वारा मार्ग का पुन: डामरीकरण या मरम्मत कर बेहतर मार्ग बनाए जाने की मांग कर रहे है जिससे कि सभी सुरक्षित रूप से आवागमन कर सके।

### मार्ग पर यातायात का बना रहता है दबाव

ग्राम दीनी से लिंगमारा की ओर एक मार्ग निकलता है जो सीधा बालाघाट या नदी के पुल बनने से महाराष्ट्र से आता है। जहां पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण हो जाने से सीधा महाराष्ट्र से यह मार्ग जोड़ता है। ऐसे में महाराष्ट्र गोंदिया के लोगो को बालाघाट या वारासिवनी आना होता है तो वह उक्त मार्ग का चयन करते हैं वहीं ग्रामीण व खैरलांजी के लोग भी इसी मार्ग से महाराष्ट्र आवागमन करते हैं। ऐसे में उक्त मार्ग पर काफी यातायात का दबाव बना रहता है। इस स्थिति में दुर्घटनाओं के कारण लोगों को चोटिल होना पड़ रहा है। इसके साथ ही उक्त मार्ग पर स्थित करीब आधा दर्जन ग्राम के ग्रामीण वारासिवनी अपने कार्यों के लिए छात्र छात्रायें शिक्षा अध्ययन करने के लिए रोजाना आवागमन करते हैं जिन्हें भी कभी. कभी दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है। जिनके द्वारा मार्ग निर्माण की मांग की जा रही है ताकि सुरक्षित रूप से वह आना जाना कर सके।

### मार्ग के गढ्डों की गिट्टी सड़क पर फैलने से हो रही भारी परेशानी

यह मार्ग में डामर के उखड़ने से छोटे बड़े गड्ढे निर्मित हो गए हैं जिसके कारण आवागमन में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसमें विशेष कर बुजुर्ग व्यक्ति जो साइकिल से आवागमन करते हैं उन्हें गढ्ढो के कारण पैदल चलना होता है। ऐसे में उक्त गढ्ढो को भरने की जरूरत है जहाँ उखड़ी गिट्टी फैली हुई है जो वाहनों की आवाजाही के कारण रोड़ पर फैल गई है। जिसमें एक तो नुकीली गिट्टी है जिससे वाहन पंचर होंगे वहीं गिट्टी पीसकर चूरे के रूप में मार्ग पर फैल गई है जिसके कारण वाहन भी स्लिप हो रहा है। जबकि विभाग को मरम्मत कार्य करवा कर गड्ढों को डामर की चिल्ली से पैक कर देना था।

### मार्ग की हालत जर्जर होने से ग्रामीणों में आक्रोश है-टिकेश्वर भगत



ग्रामीण टिकेश्वर भगत ने बताया कि मैं दिनी का रहने वाला हूं यह रोड़ पूरा फूट गया है जनता के द्वारा जब आना जाना किया जाता है तो वह गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं। पूरा रोड़ डैमेज हो गया है एक तरफ से रोड़ उखड़ रही है और दोनों साइड भारी वाहनों की आवाजाही से धस गये हैं और बीच में रोड़ ऊंचा है। यह देखने में गाड़दान के जैसे दिख रही है जो डंपर के आने जाने से खराब हुई है इसे बनाना चाहिए। करीब ४ वर्ष पहले रोड़ बनी थी फिर वैसी ही है पुरी रोड़ खराब है मेंटेनेंस जैसा कुछ भी यहां पर विभाग के द्वारा नहीं किया गया है। जिस कारण से लोगों को खतरा बना हुआ है। आगे मेला भी भरना है दिक्कत और बढ़ेगी मोटर साइकिल स्लिप होगी क्योंकि इधर वारासिवनी से लोग आते हैं तो दूसरे तरफ बालाघाट और महाराष्ट्र के लोग भी यहां आते हैं जिन्हें समस्या का सामना करना पड़ेगा।

### इस मार्ग पर आये दिन एक्सीडेंट होते रहते है- शंभू सहारे



ग्रामीण शंभू सहारे ने बताया कि रोड़ की हालत बहुत बेकार है यह ग्राम दीनी से लिंगमारा की तरफ जाता है। जिसमें जगह जगह गड्ढे हो गए हैं आए दिन एक्सीडेंट होते रहते हैं लोगों को दुर्घटनाग्रस्त होना पड़ता है इसमें सबसे बड़ा कारण है कि रोड़ पर रेत और गिट्टी फैली हुई है। इस मार्ग का उपयोग डोंगरगांव, खैरलांजी, वारासिवनी के कई लोग महाराष्ट्र जाने और महाराष्ट्र के कई लोग इधर क्षेत्र में आने के लिए उपयोग करते हैं। परंतु सबसे ज्यादा स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी मार्ग का उपयोग करते हैं। यह रोड़ जो है वह छोटा है इसके दोनों साइड में भी जगह नहीं है जिसे व्यवस्थित रूप से बनाया जाना चाहिए।

# वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत १४ दिसबंर को

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेशचंद्र थपलियाल व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुरेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में १४ दिसम्बर दिन शनिवार को जिला न्यायालय बालाघाट एवं अधीनस्थ तहसील न्यायालय वारासिवनी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरण जैसे आपराधिक शमनीय प्रकरण, चेक बाउंस प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण श्रम प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर, संपत्तिकर संबंधी प्रकरण एवं दीवानी मामले, राजस्व मामले एवं अन्य प्रीलिटिगेशन प्रकरणों जैसे बैंको के ऋण प्रकरण, विद्युत विभाग के ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुए हैं, जलकर, राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के माध्यम से किया जावेगा। नगर पालिका, नगर पंचायतों प्रकरणों में आपसी राजीनामा के आधार पर एकमुश्त राशि पर अधिभार में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है। इसी प्रकार विद्युत विभाग के प्रकरणों के निराकरण पर भी एकमुश्त भुगतान पर अधिभार की राशि में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है। आपसी राजीनामा से प्रकरणों के निराकरण पर किसी पक्ष की हार नहीं होती, बल्कि दोनों पक्षों में आपसी भाईचारा बढ़ता है, मुकदमेबाजी पर हो रहे समय, श्रम व धन के व्यय की बचत होती है और व्यक्ति तनावमुक्त जीवन का आनंद प्राप्त करता है। अत: ऐसे इच्छुक पक्षकार जो अपने मामले का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराना चाहते हैं। वह अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपसी सुलह से संबंधित न्यायालय के प्रकरण का निराकरण करवाकर नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति, के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर या मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर १५१०० पर नि:शुल्क कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# रामदेव बाबा मंदिर में गीता जयंती महोत्सव सम्पन्न





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के लालबर्रा रोड़ स्थित प्रचीन सिद्ध रामदेव बाबा मंदिर में ११ दिसंबर को मोक्षदा एकादशी गीता जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सद्गुरु श्री श्री १०८ हरि ओम ब्रम्हचारी महाराज के सूक्ष्म संरक्षण में प्रारंभ किया गया। जिसमें अतिथियों के द्वारा सदगुरू एवं गीता जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिसके बाद परमब्रम्ह श्री कृष्ण की अमृत वाणी गीता का प्रागट्य उत्सव गीता जयंती पर्व के रूप में प्रतिवर्ष की भांति मानते हुए विद्वान वक्ताओं के द्वारा व्याख्यान दिया गया। यह कार्यक्रम शाम ६.३० बजे से ९.३० बजे तक चला जहाँ अतिथियों ने गीता की प्रासंग गीता पर अपने विचार रखे। गीता का महत्व को समझाया की गीता का सार क्या है भगवान श्री कृष्ण क्या संदेश समाज को दे रहे है सहित अन्य बाते कही गइ। जिसके बाद कार्यक्रम के अंत में गीता की सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण कर अतिथियों को श्रीमद्भागवत गीता भेंट की गई। नीरज वर्मा ने बताया कि राधा माधव संत्संग मंडल वारासिवनी लगातार ११ वे वर्ष गीता जयंती बाबा रामदेव मंदिर में प्रतिवर्ष आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी गीता जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अतिथियों के द्वारा गीता पर अपने विचार प्रकट किए गए अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। यह कार्यक्रम आयोजित कर श्रीमद् भागवत गीता से लोगों को जोड़ने का उद्देश्य है जिसके लिये प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर राघवेंद्र अग्रवाल ,आशीष राठौर, मधुकर बनकर, एचपी शर्मा ,श्रीरंग देवरस ,डॉक्टर कमलेश तिवारी,संतोष चौहान सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# विशाल पर बलात्कार का मामला कायम

## आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी थाना अंतर्गत नाबालिक के द्वारा विशाल पिता अशोक पंचेश्वर पर बलात्कार का आरोप लगाते हुए १२ दिसंबर को वारासिवनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। जिसमें पुलिस के द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं मामले में जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार १६ वर्षीय नाबालिक कक्षा ग्यारहवीं में




अध्यनरत है जिसकी पहचान विशाल पंचेश्वर से पहले से थी। विशाल पंचेश्वर नाबालिक के साथ लगातार गलत काम करता रहा जिससे वह गर्भवती हो गयी। जिसमें नाबालिक को ११ दिसंबर को पेट में दर्द उठा इसके बाद सिविल अस्पताल में नाबालिक के द्वारा बच्चों को जन्म दिया गया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर विशाल पिता अशोक पंचेश्वर के खिलाफ भादवी की धारा ३७६(३),३७६ (२) एन पास्को एक्ट की धारा ५ (जे) (२), ५ (एल),६ के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया गया है। वहीं आरोपी को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

# विपक्ष बनाम राज्यसभा सभापति

भारत के संसदीय इतिहास में यह अभूतपूर्व कदम है। राज्यसभा के 60 सदस्यों ने सभापति जगदीप धनखड़ में, जो भारत के उप-राष्ट्रपति भी हैं, विश्वास नहीं रह जाने की बात कही है। विपक्ष के इन सांसदों ने उन्हें पद से हटाने की मांग करने वाले एक प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इस प्रस्ताव पर मतदान की नौबत आने की संभावना नहीं है, और अगर ऐसा हुआ भी तो यह गिर जायेगा। लेकिन मुद्दा वह नहीं है। लोकतंत्र के लिए जो चीज वाकई मायने रखती है और नुकसानदेह है, वह है सभापति और विपक्षी सदस्यों के बीच भरोसे का अभाव। विपक्ष ने धनखड़ के पक्षपाती होने के सबूत के तौर पर, उनके द्वारा दी गयी व्यवस्थाओं और उनके सार्वजनिक बयानों का हवाला दिया है। धनखड़ ने एक ऐसे स्थगन प्रस्ताव के विषय पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों को बोलने की अनुमति दी जिसे उन्होंने 9 दिसंबर को खुद खारिज किया था। उनका यह निर्णय विपक्ष के इंतिहाई कदम उठाने की आखिरी वजह बना। अन्य बातों के अलावा, ये सदस्य यह पैटर्न देखते हैं कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बोलने की इजाजत नहीं दी जाती और धनखड़ सार्वजनिक रूप से सरकार के विचारों को विस्तार प्रदान करते हैं तथा विपक्ष के विचारों को झिड़कते हैं। अक्सर, राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष जैसे अराजनीतिक माने जाने वाले पदों के लिए कैरियर राजनीतिज्ञ, एकपक्षीय चुनाव के जरिये, चुने जाते हैं। एक बार पद पर पहुंचने के बाद, वे काफी हद तक लड़ाई-झगड़े से ऊपर रहते हैं। इसलिए, राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकतंत्र के लिए एक दुखद मोड़ को दर्शाता है।

यह कोई संयोग नहीं कि यह सब भाजपा द्वारा विपक्ष का स्थान समेटने के सतत अभियान की पृष्ठभूमि में हो रहा है। सरकार की आलोचना को राष्ट्र-विरोधी कृत्य के रूप में चित्रित किया जाता है और संस्थाओं व व्यक्तियों को अक्सर आक्षेपों के जरिए निशाना बनाया जाता है। भाजपा और विपक्ष के बीच बहुत कम संवाद है। अगर संसद बस राजनीतिक जुबानी जंग का एक और मंच बन जाती है, तो इससे लोकतंत्र मजबूत होने के बजाय कमजोर होगा। संसदीय कार्यवाहियों से नागरिकों को यह संदेश मिलना चाहिए कि सरकार उनकी आवाजों के प्रति संवेदनशील है। सरकार द्वारा धनखड़ के बचाव में उनकी जाति का जिक्र किया गया और मुख्य विपक्षी दल की निंदा की गयी जिसमें इस कदम के भारत-विरोधी होने का आक्षेप भी शामिल था। सरकार अपने बहुमत के बूते अपनी राह बना लेती है, लेकिन विपक्ष को भी अपनी बात कहने का मौका मिलना चाहिए। जब संसद सरकार और विपक्ष के बीच शत्रुता की बंधक बन जाती है, तब पीठासीन अधिकारी से मध्यस्थता करने और रास्ता निकालने की उम्मीद की जाती है। पीठासीन अधिकारी की यह भूमिका तभी संभव है जब पदासीन व्यक्ति तटस्थ हो और उसे ऐसा माना भी जाए। शिकायतों के गुण-दोष से परे, सभापति अपने आलोचकों को यह आश्वस्त करने के लिए अग्र-सक्रिय तरीका अपना सकते हैं कि वह संस्थानिक सत्यनिष्ठा की रक्षा के लिए राजनीतिक लड़ाई-झगड़े से ऊपर हैं।

# राजनीति में अब नई इबारत लिखेंगी प्रियंका गांधी

देश में पिछले दिनों जहाँ महाराष्ट्र व झारखण्ड में विधानसभा चुनाव संपन्न हुये वहीं विभिन्न राज्यों की कई सीटों पर विधानसभा व लोकसभा उपचुनाव भी कराये गये। इन्हीं में एक केरल की वायनाड संसदीय सीट भी थी जिस पर 2024 के आम चुनावों में राहुल गाँधी रायबरेली के साथ साथ वायनाड से भी विजयी हुये थे। बाद में राहुल को वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली की सीट अपने पास रखनी पड़ी। राहुल ने यहाँ 6,47,445 वोट प्राप्त करके 3,64,422 के अंतर से भारी जीत हासिल की थी। इसी सीट पर हुये उपचुनाव में कांग्रेस ने प्रियंका गाँधी को पहली बार लोकसभा चुनाव में उतारा। प्रियंका को यहाँ राहुल गाँधी से भी अधिक मत हासिल हुये और उन्होंने 4 लाख से अधिक वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत हासिल की। जिस समय प्रियंका की शानदार जीत व संसदीय राजनीति में उनके सक्रिय व अधिकृत प्रवेश की पटकथा वायनाड की जनता लिख रही थी उस समय देश का %गोदी मीडिया % केवल महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों को महिमामंडित करने में लगा था।

ग़ौर तलब है कि अपने व्यक्तित्व में अपनी दादी इंदिरा गांधी के दर्शन का एहसास कराने वाली प्रियंका गांधी को पहली बार इतने भारी मतों से उस केरल राज्य के लोगों ने चुना है जोकि देश का सबसे शिक्षित राज्य है। और भरतीय जनता पार्टी तमाम प्रयासों के बावजूद यहाँ अपनी दाल गला नहीं पाती। केरल के लोग भाजपा को वोट क्यों नहीं देते इसपर कांग्रेस या विपक्ष क्या कहता है उससे ज़्यादा अहमियत इस बात की है कि स्वयं भाजपा इस बारे में क्या सोचती है। इस विषय पर जब मार्च 2021 में केरल भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व केरल भाजपा के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ नेता राजागोपाल से पूछा गया कि बीजेपी केरल में अपनी राजनीतिक ज़मीन क्यों नहीं तैयार कर पाती। इस प्रश्न के उत्तर में राजगोपल ने कहा, %%केरल अलग तरह का प्रदेश है। दो-तीन प्रमुख कारण हैं। एक तो यह कि केरल की साक्षरता दर 90 प्रतिशत है। यहां के लोग सोचते हैं, तार्किक हैं। ये शिक्षित लोगों की आदतें हैं। दूसरी बात यह कि केरल में 55 प्रतिशत हिंदू हैं और 45 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं। हर कैलकुलेशन में ये चीज़ आती है। ऐसे में केरल की तुलना किसी और राज्य से नहीं की जा सकती है। केरल भाजपा नेता राजागोपाल द्वारा पेश की गयी इसी थ्योरी को यदि उलट दिया जाये तो समझा जा सकता है कि भाजपा जिन राज्यों में अपना जनाधार बढ़ा रही है उसकी दरअसल वजह क्या है।



बहरहाल केरल की शिक्षित जनता ने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ने वाली गाँधी - नेहरू परिवार की बेटी को वायनाड से रिकार्ड विजयश्री दिलवाकर अपना मंतव्य स्पष्ट कर दिया कि देश की शिक्षित व तर्कपूर्ण जनता को गाँधी - नेहरू परिवार की इस बेटी से काफ़ी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। निश्चित रूप से प्रियंका गाँधी ने न केवल दादी इंदिरा गाँधी व पिता राजीव गाँधी के साथ लंबे समय तक प्रधानमंत्री निवास में रहकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के गुण सीखे हैं बल्कि पिता राजीव मां सोनिया व भाई राहुल गाँधी के चुनावों में अहम भूमिका निभाकर चुनावी राजनीति में भी पूरी महारत हासिल की है। राहुल गाँधी ने यूँही नहीं कहा था कि यदि प्रियंका 2024 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी से नरेंद्र मोदी के विरुद्ध चुनाव लड़तीं तो निश्चित रूप से वे मोदी को पराजित कर देतीं। क्योंकि 2019 में जिस वाराणसी में नरेंद्र मोदी ने 4 लाख 79 हज़ार वोटों के भारी अंतर से जीते दर्ज की थी वह अंतर इस बार घटकर 1 लाख 52 हज़ार रह गया है। यहाँ मोदी के विरुद्ध कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले अजय राय को 4 लाख 60 हज़ार वोट मिले थे। इस लिहाज़ से वाराणसी से मोदी के विरुद्ध प्रियंका की उम्मीदवारी देश की राजनीति की एक नई पटकथा लिख सकती थी।

अपनी जीत के बाद पहली बार प्रियंका गांधी ने जिन शब्दों में मतदाताओं का आभार व्यक्त किया वह भी क़ाबिल- ए - तारीफ़ थे। उन्होंने कहा कि 'आपने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आपकी बहुत आभारी हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि समय के साथ, आपको वास्तव में यह महसूस हो कि यह जीत आपकी जीत है और जिस शख़्स को आपने अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है वह आपकी उम्मीदों और सपनों को समझता है और आपके लिए लड़ता है। मैं संसद में आपकी आवाज़ बनने के लिए उत्सुक हूं।' निश्चित रूप से देश की जनता भी भारतीय संसद में प्रियंका गाँधी की आवाज़ उनका अंदाज़ तथा उनके द्वारा देशहित में उठाये जाने वाले मुद्दों को सुनने के लिये बेहद उत्सुक है। गत लगभग दो दशक से प्रियंका गाँधी ने कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रचार में अपनी जिस क्षमता व दक्षता का परिचय दिया है उससे कांग्रेस को भी लाभ हुआ है और कांग्रेस जनों में भी उत्साह का संचार हुआ है।

प्रियंका गाँधी का संसदीय राजनीति में प्रवेश ऐसे समय में हुआ है जबकि सत्तरूढ़ भाजपा साम दाम दंड भेद सभी तरीक़े अपनाकर सत्ता में बने रहना चाहती है तथा अपने अघोषित अतिवादी एजेंडे पर चलकर अपने सपनों का बहुसंख्यवादी भारत बनाना चाह रही है। जबकि कांग्रेस गाँधी के सपनों के भारत के निर्माण की पक्षधर है। कांग्रेस संविधान व लोकतंत्र की रक्षा की बात करती है। जबकि भाजपा के कई नेता संविधान बदलने की बातें करते रहे हैं। उधर इण्डिया गठबंधन भी 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद क्षेत्रीय नेताओं के स्वार्थवश मज़बूत विपक्ष की भूमिका अदा नहीं कर पा रहा। ऐसे में ले देकर कांग्रेस पार्टी से ही देश को न केवल मज़बूत विपक्ष देने की उम्मीदें बंधी हुई हैं बल्कि सत्य अहिंसा व धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण की आस भी केवल कांग्रेस पार्टी से ही है। राहुल गाँधी निश्चित रूप से अपनी क्षमता से अधिक मेहनत कर सत्ता से मुक़ाबला करने से लेकर पार्टी को मज़बूत बनाने तक के लिये काफ़ी काम कर रहे हैं। परन्तु उनके विरुद्ध सत्तधारी तरह तरह की साज़िशें रचकर उन्हें राजनैतिक परिदृश्य से ओझल करने तक की योजना बनाये बैठे हैं।

जिस तरह पूर्व में प्रियंका गाँधी ने महिलाओं की सुरक्षा के हक़ में आवाज़ें बुलंद की हैं ,क़ानून व्यवस्था के मुद्दे उठाये है दलितों,किसानों व ग़रीबों के लिये आवाज़ उठाई है उसी वर्ग को प्रियंका गाँधी के लोकसभा पहुँचने से काफ़ी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। माना जा सकता है कि प्रियंका समाज के शोषित व पीड़ित समाज की आवाज़ तो बनेंगी ही साथ ही राजनीति में अब एक नई इबारत भी लिखेंगी।

**- निर्मल रानी**

# अविश्वास प्रस्ताव : सभापति धनखड़ के लिए बड़ा झटका

विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के ख़िलाफ़ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया हैद्य कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इंडिया गठबंधन के दलों के लिए यह बेहद ही कष्टकारी निर्णय रहा है, क्योंकि भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में पहली बार किसी उच्च सदन के सभापति के खिलाफ यह प्रस्ताव लाया गया है लेकिन संसदीय लोकतंत्र के हित में यह अभूतपूर्व कदम उठाना पड़ा है। यह प्रस्ताव अभी राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल को सौंपा गया हैद्य यह विपक्ष की दलील हैद्य विपक्ष का आरोप है कि राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन की कार्यवाही का संचालन करते हैं, जबकि सभापति को निष्पक्ष होना चाहिए, चूंकि सदन किसी पार्टी नहीं बल्कि सदन में सभी दलों के लिए होता हैद्य कांग्रेस ने कहा कि भारतीय लोकतांत्रिक राजनीति में सबसे पक्षपाती सभापति के रूप में धनखड़ को याद किया जाएगाद्य

संसद के मौजूदा सत्र की शुरुआत से ही सदन में भारत के जाने माने कारोबारी गौतम अदानी और अन्य कई मुद्दे को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध जारी हैद्य इस सत्र की शुरुआत से ठीक पहले ही गौतम अदानी पर अमेरिका में धोखाधड़ी के आरोप तय किए जाने की ख़बर आई थी, और अमेरिका में अदानी के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट भी जारी किया गया इसके बाद कांग्रेस भाजपा एवं मोदी सरकार पर लगातार निशाना लगा रही है और सदन में चर्चा की मांग कर रही है पिछले कुछ दिनों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन के बाहर अदानी और सरकार को गिरने के लिए मास्क और टी शर्ट पहनकर आए जिसमें कारोबारी अडानी और मोदी की नजदीकी दिखाई गईद्य जैसा माना जा रहा था, जिस पर सरकार ने आपत्ति दर्ज की। कांग्रेस पार्टी पहले भी कई मुद्दों को लेकर अदानी के मसले पर जेपीसी की मांग करती रही हैद्य नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि हम अडानी के मुद्दे पर सरकार को छोड़ने वाले नहीं है जब तक इसकी तह तक नहीं जाएंगे हम पीछे नहीं हटेंगेद्य अडानी के मुद्दे पर सरकार हमेशा ही बचती रही हैद्य सरकार भी अपनी ज़िद पर अड़ी हुई है और वह इस पर चर्चा नहीं करना चाहती हैद्य किरण रिजिजू ने कहा - मैं एक बार फिर से स्पष्ट तौर पर कह रहा हूं कि एक बार जब संसद सुचारू तौर पर चल रही है तो कांग्रेस पार्टी ने किस वजह से ड्रामा शुरू किया ? ऐसे मास्क और जैकेट पहनकर आने कि क्या ज़रूरत है जिसपर स्लोगन लिखे हुए हों... ? रिजिजू ने कहा है, हम यहां देश की सेवा करने के लिए आए हैं, इस तरह का ड्रामा देखने के लिए नहीं आए हैं, जो नोटिस कांग्रेस पार्टी और उसके कुछ सहयोगियों ने दिया है, उसे निश्चित तौर पर नामंज़ूर किया जाना चाहिए और उसे नामंज़ूर किया जाएगाद्य जबकि जयराम रमेश ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में आरोप लगाया है, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने खुद चेयरमैन साहब के सामने कहा कि जब तक आप लोकसभा में अदानी का मुद्दा उठाएंगे, हम राज्यसभा को चलाने नहीं देंगे और इसमें चेयरमैन साहब भी शामिल हैं, चेयरमैन साहब को इसमें अडिग रहना चाहिएद्य

देखा जाए तो राज्यसभा में संख्या बल के लिहाज़ से अविश्वास प्रस्ताव का गिरना तय माना जा रहा है क्योंकि विपक्ष के पास जरूरी संख्या बल नहीं है और और वे इसे पास नहीं करा पाएंगेद्य यह बात प्रस्ताव पेश करने वाले विपक्षी दलों को भी अच्छी तरह मालूम है, लेकिन गौर करने वाली बात है देश के संसदीय इतिहास में पहली बार सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आना खुद सभापति जगदीप धनखड़ और सरकार के लिए शर्मिंदगी की बात हैद्य उच्च सदन के सभापति का पद बहुत ही सम्माननीय पद होता है जिसकी इज्जत देश की प्रतिष्ठा के साथ जुड़ी हुई होती है, सभापति किसी पार्टी विशेष का नहीं होता उसका नज़रिया सभी पार्टियों के लिए बराबरी का होना चाहिए, निष्पक्ष होना चाहिए, पक्षपाती पूर्ण नहीं होना चाहिए, ऐसी उम्मीद की जाती है, और की जानी चाहिएद्य अब चूंकि उच्च सदन के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है तो इस अविश्वास प्रस्ताव पर बहस होगी, जिसमें विपक्ष सभापति धनखड़ के जाने - अनजाने पहलूओं पर बात करेगाद्य यानी उनके पक्षपातपूर्ण बर्ताव के अलावा भी उनके बारे में वे सारी बातें कही जाएंगी, जो आम लोग नहीं जानते हैं या बहुत कम लोग जानते हैंद्य यह किसी भी सभापति के लिए बेहद निराशाजनक है, क्योंकि सभापति की इज्जत सभी दलों के लिए अनिवार्य होती हैद्य पिछले कई सालों से देखा गया है की निम्न सदन एवं उच्च सदनों के सभापतियों का रवैया बेहद खराब रहा हैद्य सदन के अंदर ही विपक्ष के नेताओं को क्या-क्या नहीं कहा जाता है लेकिन कई बार सभापति उन्हें ठोकते नहीं जो किसी भी तरह से सही नहीं कहा जा सकताद्य यह अविश्वास प्रस्ताव भविष्य में आने वाले किसी भी सभापति के लिए एक नजीर की तरह हो सकताद्य एक सबक हो सकता है कि उन्हें निष्पक्ष रहना है सत्ता के हाँ में हां नहीं मिलना हैद्य अत: विपक्ष की भी सुनना है और उन्हें संरक्षण भी देना है यह नैतिक जिम्मेदारी होती है। हालांकि इतना सब होने के बाद भी धनखड़ जी रवैये में कोई गुणात्मक बदलाव नहीं होगाद्य वैसे भी सरकार ने तो उन्हें आज ही ईमानदार एकदम निष्पक्ष होने का प्रमाणपत्र दे दिया हैद्य सरकार की ओर से कहा गया है कि राज्यसभा को धनखड़ जैसा सभापति मिलना मुश्किल हैद्य इस अविश्वास प्रस्ताव के बाद सदन में क्या होगा क्या नहीं होगा यह कहना बड़ा कठिन हैद्य हालांकि लोकतंत्र में पहले क्या नहीं हुआ है, अब क्या हो रहा है यह सब समय और परिस्थितियों पर निर्भर करता है, क्योंकि लोकतंत्र में बदलाव आते रहते हैंद्य सरकार सभापति को संख्याबल के हिसाब से बचा भी लेगी लेकिन यह अविश्वास प्रस्ताव सभापति जगदीप धनखड़ के लिए एक झटका है, जिसकी उन्होंने कभी कल्पना नहीं की होगी।

**- दिलीप कुमार पाठक**

# महिलाएं शिक्षा क्षेत्र के महत्व को समझ रही हैं जिनकी रोशनी से पूरा भारत रोशन हो रहा है

वैश्विक स्तरपर भारतीय बौद्धिक क्षमता का डंका पूरी दुनियाँ में बज रहा है, यही कारण है कि दुनियाँ के विकसित देशों में अनेक भारतीय सीईओ नियुक्त हैं। बात यही तक नहीं रुकी, अब तो अनेक देशों का नेतृत्व मूल भारतीय कर रहे हैं व विपक्षी नेता से लेकर अनेक मुख्य पदों पर पदस्थ हैं, जिसका सटीक उदाहरण अभी 20 जनवरी 2025 से सत्ता पर काबिज़ होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मूल भारतीयों की नियुक्ति अपनी टीम में बड़े पदों पर लगातार की जा रही है जो रेखांकित करने वाली बात है। आज शिक्षा क्षेत्र पर चर्चा हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 9 दिसंबर 2024 को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने संसद में एक रिपोर्ट पेश की जिसमें बताया गया के ग्रामीण भारत में महिलाओं की साक्षरता दर 2023-24 में बढ़कर 77.5 पर्सेंट हो गई है जो पिछले 2011 में 67.77 प्रतिशत थी, यह भी बताया गया कि एक ज़माना था जब महिलाओं की साक्षरता दर 14.5 पर्सेंट थी जो बाद में बढ़कर 57.93 पर्सेंट हो गई अब यह 77 पॉइंट 5 परसेंट हो गई है पुरुषों की भी साक्षरता दर बड़ी है जो पहले 77.5 पर्सेंट थी जो अब 84.5 पर्सेंट हो गई है इनमें सबसे महत्वपूर्ण रोल समग्र शिक्षा अभियान से लेकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तक शामिल है जिसमें सबसे बड़े स्तर पर योगदान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का भी है अब हम 100 पेर्सेंट रक्षक की ओर बढ़ रहे हैं क्योंकि पढ़ेगा भारत तो विजन 2047 की डेडलाइन से पुरवाई भारत अपने लक्ष्य में कामयाब हो जाएगा क्योंकि समग्र शिक्षा अभियान साक्षर भारत पढ़ना लिखना अभियान उल्लास बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ इत्यादि अनेक योजनाओं ने असर दिखाया है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे शाबाश ग्रामीण भारत! ग्रामीण महिलाओं की साक्षरता दर बढ़कर 2023 24 में 77.5 पेर्सेंट हुई संसद में मंत्रीक़े द्वारा जानकारी पेश हुई।

साथियों बात अगर हम संसद के शीत सत्र में 9 दिसंबर 2024 को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा एक रिपोर्ट और जानकारी की करें तो उन्होंने बताया कि ग्रामीण भारत में महिलाओं की साक्षरता दर बढ़ी है, सरकार की कामयाबी बताते हुए उन्होंने कहा, साल 2011 में साक्षरता दर 7 साल और उससे बड़ी उम्र की लड़कियों के लिए 67.77 प्रतिशत थी, जोकि अब बढ़ कर साल 2023-24 में 77.5 प्रतिशत हो गई है।भारत में काफी लंबे समय से महिलाओं को पढ़ाने को लेकर मुहिम चलाई जा रही है और शिक्षा के महत्व को बताया गया है, इसी की वजह है कि अब वो बदलाव नजर आ रहा है, जिसके ख्वाब सालों पहले शायद सावित्री बाई फुले ने देखें थे, अब महिलाएं शिक्षा के महत्व को समझ रही हैं, जिसकी बदलती रोशनी के प्रकाश से पूरा भारत रोशन हो रहा है। पिछले कुछ दशकों में इसमें उछाल आया है। एक समय में महिलाओं का साक्षरता दर 14.5 प्रतिशत दर्ज किया गया था, जोकि फिर धीरे-धीरे 57.93 पेर्सेंट से 70.4 पेर्सेंट तक बढ़ गया है।पुरुषों में भी साक्षरता दर बढ़ा है जोकि 77.15 पेर्सेंट से 84.7 पेर्सेंट तक इजाफा हुआ है साक्षरता दर को बढ़ाने के लिए खास कर बालिग लोगों के बीच ग्रामीण साक्षरता दर को बढ़ाने के लिए सरकार कई तरह की स्कीम चला रही है, जैसे, समग्र शिक्षा अभियान, साक्षर भारत, पढ़ना लिखना अभियान और उल्लस-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, इन स्कीम ने पॉजीटिव रिजल्ट सामने रखे हैं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता दर को बढ़ाया है।नव भारत साक्षरता कार्यक्रम ने साक्षरता दर को बढ़ाने में अहम रोल निभाया है। अप्रैल 2022 में इस स्कीम को लॉन्च किया गया था और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत, कार्यक्रम 15 साल से ज्यादा के लोगों को खास कर फोकस करता है। उल्लास स्कीम के तहत, हमने सफलतापूर्वक 2 करोड़ से अधिक लोगों को पंजीकृत किया है. साथ ही 1 करोड़ से अधीक लोग फाउंडेशनल लिटरेसी और संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षण के तहत पहले से ही जुड़े हुए हैं। उन्होंने आगे बताया यह स्कीम ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से चलाई जाती है. साथ ही मोबाइल एप की मदद से भी सीखना का ऑप्शन है जिस पर 26 भाषाएं उपलब्ध। इस स्कीम के तहत महाराष्ट्र ने सबसे ज्यादा तरक्की हासिल की है। इस स्कीम के चलते 10.87 लाख से अधिक लोगों ने रजिस्टर कराया और 4 लाख लोग इसके लिए उपस्थित हुए,साथ ही खुलासा किया कि बिहार ने अभी तकइस पहल को लागू नहीं किया है।इतनी ग्रोथ हासिल करने के बाद भी ग्रामीण भारत में 100 प्रतिशत साक्षरा हासिल करना अभी भी एक चुनौती है।उन्होंने शिक्षा के दायरे को बढ़ाने को लेकर कहा कि हालांकि, अभी लंबा रास्ता तय करना है, लेकिन उल्लास जैसी पहल एक मजबूत संकेत दे रही है। इस स्कीम के तहत साक्षरता गेप को खत्म करने के लिए काम किया जा रहा है और खास कर महिलाओं को सशक्त बनाने और साक्षरता दर को बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। पुरुष साक्षरता में भी सुधार हुआ है, जो समान अवधि में 77.15 प्रतिशत से बढ़कर 84.7 प्रतिशत हो गई है।

साथियों बातें अगर हम इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में उल्लास प्रोग्राम नप 2020 के महत्वपूर्ण योगदान वह उसको जानने की करें तो, साक्षर भारत की ओर एक कदमउल्लास - नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, जिसे न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम (एनआईएलपी) के रूप में भी जाना जाता है, एक केंद्र प्रायोजित पहल है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के साथ संरेखित है। इसका उद्देश्य सभी पृष्ठभूमियों से आने वाले 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों को सशक्त बनाना है, जो औपचारिक स्कूली शिक्षा से चूक गए, ताकि उन्हें समाज में एकीकृत होने और राष्ट्र के विकास में योगदान करने में मदद मिल सके।यह कार्यक्रम पढ़ने, लिखने और अंकगणित कौशल सहित कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करने पर केंद्रित है, तथा विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जीवन कौशलों से समृद्ध करता है, तथा आजीवन सीखने को बढ़ावा देता है।स्वयंसेवा के माध्यम से क्रियान्वित, उल्लास सामाजिक जिम्मेदारी और कर्तव्य की भावना कर्तव्य बोध को बढ़ावा देता है, तथा शिक्षार्थियों को दीक्षा पोर्टल और उल्लास मोबाइल ऐप/पोर्टल के माध्यम से क्षेत्रीय भाषाओं में शैक्षिक सामग्री तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करता है।शिक्षार्थियों और स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रदान किए जाने वाले प्रमाणपत्रों से उनका आत्मविश्वास और प्रेरणा बढ़ती है, जिससे निरंतर प्रगति होती है।उल्लास योजना का उद्देश्य भारत को जन-जन साक्षर बनाना है। यह योजना कर्तव्य बोध (कर्तव्य) की भावना पर आधारित है और इसे स्वैच्छिक सेवा के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है।कार्यान्वयन अवधिभारत सरकार ने वित्त वर्ष 2022-2027 के दौरान के कार्यानवयन लिए योजना को मंजूरी दे दी है।

साथियों बात अगर हम सबसे बड़ी चुनौती शिक्षा की करें तो,आजादी के पश्चात, भारत सरकार के समक्ष शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौती थी कि किस प्रकार स्कूल जाने वाले छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मूलभूत सेवाएं दी जाए। इस चुनौती की समाधान के लिए सरकार ने 1968 और 1986 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई और तत्कालीन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के कुशल नेतृत्व में संविधान संशोधन के माध्यम से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा को एक मौलिक अधिकार बनाया गया और एन डी ए सरकार द्वारा सर्व शिक्षा अभियान का संचालन भी किया गया.हालांकि, जैसे ही भारत 21वीं सदी में प्रवेश कर रहा है, निस्संदेह उसे आधुनिक दुनिया की जरूरतों में शिक्षा और रोज़गार को बढ़ावा देने वाली एक सकारात्मक और समग्रनीति की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाने के लिए एक परामर्श प्रक्रिया शुरू हुई जो लगभग 5 वर्षों तक चली और इसमें शिक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारक जैसे विद्यालय, शिक्षक, छात्र और गैरसरकारी संस्थाओं के विचारों को भी सुना गया जिसका परिणाम था की 2020 में एक व्यापक और समग्र राष्ट्रीय शिक्षा निति की संरचना की गई जिसका उद्देश्य है भारत को विश्व गुरु बनाना हमारेपीएम के अथक प्रयासों से भारत में 34 वर्षों बाद एक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन किया, जिसका लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक प्राथमिक शिक्षा में 100पेर्सेंट सकल नामांकन अनुपातऔर उच्च शिक्षा में 50पेर्सेंट जीईआर हासिल किया जाए,इस नीति के माध्यम से शिक्षा में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निवेश के प्रावधान भी किये गए हैं जिसके परिणाम स्वरूप भारत सरकार द्वारा सकल घरेलु उत्पाद का 6 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा और छात्रों के विकास में उपयोग किया जायेगा।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि शाबाश ग्रामीण भारत!- ग्रामीण महिलाओं की साक्षरता दर 2023-24 में बढ़कर 77.5 पर्सेंट हुई-संसद में रिपोर्ट पेश समग्र शिक्षा अभियान,साक्षरता भारत, पढ़ना लिखना अभियान, उल्लास बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित अनेक योजनाओं ने असर दिखाया है।महिलाएं शिक्षा क्षेत्र के महत्व को समझ रही हैं,जिनकी रोशनी से पूरा भारत रोशन हो रहा है।

**- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

## इन्दौर बाजार भाव –

इन्दौर। कमजोर उठाव के चलते गुरूवार को किराना जिंसों में शक्कर में सुस्ती रही। खोपरा गोला मजबूती पर रहा। खाद्य तेलों में टिकाव रहा। तिलहनों में बाजार बने रहे। दलहनों में चना मजबूती पर रहा।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार किराना जिंसों में व्यापार सामान्य ही रहा। शक्कर में लेवाली ठंडी रहने से बाजार घटाकर बोला गया। खोपरा गोला मजबूती पर रहा। खाद्य तेलों में व्यापार सामान्य ही रहा। बाजार टिके रहे। तिलहनों में सोयाबीन 4150-4200 रू. प्रति क्व?िंटल पर बना रहा। दलहनों में चना सुर्खी पर देखा गया। भाव इस प्रकार रहे =

**किराना** - शक्कर 3710-3750, खोपरा गोला 155-200, खोपरा बूरा 3800-6000 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 292-305, ऊंझा हल्का 292-300, मीडियम 308-316, बेस्ट 325-335, हल्दी निजामाबाद 200-220, सांगली 270-280, साबूदाना हल्का 5800-6000, मीडियम 5900-6050, बेस्ट 6100-6300, वरलक्ष्मी 6400, ग्लास 7000-7300, सौंफ मोटी 101-125, मीडियम 175-215, बेस्ट 285-310, सौंफ बारी?क 280-325, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-680, गरबल 655-658, मटरदाना 715-730, खसखस अनक्लीन 725-800, क्लीन 1050-1225, दालचीनी 245-262, जायफल 700-725, बेस्ट 735, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 350-380, बेस्ट 475-480, जावत्री 1675-1900, नाग केसर 925-950, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 760-775, बेस्ट 800-815, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2350-2450, मीडियम 2750-2950, बोल्ड 3100-3200, एक्ट्रा बोल्ड 3225-3250, पानबार 2250, बड़ी इलायची 1425-1675, बेस्ट 1650-1725, तरबूज मगज 390-400, बेस्ट 575-625, काजू (240) 1050, काजू (320) 925-950, काजू एस. डब्ल्यू 900, जे.एच. 890-900, टुकड़ी 840-850, बादाम मगज 750-800, सिंगापुरी 650-790, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना1025-1500, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4600 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2300-2400, (160) 2600-2650, (200) 2650-2700, (250) 2550-2700

**तेल** - सींगदाना 1460-1480, मुम्बई 1500, राजकोट तेलिया 2320, सोया साल्वेंट 1185-1190, सोया रिफाइंड 1250-1260, कपास्या 1215, धूलिया 1220, कड़ी 1220,

**रात की धारणा** - गुजरात लुज 1450, मुम्बई पाम 1380, मुम्बई सोया 1250-1255,

**खली** - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1850, देवास-उज्जैन 1850, खंडवा-बुरहानपुर 1800, अकोला 2750 (प्रति क्व?िंटल)

**तिलहन** - सरसो 5800-5850, एवरेज 5500-5600, रायडा 5200-5300, सोयाबीन 4150-4200, टोली (महुआ बीज) 4300-4350, करंज 4250-4300, अलसी 7500-7600,

**दलहन** - चना कांटेवाला बेस्ट 6575-6675, एवरेज 6400-6450, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 8000-8100, पाला 8100-8200, चमकी 8200-8300, नायलोन 8400-8500, तुअर निमाड़ी बेस्ट 8900-9000, एवरेज 8700-8800, हल्की 8300-8500, तुअर महाराष्ट्र 9300-9500, उड़द बेस्ट 8700-8800, एवरेज 8600-8650, शंकर 8300-8400, हल्की 8000-8100,

**दाल** - चना दाल एवरेज 8600-8700, मीडियम 8800-8900, बोल्ड 9000-9200, तुअर दाल सवा नं. 13200-13300, तुअर दाल फूल 14300-14400, तुअर दाल बोल्ड 15100-15200, मसूर दाल एवरेज 7000-7100, मीडियम 7150-7200, बेस्ट 7350-7450, मूंग दाल 9400-9600, बोल्ड 9700-9900, मूंग मोगर 10200-10300, बोल्ड 10400-10500, उड़द दाल 11000-11100, बोल्ड 11200-11300, मोगर 10800-10900, बोल्ड 11000-11200,

**अनाज** - गेहूं मिल क्वालिटी 2650-2700, लोकवन 2950-3000, एवरेज 2700-2800, (147) 2850-2900, एवरेज 2700-2800, मालवराज 2850-2875, पूर्णा 2850-2900, चन्द्रोसी 3400-4000, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2600-2625, गज्जर 2500-2550,

**चावल** - चावल हंसा सफेद 3000-3300, सेला 3700-3800, परमल 3500-3700, दुबराज 4500-5000, राजभोग 6500-7500, काली मुंछ 8500-8800, बासमती दुबार 8000-9000, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-7000, तिबार 9500-10500, बासमती (921) 11000-12000, बासमती सेला 7000-9500, पोहा 4700-5100,

**मावा** - इन्दौर 340, उज्जैन 260, रतलाम 300 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार –

इन्दौर। गुरूवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे – चाँदी (9999) 94400, चाँदी (99) 94300, टंच 93800, सिक्का 1000, सोना 10 ग्राम 80300,

## रुपया गिरावट पर बंद

नई दिल्ली। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 84.87 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की निकासी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में दो पैसे की गिरावट के साथ 84.85 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 84.85 पर खुला, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.83 पर बंद हुआ था।

## आज का राशिफल

मेष – आज का दिन आपके लिए टेंशन को बढ़ाएगा, क्योंकि आप कामों को लेकर टेंशन में रहेंगे।। यदि आप जीवनसाथी के करियर को लेकर परेशान थे, तो उन्हें कोई अच्छी नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आप बिजनेस में कुछ नए उपकरणों को शामिल करेंगे, जिससे वह और गति पकड़ेगा।

वृषभ – आज का दिन आपके लिए कमजोर रहने वाला है। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आप पर यदि कोई पुराना कर्ज था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं। आप घर की साफ-सफाई और रखरखाव पर आप पूरा ध्यान देंगे। आपको किसी बात को बहुत ही सोच समझकर बोलने की आवश्यकता है।

मिथुन – आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आपको बिजनेस में रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए मेहनत अधिक करनी होगी। आपकी भागदौड़ अधिक रहेगी। आपकी संतान किसी पिकनिक आदि पर जा सकते हैं। आपको कोई निर्णय जल्दबाजी में लेने से बचना होगा, नहीं तो उसे पूरा करने में आपको समस्या आएगी।

कर्क – आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी की पुरानी गलती से सबक लेना होगा और आपको कार्यक्षेत्र में किसी के कहने में आकर किसी वाद विवाद में ना पड़े, नहीं तो वह बढ़ सकते है। नौकरी में आपको बदलाव बहुत सोच समझकर ही करना बेहतर रहेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोग अपने कामों पर पूरा ध्यान लगाएंगे, जिससे उन्हें किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है।

सिंह – आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपका किसी नई प्रॉपर्टी को खरीदने का सपना पूरा होगा। आप किसी बाहरी व्यक्ति से कुछ जरूरी जानकारी शेयर ना करें, नहीं तो इससे आपको बाद में कोई समस्या खड़ी हो सकती है। संतान की पढ़ाई-लिखाई में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपनी माताजी से पारिवारिक समस्याओं को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

कन्या – आज का दिन आपके लिए कुछ उलझनें लेकर आने वाला है। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होगी, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएंगे। आप अपने बेफिजूल के खर्चों को लेकर परेशान रहेंगे। आपका मन इधर-उधर के कामों में लगेगा, जो आपको परेशानी देगा। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

तुला – आज का दिन आपके लिए अपने आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। यदि आपने अपने कामों को छोड़कर बाकी पर ध्यान लगाया, तो आपके कामों के लटकने की संभावना है। आप यदि नौकरी में कामों को लेकर परेशान चल रहे थे, तो उसमें किसी नई नौकरी के प्राप्ति हो सकती है। आपको अपनी जिम्मेदारियां पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है, जो लोग रोजगार को लेकर परेशान चल रहा है, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

वृश्चिक – आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है, लेकिन आप किसी व्यक्ति के कहने में आकर कोई गलत जगह इन्वेस्टमेंट करने से बचें। जो लोग बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत है, उन्हे किसी अच्छी स्कीम में इन्वेस्टमेंट करने का मौका मिलेगा। आपके पिताजी को कोई आंखों से संबंधित समस्या हो सकती है, उसमें यदि आपने ढील दी, तो वह भविष्य में बढ़ सकती हैं। आपको परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

धनु – आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके चारों को वातावरण खुशनुमा रहेगा, जो आपको खुशी देगा। आप किसी भी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी नए वाहन को अपने घर लेकर आ सकते हैं, जिसके बाद परिवार में किसी सरप्राइज पार्टी का आयोजन होगा। आपको अपने खर्चों को लेकर कुछ उलझनें रहेगी।

मकर – आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपने राजनीतिक कामों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको किसी दूसरे के भरोसे में नुकसान हो सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई-लिखाई में यदि कोई समस्या आ रही है, तो आप बातचीत कर सकते हैं। आप किसी काम को लेकर दूसरों पर डिपेंड ना रहें। आपको अपनी किसी काम को समय से पूरा करना होगा।

कुंभ – कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आप खुशियों से सराबोर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में भी आपको अपने कामों के लिए शाबाशी मिल सकती है, लेकिन यदि आपने किसी काम में जल्दबाजी दिखाई, तो उसमें गड़बड़ी होने से आपका मन परेशान रहेगा और आपको किसी के बारे में कोई बात सोच समझकर बोलनी होगी।

मीन – आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको बिजनेस में अपने पार्टनर से थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है, क्योंकि वह आपको धोखा दे सकते हैं। आप अपने कामों पर ध्यान थोड़ा कम देंगे, जिस कारण उनके लटकने की संभावना है। परिवार में चल रही समस्या आज फिर से सिर उठाएंगी, जो आपको परेशानी देगी। आप संतान को कही पिकनिक आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं।

## शब्दजाल - 7748

*शब्दजाल में 'प्र' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. दिये गए शब्द उपर से नीचे व तिरछे भी हो सकते हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | क | ल | प्र | कृ | ति | र्ल | धी | प्र | ल | ज |
| र | जा | ल | दे | प्र | ता | प | इं | ति | ट | वा |
| त | स | ति | ल | र्म | छ | रा | रा | शो | ख | प्र |
| प्र | ज | ज | सु | पु | र | प्र | प | ध | ली | ति |
| म | ती | दो | ग | ल्ता | लं | णा | तू | गी | झ | कू |
| प्र | क | क्षा | प | ह | न | म | ना | ता | घ | ल |
| जा | अ | स | त | या | प | त | श | ज | ला | ट्रे |
| प | ता | दा | ई | ह | ब | सा | फ | रा | श | न |
| ति | बा | चे | न | ब्रा | जी | ई | री | ल | प | रु |
| त्ता | पा | ला | ल | प्र | ख | र | र | शा | स्त्री | ता |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | रा | प्र | का | श | त |

प्रणाम,प्रकाश,प्रकृति,प्रजापति,प्रतीक्षा, प्रताप,प्रखर,प्रजाति,प्रतिकूल,प्रतिशोध

### शब्दजाल - 7747 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6692



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रात कली इक ख्वाब में आई' गीत वाली फिल्म-२,२,२
२. फिल्म 'आर या पार' की नायिका-२
३. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
४. 'तुम भी चलो हम भी चलें' गीत वाली अमिताभ, सायरा की फिल्म-३
६. राजेश खन्ना, राखी की 'छोड़दे जवानी में उदासी' गीत वाली फिल्म-४
११. 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-१,२
१२. नसीरूद्दीनशाह, पूजा की 'आज हमने दिल का हर फैसला' गीत वाली फिल्म-२
१३.'बहारों फूल बरसाओ' गीतवाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, शशि, शत्रुघ्न, राखी, परवीन, बिंदिया की फिल्म-२
१७. जीतेंद्र, हेमा की 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२०.फिल्म 'शोला और शबनम' नायिका कौन थी?-३
२१. फिल्म 'गुनाह' की नायक कौन था-२
२२. जीतेंद्र, लीना की 'कभी खोले ना तिजोरी का' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'मझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो और बिपाशा की फिल्म-२
२४. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'फूलों सा चेहरा तेरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. राजेश, धर्मेन्द्र, वहीदा की 'हमने देखी है' गीत वाली फिल्म-३
२८.'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनीदेओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अनिल, रेखा की 'तू मेरा मखना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'किसीसे तुम प्यार करो' गीत वाली अक्षय, लारा, प्रियंका की फिल्म-३
५. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
७. राजकुमार, मीनाकुमारी की 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली फिल्म-३
८. मंगेशकर बहनों लता, आशा, उषा की चौथी बहन का नाम क्या हैं?-२
९. अमिताभ, जया की 'आए तुम याद मुझे' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१२. देवआनंद, निम्मी की 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मैं ने तुझसे प्यार' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
१४. राजकपूर, मीनाकुमारी की 'ऐ चाँद जहाँ वो जाए' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१६. अजय देवगन, मनीषा, करिश्मा की एक फिल्म-४
१८. 'जलता है जिया' गीत वाली सुनील दत्त, रीनाराय, आशा की फिल्म-२
१९. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'तारे हैं बारती' गीत वाली अनिल, तब्बू, पूजा बत्रा की फिल्म-४
२५. मनीष, मनीषा की 'तू दीवाना पागल मेरा' गीत वाली फिल्म-३,३
२७. 'लड़की है क्या' गीतवाली फिल्म-३
२८. 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सूर्यवंशी' में नायिका कौन थी-२
३०. सनी, जूही की 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'जब कोई बात' गीतवाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6691



Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**13 दिसम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 06.48 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मकर | 08.54 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 10.40 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 12.13 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 13.43 बजे से |
| शुक्र | मकर में | वृष | 15.23 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.22 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.35 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 21.51 बजे से |
| | | कन्या | 00.03 बजे से |
| | | तुला | 02.14 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.28 ब.से |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 348 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** त्रयोदशी 19.41 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** भरणी 07.50 बजे तदनन्तर कृत्तिका 05.48 बजे प्रातः को समाप्त। **योग** शिव 11.54 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 09.04 बजे, तैतिल 19.41 बजे तदनन्तर गर 06.19 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 11.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण $23^{\circ}$ 10' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872192 **जूलियन दिन** 2460657.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 10 **विशेष** प्रदोष व्रत, दादा धूनीवाले निर्वाण दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 | बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 | बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 | बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 | बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 | बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 | बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः विनम्रता का पाठ

संत रमन्ना के आश्रम में अनेक लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आते थे। एक दिन एक जिज्ञासु व्यक्ति आया और संत के पास शीघ्र पहुंचने के लिए जल्दी से अपने जूते उतारने लगा। जूते आसानी से नहीं उतरे, तो क्रोध में उसने किसी तरह पैर पटककर उन्हें उतारा और तेजी से आश्रम के दरवाजे को धकेल कर संत के पास पहुंच गया। आते ही उसने कहा, 'बाबा, मैं आपसे अपनी समस्या का समाधान जानने आया हूं।' संत बोले, 'तुम्हारी समस्या का समाधान असंभव है।' वह व्यक्ति आश्चर्य से बोला, 'भला मेरी समस्या का समाधान क्यों नहीं होगा?' संत ने कहा, 'क्योंकि तुम ठीक से व्यवहार करना ही नहीं जानते। जो विनम्र नहीं हो सकता, उसका काम भी सफल नहीं होता।' व्यक्ति ने पूछा, 'पर मेरे व्यवहार में क्या दोष है?' संत बोले, 'कदम-कदम पर है। तुम अकारण क्रोध में वस्तुओं को नुकसान पहुंचाते हो। तुमने अभी-अभी जूते और दरवाजे पर क्रोध किया। जाओ उनसे माफी मांगो।' वह व्यक्ति हैरानी से बोला, 'मैं बेजान चीजों से माफी मांगूं?' संत बोले, 'तुम बेजान वस्तुओं के साथ भी सही ढंग से व्यवहार नहीं कर सकते और चाहते हो कि ईश्वर व संसार तुम्हारे साथ उचित व्यवहार करे। यदि तुमने इन वस्तुओं को वास्तव में बेजान समझा होता तो तुम इन पर क्रोध ही नहीं करते। विनम्रता से सारी समस्याओं के समाधान स्वयं हो जाते हैं।' वह व्यक्ति संत का आशय समझ गया। उसने उन वस्तुओं के साथ-साथ संत से भी माफी मांगी और आगे से हमेशा हर किसी के साथ विनम्रता से पेश आने का वचन दिया।

## सूडोकु नवताल- 7001

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7000 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## शब्द पहेली - 8216



**बाएँ से दाएँ**

1. चोगा, गाऊन-3
3. पायजामा, शलवार-4
6. भाग्य, लक-3
7. सूर्य, भास्कर-2
8. बिता हुआ दिन-2
10. न्यूनता, निम्नता-5
12. मैडल, पदक-3
15. माला का मोती-3
17. कुलिन स्त्री-5
20. थूक, लेस-2
22. विलंब, लेट-2
23. जाँच, निरीक्षण-3
24. श्मशान, शवदाहगृह-4
25. साफ, बेदाग-3

**ऊपर से नीचे**

2. दानशीलता, उदारता-5
3. पाठ, शिक्षा-3
4. रात्रि जागरण-4
5. नेत्रावरण-3
7. लीन, मगन-2
9. बुरी आदत-2
11. कामदेव-3
13. मगरमच्छ-3
14. इंतजार करना-2,3
15. आलेप, लोशन-4
16. सफेद का विलोम-2
18. पानी से सराबोर-2
19. माजरा, हालात-3
21. रिपोर्ट-3

### शब्द पहेली -8215 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 236.18 अंक या 0.29 फीसदी की गिरावट के साथ 81,289.96 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 93.10 अंक या 0.38 फीसदी गिरकर 24,548.70 अंक पर बंद हुआ। आजह सेंसेक्स में, एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स, मारुति, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भारी गिरावट के साथ बंद हुए हैं। वहीं, दूसरी तरफ भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.30 फीदसी बढ़कर 73.74 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 1,012.24 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। इससे भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। बीएसई सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से 12 शेयर बढ़त और 18 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इसमें एनटीपीसी के शेयर को सबसे अधिक घाटा हुआ, जबकि टेक महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक लाभ् में रहा। गिरावट के साथ बंद होने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, लार्सन एंड ट्रुबो, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से शामिल हैं। एनएसई के 2873 शेयरों में से 896 हरे निशान और 1904 शेयर लाल निशान पर रहे, जबकि 73 शेयरों में किसी प्रकार का बदलाव नहीं हुआ। इनमें एनटीपीसी को सबसे अधिक नुकसान हुआ। एनएसई में टूटने वाले दूसरे शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोल इंडिया, हीरो मोटर्स और बीपीसीएल शामिल हैं। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग हरे निशान में बंद हुए। यूरोपीय बाजार मिश्रित रुख पर कारोबार कर रहे थे। बुधवार को रात भर के कारोबार में वॉल स्ट्रीट ज्यादातर बढ़त पर बंद हुआ। जापान के निक्केई 225, हांगकांग के हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और चीन के शंघाई कंपोजिट मजबूत हुए. यूरोपीय बाजार और अमेरिकी बाजारों में बढ़त का रुख बना हुआ है।

### निवेशकों के 2.39 लाख करोड़ डूबे

सेंसेक्स 200 अंक लुढ़क गया। वहीं निफ्टी 24,550 के नीचे आ गया। इसके चलते शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति आज करीब 2.39 लाख करोड़ रुपये डूब गई। ब्रॉडर मार्केट में भी पिछले 13 दिनों से चली आ रही तेजी थम गई। बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स 1 फीसदी लुढ़ककर बंद हुआ

इससे पहले आज सुबह वै?श्विक बाजार के प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 गुरुवार को हल्की बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स हल्की बढ़त के साथ 81,512.28 पर ही खुला।

### आरबीआई के नए गवर्नर मल्होत्रा के लिए ये पहली गुड न्यूज, मंहगाई हुई कम

# सब्जियों की कीमतों में आई नरमी, महंगाई हुई कम

नई दिल्ली । महंगाई के मोर्चे पर भारत के लिए अच्छी खबर आई है। गुरुवार को मोदी सरकार ने नवंबर में महंगाई दर के आंकड़े जारी किए, जो कि राहत भरे हैं। दरअसल, अक्टूबर माह में खुदरा महंगाई तेजी से बढ़ते हुए 6 फीसदी के पार चली गई थी, लेकिन नवंबर महीने में ये गिरकर 5.48 फीसदी रही है। केंद्र ने बताया कि खाद्य पदार्थों, खासकर सब्जियों की कीमतों में आई नरमी के चलते महंगाई कम हुई है। बुधवार को ही आरबीआई के गवर्नर का पद संभालने वाले संजय मल्होत्रा के लिए ये पहली गुड न्यूज आई है। गौरतलब है कि आरबीआई ने महंगाई दर को 4-6 फीसदी के दायरे में रखने का लक्ष्य तय किया है और नवंबर में ये फिर 6 फीसदी से नीचे आ गई है।

भारत की खुदरा महंगाई दर इसके पिछले अक्टूबर में बढ़कर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। जो कि सितंबर में 5.49 प्रतिशत थी। ऐसा माना जा रहा था कि त?यौहारी सीजन में हाई फूड प्राइस के कारण महंगाई दर में इजाफा हुआ है। अगस्त 2023 के बाद यह पहली बार था जब महंगाई भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 6 प्रतिशत की सहनीय सीमा को पार कर चुकी थी। सितंबर में मुद्रास्फीति जुलाई के बाद पहली बार आरबीआई के मध्यम अवधि के लक्ष्य 4 प्रतिशत को पार कर गई, जो 5.49 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। यानी कि महंगाई में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है, जो लोगों की जेब पर असर डाल रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी सीपीआई डेटा के मुताबिक नवंबर में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर घटकर 9.04 फीसदी पर आ गई, जो कि अक्टूबर माह में 10.87 फीसदी पर पहुंच गई थी। वहीं बीते साल नवंबर 2023 में ये 8.70 फीसदी थी। एनएसओ के मुताबिक, नवंबर 2024 के दौरान सब्जियों, दालों और फूड प्रोडक्ट्स, चीनी और मिठाई, फलों, अंडों, दूध मसालों की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। नवंबर महीने में अनाज की महंगाई दर 6.88 फीसदी दर्ज की गई, जो कि अक्टूबर में 6.94 फीसदी थी। दालों में महंगाई दर 7.43 फीसदी से घटकर 5.41 फीसदी पर आ गई। बता दें कि सीपीआई आधारिक रिटेल महंगाई दर जुलाई-अगस्त महीने में औसतन 3.6 फीसदी के स्तर पर था, लेकिन फिर सितंबर महीने में ये उछलकर 5.5 फीसदी पर पहुंची और अक्टूबर महीने में ये आरबीआई का तय दायरा तोड़ते हुए 6.21 फीसदी पर पहुंच गई थी। यहां बता दें कि बीते सप्ताह ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई दर के अनुमान को 4.5 फीसदी से बढ़ाकर 4.8 फीसदी किया था।

# मनेरी में बिना पंचायत की एनओसी के लग रहें मोबाइल टॉवर का ग्रामीणों ने किया विरोध





लांजी ( पद्मेश न्यूज )। लांजी जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत मनेरी में एयरटेल कंपनी के द्वारा मोबाईल टॉवर लगाया जा रहा है जो कि ग्राम के चैतराम पिता गोविंदराम बिसेन की भूमि स्वामी हक की जमीन पर लगाया जा रहा है जिसका निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है लेकिन यह टॉवर नियम विरूद्ध लगाया जा रहा है क्योंकि पंचायत द्वारा इस टॉवर निर्माण कार्य के लिये किसी भी प्रकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नही किया गया है साथ ही ग्राम सरपंच, पंच गण एवं ग्रामीण जनों के द्वारा उक्त टॉवर ग्राम के बीचो बीच लगाये जाने का विरोध किया गया है

क्योंकि मोबाईल टॉवर यदि ग्राम के बीचो बीच होगा तो वह जनता के सेहत के लिये हानिकारक होता है यह मानना है ग्राम के सरपंच सहित ग्रामीण जनों का जिसको लेकर ग्रामीण जनो के द्वारा एसडीएम लांजी को भी उक्ताशय की शिकायत की गई है। साथ ही पंचायत के द्वारा प्रस्ताव भी लिया गया है कि टॉवर निर्माण संबंधी कोई भी अनुमति प्रदान नही की गई है। ग्राम पंचायत मनेरी सरपंच श्रीमती मनीषा सुभाष सहारे ने कहा कि एयरटेल कंपनी वाले ग्राम के बीचो बीच टॉवर लगा रहे है चैतराम बिसेन के यहां जो कि गांव वालो का इस संबध मे आपत्ती है। क्यों कि टॉवर लगने से अनेको हॉनियाँ होती है गर्भवती महिलाओं को समस्याऐ होती है,बच्चो को तकलीफे होती है नवजात शिशु को इनके रेडियेशन किरणे निकलती है जो कि स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। और पंचायत से इनके द्वारा कोई भी एनओसी नही दिया गया है तथा पंचायत के सभी पंचो के साथ बैठक भी ली गई है जिसमें उक्त संबध मे नोटिस जारी किया गया है।

### शासन के अनुमति के आधार पर निर्माण कार्य

इस संबंध में नायब तहसीलदार संजय बारस्कर से जानकारी प्राप्त की गई तो ज्ञात हुआ की चैतराम बिसेन की भूमि पर मोबाईल टॉवर निर्माण कार्य शासन की अनुमति के आधार पर की जा रही है। कलेक्टर महोदय बालाघाट के द्वारा भी टॉवर निर्माण की अनुमति प्रदान की गई है। नियमो के आधार पर ही निर्माण कार्य प्रारंभ है।

# राशि जमा कर समाज के लोगों ने स्वयं ही बना लिया मंगल भवन

किरनापुर ( पद्मेश न्यूज ) ।क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पाला मे मरार माली समाज एवं महात्मा ज्योतिबा फूले ग्राम विकास समिति द्वारा सामाजिक लोगों के सहयोग से स्वयं ही राशि जमा कर अपने लिए एक विशाल मंगल भवन तैयार कर लिया। और सभी के लिए एकजुटता की अनोखी मिशाल पेश की है।और इस भवन का नाम महात्मा ज्योतिबा राव फूले मंगल भवन रखा गया है। समिति द्वारा अपने समाज के गौरव पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक लांजी सुश्री हिना कावरे के मुख्यातिथ्य एवं हिम्मतलाल गढ़वांशी मरार माली समाज ब्लॉक अध्यक्ष की अध्यक्षता तथा टीकाराम खरे, मीरा राधेश्याम सिंघनदुपे, लता उमराव चौधरी,बेनीराम नागेश्वर, भोजराज ठाकरे, हगरु महाजन चौधरी, रणजीत सिंह चौहान, कन्हैया कावरे, तेजराम खरे,जे एल खरे, मुकेश जोशी, संजना मात्रे सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम भवन का फीता काट कर उदघाटन किया गया।






तत्पश्चात् महात्मा ज्योतिबा राव फूले, माता सावित्री बाई फूले एवं अमर शहीद लिखीराम कावरे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर पूजन कर किया गया। इस अवसर पर मंचासिन अतिथि वक्ताओं द्वारा महात्मा ज्योतिबा राव फूले, माता सावित्री बाई फूले द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद किया गया। वही स्व. लिखीराम कावरे द्वारा समाज हित में किए गये योगदान को याद किया गया। तथा समाज उत्थान में महापुरूषों के आदर्शो को अपनाकर शिक्षित होकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। तत्पश्चात् सहभोज का भी आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम के अंत मे संगीतमयी सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया।इस आयोजन को सफल बनाने मे महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति अध्यक्ष रामदयाल मानेश्वर, सचिव बसंत खरे, ललिता खरे, राजकुमारी नागेश्वर, राधन खरे सहित समस्त सामाजिक बंधुओं ने अपना सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

# शासकीय महाविद्यालय में एनएसएस द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में हुआ 35 यूनिट रक्तदान







लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के शासकीय महाविद्यालय में 12 दिसंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में बढ़ चढ़कर युवाओं के अलावा सभी वर्ग के लोगों ने भाग लिया। शिविर में महाविद्यालय के छात्राओं और स्टॉफ ने भी भाग लेकर रक्तदान किया। शिविर रासेयो प्रभारी श्रीमती कांता वर्मा सहायक प्राध्यापक के संयोजन और प्राचार्य रेवाराम सोनवाने के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर को सफल बनाने में महाविद्यालय के सहा. प्राध्यापक डॉ गौतमा कठान, श्रीमती दीपमाला सुर्यवंशी, गोलू परते, सुरेंद्र चिखले, डालेश विजयवार, लक्ष्मण बोरकर, केके चौधरी, महेश दमाहे, नितेश, हितेश, शुभम रामटेके, ममता नारनौरे, सुनिल तिड़के, खेलन बाई, शेषराम, गीता बाई के अलावा रासेयो के स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों का योगदान रहा। बालाघाट से ब्लड डोनेशन टीम के साथ आई श्रीमती श्यामा घालेकर ने बताया कि रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है।

### रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए

कार्यक्रम की संयोजक और रासेयो प्रभारी कांता वर्मा ने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता प? जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी।

### इन्होंने किया रक्तदान

शिविर में बलराम पटले, बादल भगत, रुपेश रावते, शिरीश करांहे, सुर्यांश वाग, महेश दमाहे, आकाश गोस्वामी, भुनेश्वर रामटेक्कर, नितिन मुरकुटे, गोलू परते, सुरेंद्र चिखले, राकेश तिड़के, चंद्रप्रकाश गुरदे, बालकदास, राकेश लिल्हारे, वर्षा नारनौरे, जितेंद्र नागपुरे, लोकेश कुमार घोरमारे, दीप कुमार दौने, राहुल चौके, खेमराज जांभुरकर, आशिशेख मेहरकर, कमल जांभुरकर, शैलेंद्र पांडे, प्रिंस सातपुते, मनीषा सातपुते, सुनील दमाहे, शुभम रामटेके, हितेश बंसोड़, शारूख नाजमी, एमडी जावेद खान, सुनील तिड़के, सुभाष मोरघड़े, जितेंद्र सातपूते व अन्य ने 35 यूनिट रक्तदान किया।

### इनका रहा योगदान

शिविर में जिला चिकित्सालय ब्लड डोनेशन टीम वीटी वेन में आए श्यामा घालेकर, एस के वासनिक, हेमंत पाटिल, कामिनि पंद्रे, सुरेश कुमार, वाहन चालक विक्की

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा लांजी की बैठक संपन्न

## नये पेंशनर साथी का श्रीफल भेंट देकर किया स्वागत



लांजी (पद्मेश न्यूज)। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा लांजी की आवश्यक बैठक 12 दिसम्बर को गायत्री शक्तिपीठ लांजी के सभागार बहेला सेक्टर की अध्यक्ष श्रीमती जनाबाई कोशरकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ किया गया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी माह में पेंशनर्स एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किए जाने हेतु रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा लांजी का वार्षिक स्नेह सम्मेलन जनवरी 2025 के प्रथम सप्ताह में आयोजित किए जाने हेतु विचार विमर्श किया गया। स्नेह सम्मेलन हेतु कार्यक्रम की तारीख, स्थान चयन, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के संबंध में चर्चा गई। बैठक में 17 दिसम्बर को पेंशनर्स डे पर बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में अवगत कराया गया तथा जिला पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा प्रत्येक तहसील से 75 वर्ष से उपर के एक व्यक्ति का सम्मान किया जाना है, जिसके लिए मोहपत ठाकरे का नाम प्रस्तावित किया गया। इस दौरान पेंशनर्स एसोसिएशन में नये सदस्य के रूप में उपस्थित आर के पशीने का श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। पेंशनर्स एसोसिएशन की आगामी बैठक 20 दिसम्बर को गायत्री शक्तिपीठ लांजी आयोजित की गई है। बैठक के दौरान प्रमुख रूप हृदयराम राहंगडाले, डी आर सोनवाने, ए एस उपाध्याय, गजलाल दमाहे, एन एल बसेना, डी आर बनोठे, सी एल मस्करे, येशुराम घोरमारे, कन्हैयालाल बनोठे, आशा मानकर, पंचकूला मोरे, बेबीनंदा उइके, इठ्ठाबाई लांडे, बलवंत बंते, भक्त प्रहलाद ठाकरे, वाय आर दहीकर, लखनलाल मुछावड़, राजेंद्र पशीने, जी डी बेदरे उपस्थित रहे।

भानेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927



# कुऐं में मिला 75 वर्षीय गोरेलाल नखाते का शव

लांजी (पद्मेश न्यूज) । लांजी थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेनेगांव में 12 दिसम्बर को सुबह मेहतर बावनकर के कुंऐ में 75 वर्षीय गोरेलाल नखाते का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जिसकी सूचना स्थानीय लोगो के द्वारा पुलिस थाना लांजी को दी गई। घटना के संबध में प्रार्थी प्रमोद कुमार बागमारे निवासी ग्राम डोरली ने बताया कि मेरे माता पिता के मृत्यू के बाद मेरे नानाजी गोरेलाल नखाते पिता स्व.लट्टू नखाते उम्र 75 वर्ष निवासी ग्राम डोरली हमारे साथ रहकर हमारा पालन पोषण करते थे। 10 दिसंबर के शाम करीब 5 बजे मेरे नानाजी डोरली से ग्राम टेड़वा अपने भतीजे बबलू नखाते के यहां जाने के लिये बोलकर निकले थे जो 12 दिसंबर को मुझे पता चला कि बेनेगांव निवासी मेहतर बावनकर के कुंऐ में एक शव देखा गया है, खबर सुनकर मै अपने चाचा मुकेश बागमारे व बडे पिताजी रामेश्वर बाघमारे तथा ग्राम के अन्य लोगो के साथ उक्त बताये स्थान पर पंहुचा, जहां देखा कि कुंऐ में पड़ा शव मेरे नानाजी गोरेलाल नखाते का ही है। फिर वहां पर मेरे चाचा मुकेश व बडे पिताजी रामेश्वर बागमारे एवं ग्राम के अन्य लोग घटना स्थल पर पंहुचे। मेरे नानाजी ग्राम में पण्डा पुजारी का काम करते थे और शराब पीने के आदि थे जो शराब के नशे में रहते थे, ऐसा प्रतीत होता है कि कुंऐ के पास पैर फिसलने से कुंऐ मे गिर गये होंगे और गिरने से गहरे पानी मे डूबने से मेरे नानाजी की मृत्यू हो गई। इस संबध में लांजी पुलिस को सूचित किया गया जहां लांजी पुलिस के थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी एवं स्टाफ घटना स्थल पर पंहुचकर मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु सिविल अस्पताल लांजी लाया गया तथा पीएम कर शव परिजनों को सौंपा गया। वहीं लांजी पुलिस के द्वारा मर्ग क्रमांक 73/24 कायम कर विवेचना में लिया गया है।

बोलेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# ग्राम पंचायतों को क्रियाशील बनाया जाए-मुख्यमंत्री




भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिन ग्राम पंचायत में कोई विवाद नहीं होगा , जिन ग्राम पंचायत में कोई झगड़ा नहीं होगा , एक ग्राम पंचायतों को पांच - पांच लाख रुपए दिए जाएंगे। इन ग्राम पंचायतों को वृंदावन ग्राम योजना से भी लाभान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को उज्जैन के एनआईसी कक्ष से वीसी द्वारा उज्जैन दक्षिण विधानसभा की ग्राम पंचायतों के सरपंचों से चर्चा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने वीसी में कहा कि मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान आगामी 26 जनवरी 2025 तक चलेगा। इसमें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीण जनों को अवगत कराया जाएगा तथा हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें सभी पंचायतों को क्रियाशील बनाना है

वीसी में उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जिले की 589 ग्राम पंचायतों में निरंतर कैंप लगाए जा रहे हैं। दक्षिण विधान सभा की सभी पंचायतों में वीडियो कॉन्फ्रेंस की सुविधा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के द्वारा लैकोड़ा ग्राम पंचायत, तालोद ग्राम पंचायत के सरपंच से चर्चा की गई। बताया गया कि तालोद में फतेहाबाद तक की सड़क का निर्माण हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने वीसी में कहा कि सरपंच , ग्राम पंचायतों में निरंतर भ्रमण करें। हितग्राहियों से चर्चा करें और उनकी समस्याओं को सुनकर , समय सीमा में उनका समाधान करें। वीसी में जानकारी दी गई की ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने ग्राम टंकारियापंथ के सरपंच और पटवारी से चर्चा की। ग्राम पंचायत उमरिया खालसा में जैन मुनियों के लिए अतिथि कक्ष भी बनवा दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में अतिथि कक्ष बनवाया जाए। वर्तमान में जो वेब सीरीज बनाई जा रही है उनमें उज्जैन की ग्राम पंचायतों में भी शूटिंग के लिए की जाए।

ग्राम पंचायत करोहन के सरपंच से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचकोशी यात्रा मार्ग में आने वाली सभी ग्राम पंचायतों को पंचकोशी राशि दिलवाई जाए। मुख्यमंत्री ने वीसी में कहा की सभी पटवारियों को याद रहना चाहिए कि उनके पटवारी हल्के की ग्राम पंचायतों में बंजर भूमि, रकबे की जमीन, आबादी की जमीन कितनी है? उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत में स्थित शासकीय जमीन का रिकॉर्ड निकाला जाए तथा वहां भविष्य को ध्यान में रखते हुए क्या विकास के कार्य किया जा सकते हैं इस पर परियोजनाएं बनाई जाएं। सभी ग्राम पंचायतों में बेरोजगार पुरुष और महिलाओं की सूची बनाई जाए। कितने लोग पढ़े लिखे हैं, कितने अनपढ़ हैं, वहां पर थानों की क्या स्थिति है, इसकी जानकारी अप-टू-डेट रखी जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्नत किसानो की जानकारी, महिला पुरुष की शिक्षा, रोजगार संबंधि, मेरिट मे आये बच्चो की जानकारी, अस्पताल, स्कूल, जमीन का रकबा, फसलों के सम्बन्धी भी जानकारी भी अपडेट रखने को कहा। मुख्यमंत्री ने वीसी में निर्देश दिए की ग्राम पंचायतों में सामूहिक विवाह के आयोजन कराए जाएं। आगामी वसंत पंचमी पर भव्य स्तर पर सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाए। लोगों को जागरूक किया जाए कि वे शादी और मृत्यु भोज पर अनावश्यक रुपया बर्बाद ना करें, बल्कि इनका उपयोग अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई में करें ।मुख्यमंत्री के द्वारा ग्राम पंचायत पंथपिपलाई, खेमासा के सरपंचों से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी तरह की कोई समस्या स्थानीय नागरिकों को नहीं आनी चाहिए।

वीसी में जानकारी दी गई की असलाना ग्राम पंचायत में बिजली के तार टूट रहे हैं ,इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत इनकी मरम्मत करवाए जाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशासनिक संकुल भवन में 1 वर्ष की उपलब्धि पर आधारित जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदर्शनी की प्रशंसा की।

## मुख्यमंत्री के ओएसडी लोकेश शर्मा का इस्तीफा

**- 31 दिसंबर तक बने रहेंगे वाजपेयी सुशासन और नीति विश्लेषण स्कूल के प्रभारी पद पर**

भोपाल। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण स्कूल के प्रभारी सीईओ और मुख्यमंत्री के ओएसडी लोकेश शर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। शर्मा ने 31 दिसम्बर तक का नोटिस मुख्यमंत्री सचिवालय को भेजा है। शर्मा के इस्तीफे के बाद अब इस संस्थान के उपाध्यक्ष और नए सीईओ का पद भरा जाएगा। पिछले साल संस्थान के उपाध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने इस्तीफा दे दिया था। तब से इस पद पर किसी को जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई है।

सुशासन स्कूल के प्रभारी सीईओ को राज्य शासन ने सीएम के ओएसडी के साथ सुशासन स्कूल में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी की जिम्मेदारी सौंप रखी थी। इसके बाद फरवरी 2024 में आईएएस अफसर स्वतंत्र कुमार सिंह को हटाए जाने के बाद से यहां सीईओ को पोस्टिंग नहीं हुई तो शर्मा के पास सीईओ का भी अतिरिक्त प्रभार था। शर्मा ने कहा कि वे पिछले तीन माह से यहां की सेवा से मुक्त होना चाह रहे थे। इसकी वजह पारिवारिक है। परिवार के सदस्य दिल्ली में रहते हैं। इसकी सहमति मिलने के बाद अब इस्तीफा दे दिया है और 31 दिसम्बर तक नोटिस पीरियड की सेवाएं देंगे। शर्मा ने अपने कार्यकाल में विवादों को लेकर कहा कि कभी किसी तरह का विवाद नहीं रहा है। सरकार की मंशा के मुताबिक काम करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस्तीफे की वजह निजी है, भले ही उसे कोई अन्य रूप में बताया जाए।

पिछले साल शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री पद से हटने के फैसले के पहले अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन और नीति विश्लेषण स्कूल के उपाध्यक्ष पद से प्रो. सचिव चतुर्वेदी ने इस्तीफा दिया था। तब यह बात चर्चा में थी कि लोकेश शर्मा से विवाद के चलते सचिन चतुर्वेदी ने इस्तीफा दिया है। हालांकि चतुर्वेदी ने इसे अपना व्यक्तिगत फैसला बताया था। चतुर्वेदी के इस्तीफे के बाद उपाध्यक्ष का पद रिक्त है।

## तीन दिन होगा आईएएस ऑफिसर्स मीट

भोपाल। मध्य प्रदेश में आईएएस एसोसिएशन से जुड़ी हुई एक बड़ी खबर सामने आई है। प्रदेश में 2 दिन के लिए आईएएस मीट मनाया जाएगा। आईएएस एसोसिएशन की हुई बैठक में यह फैसला हुआ है। 20 दिसंबर से 22 दिसंबर तक भोपाल में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। आईएएस के अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान ने पदाधिकारी को तैयारी करने के निर्देश दिए है। इसके तहत स्पोर्ट्स, कल्चरल एक्टिविटी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में आईएएस अधिकारी शामिल होंगे।

दरअसल आईएएस ऑफिसर्स मीट में प्रदेश के आईएएस अधिकारी परिवार सहित शामिल होते है। जिसमें अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

तीन दिन चलने वाले इस आयोजन में अलग-अलग फन गेम्स का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रशासन अकादमी से होगी, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो सकते हैं। यह मुख्यमंत्री यादव के कार्यकाल में होने वाली पहली आईएएस सर्विस मीट होगी।

**सर्विस मीट की तैयारियां शुरू**

मध्य प्रदेश आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा हर साल आयोजित होने वाली सर्विस मीट की तारीख तय कर ली गई है, हालांकि कार्यक्रमों की रूपरेखा फाइनल होना बाकी है। साल 2024 की यह सर्विस मीट 2 फरवरी से शुरू होने वाली थी, लेकिन आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने इसे टाल दिया था। इस बार 20 से 22 दिसंबर के बीच आयोजन की तारीखें तय की गईं हैं। पिछले साल नई सरकार बनने और लोकसभा चुनाव की तैयारियों के कारण सर्विस मीट नहीं हो सकी थी। इस बार सर्विस मीट के मुख्य कार्यक्रम प्रशासन अकादमी, मिंटो हॉल और अरेरा क्लब में आयोजित होंगे। नव नियुक्त और नव पदस्थ आईएएस अफसर, उनके परिजन और रिटायर्ड आईएएस अधिकारी भी इस आयोजन में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान वे अपनी कला और अन्य कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रिकेट, बैडमिंटन समेत अन्य फन गेम्स का भी आयोजन किया जाएगा।

**विधानसभा सत्र के बाद होगा आयोजन**

विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 से 20 दिसंबर तक चलने वाला है। इसी को ध्यान में रखते हुए आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने सर्विस मीट का कार्यक्रम 20 दिसंबर से तय किया है, ताकि सरकार के कामकाज में किसी तरह की बाधा न हो। बताया जाता है कि एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान, सचिव विवेक पोरवाल और अन्य अफसर कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने में जुटे हैं। 15 दिसंबर तक फन गेम्स और टीमों का गठन फाइनल हो जाएगा।

**जूनियर और सीनियर अफसरों की होती है जुगलबंदी**

आईएएस सर्विस मीट अफसरों को बेहद पसंद है, क्योंकि इस दौरान वे फाइलों के बोझ से दूर अपने परिवार के साथ समय बिताते हैं। जूनियर और सीनियर अधिकारियों के बीच खुला संवाद होता है, जिससे जूनियर अफसरों को सीनियर्स को समझने और सीखने का अवसर मिलता है।

## आयुष्मान कार्ड से गरीबों को नहीं मिल रहा इलाज

**निजी अस्पतालों के पैकेज से 196 बीमारियों हुईं बाहर**

भोपाल। आयुष्मान कार्ड धारकों को निजी अस्पतालों में 196 बीमारियों का इलाज नहीं मिल रहा। इसमें सीजर डिलीवरी, मोतियाबिंद, मलेरिया, नवजात शिशु देखभाल जैसी सामान्य बीमारियां शामिल हैं। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए भी 5 लाख रुपये की सीमा पर्याप्त नहीं है।

सवाल यह उठता है कि आखिर आयुष्मान कार्ड धारकों को निजी अस्पतालों में इलाज मिलना क्यों कठिन हो गया है? दरअसल मध्य प्रदेश में पिछले सालों में आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा और उज्जैन में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद, सरकार ने कई बीमारियों को निजी अस्पतालों के पैकेज से बाहर कर दिया है। इससे मरीजों को सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

जहां तक अन्य राज्यों की योजनाओं की बात है तो यहां बताते चलें कि राजस्थान में चिरंजीवी योजना है, जिसकी सीमा 10 लाख तक की है। इस योजना में सरकारी और निजी दोनों ही अस्पताल शामिल किए गए हैं। वहीं आंध्र प्रदेश की आरोग्यश्री योजना है, जिसकी सीमा 5 लाख तक की है। गुजरात में मुख्यमंत्री अमृतम योजना चल रही है जो कि गंभीर बीमारियों पर फोकस करती है।

इस संबंध में जब हम मध्य प्रदेश की स्थिति को देखते हैं तो पाते हैं कि आयुष्मान योजना के तहत निजी अस्पतालों में सामान्य बीमारियों का इलाज बंद होने से मरीजों को राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों का रुख करना पड़ रहा है। सरकारी अस्पतालों में वेटिंग लिस्ट लंबी हो रही है। इससे गरीबों को उचित इलाज मिलना भी मुश्किल हो गया है। इस पूरे मामले में स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला का कहना है कि अन्य राज्यों के मॉडल का अध्ययन कर योजना में सुधार की कोशिश की जाएगी। इससे उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही योजना का लाभ दोबारा गरीबों को समय पर मिल सकेगा।

## नए साल में दौड़ेंगी सरकारी यात्री बसें

**अगली कैबिनेट में प्रस्ताव पर लग सकती है मुहर, आदिवासी इलाकों में दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक बसें**

भोपाल। प्रदेश में 19 साल से बंद सड़क परिवहन निगम के स्थान पर अब राज्य सरकार नए सिरे से यात्री परिवहन सेवा शुरू करने जा रही है। इसको लेकर बुधवार को सीएम डॉ मोहन यादव ने समत्व भवन में मुख्य सचिव अनुराग जैन, परिवहन विभाग के एसीएस एसएनएस मिश्रा समेत अन्य अधिकारियों की बैठक ली। सीएम ने इस मुद्दे को अगली कैबिनेट बैठक में लाने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि कैबिनेट बैठक में इस पर मुहर लगन के बाद जनवरी 2025 में इसकी शुरुआत हो जाएगी।



बैठक में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में नवीन यात्री बस सेवा के संचालन में यात्री सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। ग्रामीण क्षेत्र के यात्रियों की आवश्यकता और इंटर सिटी मार्गों के महत्व को ध्यान में रखते हुए बसों का संचालन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि टिकट बुकिंग, बस ट्रैकिंग जैसे टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म के सभी लाभ यात्रियों को सरलता से प्राप्त हों, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि जो बस ऑपरेटर परमिट में तय नियम शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जाए। सीएम ने कहा कि यात्री सुविधा पर पूरी तरह से फोकस किया जाए। बसों की ट्रैकिंग करने का काम भी किया जाए ताकि लोगों को दिक्कत न हो।

**शुरुआत आदिवासी अंचल से**

बताया जाता है कि परिवहन विभाग द्वारा शुरू की जा रही नवीन यात्री बस सेवा सबसे पहले प्रदेश के आदिवासी अंचल से शुरू हो सकती है। इससे इन क्षेत्रों को शहरों से जोड़ने में आसानी होगी। इसके बाद प्रदेश भर के दूसरे क्षेत्रों में भी सरकारी बसों को शुरू किया जाएगा। पहले राज्य परिवहन की बस डीजल से चलती थी। अब इलेक्ट्रिक से चलने वाली नई बसें सड़कों पर उतारने की तैयारी है। ये ईको फ्रैंडली बसें ध्वनि के साथ-साथ वायु प्रदूषण को भी रोकेंगी।

**छह माह पहले सीएम ने दिए थे तैयारी के निर्देश**

जून में कैबिनेट बैठक के दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव ने इसे दोबारा शुरू करने को लेकर एक बैठक ली थी। इसमें उन्होंने रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए थे। गौरतलब है कि वर्ष 2005 में सरकार ने सड़क परिवहन निगम बंद कर दिया था। लेकिन तकनीकी रूप से इसे बंद करने का गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं किया था।

## सीटू ने किया कांग्रेस के विधानसभा घेराव का समर्थन

भोपाल। विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 से 20 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। सत्र के पहले ही दिन कर्ज, क्राइम और करप्शन को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस विधानसभा का घेराव और प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस समर्थित कर्मचारी-श्रमिक संगठन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) की भेल इकाई ने विधानसभा घेराव का समर्थन किया है।

सीटू भेल के महामंत्री दीपक गुप्ता ने बताया कि संगठन कांग्रेस के प्रदर्शन का पूर्वतः समर्थन कर रहा है। साथ ही सीटू के पदाधिकारी व सदस्य विधानसभा घेराव में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकारों की नीतियां कर्मचारी विरोधी हैं, जिन्हें लेकर संगठन पहले से ही कर्मचारियों के हक की लड़ाई लड़ रहा है।

## आरएसएस मुस्लिमों में जगाएगा राष्ट्रवाद की अलख

भोपाल। अभी तक आपने आरएसएस के शिविर तो सुने होंगे, लेकिन ऐसा पहली बार कि संघ अब मुस्लिमों के लिए भी शिविरों का आयोजन करेगा। यह शिविर भी आरएसएस के अनुषांगिक संगठन राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के बैनर तले होगा। मुस्लिम मंच से नए साल में संगठनात्मक कार्य रूपरेखा तैयार की है। इस बार जोर इस बात का होगा कि मुस्लिम वर्ग में राष्ट्रवादी सोच को विकसित किया जाए। मजबूत राष्ट्र के लिए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें।

राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के प्रदेश संयोजक फारूख खान ने बताया कि प्रदेश में लगातार राष्ट्रीय मुस्लिम मंच सक्रिय है। मंच के आगामी कार्यक्रमों को लेकर पूरा खाका तैयार किया गया है। इस साल मुस्लिमों के शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा कार्यशालाओं का भी आयोजन होगा। एमपी के अल्पसंख्यक बाहुल्य जिलों में विशेष सक्रियता भी बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया तालीम, तहजीब और तरक्की राष्ट्रीय मुस्लिम मंच का नारा है। जो राष्ट्रवादी सोच विकसित करने के लिए बेहद जरूरी है।

**आरोप-प्रत्यारोप तेज**

मामले को लेकर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव के परिणाम ने भाजपा को सांप्रदायिक राजनीति करने का आईना दिखाया। मोदी सरकार बैसाखियों पर खड़ी है। लिहाजा अब आरएसएस को मुस्लिमों की याद आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा को असंख्यक वर्ग को अपना दुश्मन ही मानती है। नफरत की राजनीति करती है। यदि राष्ट्रवाद की संघ को इतनी ही चिंता है तो राष्ट्र के आधार मात्र शक्ति को सभी संघ के शीर्ष पदों पर क्यों नहीं बिठाया जाता। ऐसे हथकंडों से मुस्लिम वर्ग को सावधान रहना चाहिए। कांग्रेस के आरोप पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शिवम शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस कहती कुछ है और करती कुछ है। तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली कांग्रेस को इस्लाम सिर्फ जिहाद की परिभाषा दिखाई देती है। संघ और राष्ट्रीय मुस्लिम मंच सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी संगठन है। ऐसे मुस्लिम जो राष्ट्रवादी सोच रख मां भारती के वैभव के लिए जीना चाहते हैं उनका हमेशा स्वागत ही रहा है। कांग्रेस मुस्लिमों ने राष्ट्रवाद नहीं बल्कि अवसरवाद की तलाश में रहती है।

## मप्र कर्मचारी मंच का आरोप
## स्थाईकर्मियों को नियमित करने में अधिकारी कर रहे भेदभाव

भोपाल . मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों पर स्थाई कर्मियों को नियमित करने में भेदभाव का आरोप लगाया है। मंच के अध्यक्ष अशोक पांडे ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है और सभी स्थाईकर्मियों को नियमित करने की मांग की है।

पांडे ने कहा कि शासन के आदेश के 8 वर्ष बाद भी सभी स्थाई कर्मियों को नियमित नहीं किया जा रहा है। बस कुछ जिलों में नियमितीकरण के आदेश जारी किए गए हैं। वे कहते हैं कि अभी विभागों में चतुर्थ श्रेणी के 22 हजार नियमित पद रिक्त हैं। जिन पर इन कर्मचारियों को नियमित किया जा सकता है। पांडे ने बताया कि रीवा कलेक्टर ने 38 स्थाई कर्मियों को चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियमित करने के आदेश जारी किए हैं,जबकि प्रदेश के अन्य विभागों में अधिकारी स्थाई कर्मियों को नियमित करने में रुचि नहीं ले रहे हैं। सेवा के 25 से 35 साल पूरे होने के बाद भी 40 हजार स्थाईकर्मी नियमित नहीं हो पाए हैं और उनके परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

## परीक्षा फीस से ही बेरोजगारों से करोड़ों जुटाएगी बिजली कंपनी

**-1000 रुपए है आवेदन शुल्क, 50 हजार से ज्यादा आवेदन आने की संभावना**

भोपाल। प्रदेश में बिजली कंपनियों में लंबे समय बाद भर्ती प्रक्रिया होने जा रही है। 2573 पदों के खिलाफ पश्चिम क्षेत्र बिजली कंपनी ने विज्ञापन जारी किया है। जिसमें के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 24 दिसंबर निर्धारित की है। हालांकि अभी न तो परीक्षा की तिथि तय है और न ही परीक्षा का सिलेबस निर्धारित किया है। लेकिन प्रति आवेदन 1000 रुपए शुल्क लिया जाएगा। जिससे बिजली कंपनी करोड़ों रुपए जुटा लेगी। कर्मचारी चयन बोर्ड (ईएसबी) द्वारा प्रमुख भर्ती परीक्षाओं के लिए निकाली जाने वाली भर्ती में एक पद के लिए औसतन 100 आते हैं। कुछ परीक्षाओं में यह संख्या ज्यादा या कम हो जाती है। ऐसे में बिजली कंपनी के 2573 पदों के विरुद्ध 2 लाख 57 हजार आवेदन आ सकते हैं। यह संख्या कम या ज्यादा भी हो सकती है। ऐसे में इन पदों के लिए 1000 रुपए शुल्क के हिसाब से 25 करोड़ 73 लाख का शुल्क होता है। हालांकि आरक्षित वर्ग के आवेदकों के लिए परीक्षा शुल्क में रियायत दी गई है। बिजली कंपनी की भर्ती परीक्षा विज्ञापन को लेकर विवादों में न होकर चर्चा में है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि परीक्षा शुल्क को लेकर बिजली कंपनी के अफसरों ने अपने स्तर पर निर्णय लिया है। शासन स्तर के अफसरों की सिर्फ मौखिक स्वीकृति ली है। जबकि शासन की लिखित सहमति नहीं ली गई है। उल्लेखनीय है कि ऊर्जा विभाग में 2573 पदों भर्ती सभी 6 बिजली कंपनियों के लिए है। भर्ती की जिम्मेदारी पश्चिम क्षेत्र बिजली कंपनी को सौंपी गई है।

**पहले आवेदन, फिर घोषित होगी परीक्षा तिथि- प्रबंध संचालक**

भर्ती प्रक्रिया की नोडल कंपनी मप्रपक्षेविविकं इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि परीक्षा एमपी ऑनलाइन द्वारा ली जाना हैं। इसके फार्म 24 दिसंबर से ऑनलाइन लिए जाएंगे, सभी फार्म जमा होने के उपरांत परीक्षा तिथि की विधिवत घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कंपनी के अधिकारी एमपी ऑनलाइन की टीम से सतत संपर्क में हैं, परीक्षाओं को लेकर जारी सिलेबस भी आगामी एक सप्ताह में वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि तकनीकी पदों के लिए विषय आधारित और सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे जाएंगे, वहीं गैर तकनीकी पदों के लिए सामान्य ज्ञान आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे। जिन पदों पर भर्ती हो रही है, उनमें कार्यालय सहायक श्रेणी - 3, लाईन परिचालक (वितरण), सुरक्षा उप निरीक्षक, कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) मैकेनिकल, कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) इलेक्ट्रॉनिक, कनिष्ठ अभियंता/सहायक प्रबंधक (सिविल), कनिष्ठ अभियंता/सहायक प्रबंधक (ट्रांस./वितरण/संयंत्र-इलेक्ट्रिकल) सहायक विधि अधिकारी/ विधि सहायक आदि शामिल हैं। साथ ही सहायक प्रबंधक (मा.सं.), सहायक प्रबंधक (सू. प्रौ.), संयंत्र सहायक- मैकेनिकल, संयंत्र सहायक (इलेक्ट्रिकल), औषधि संयोजक, भंडार सहायक, कनिष्ठ शीघ्र लेखक, एएनएम, ड्रेसर (पट्टी बंधक), स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर, ईसीजी टेक्नीशियन, अग्निशामक, सुरक्षा सैनिक, प्रोग्रामर, कल्याण सहायक, सिविल परिचारक इत्यादि शामिल हैं।

## कांग्रेस ने विधानसभा घेराव की तैयारी की तेज

**- 16 को 1 लाख कार्यकर्ता करेंगे प्रदर्शन**

भोपाल। कांग्रेस ने विधानसभा घेराव की तैयारी तेज कर दी है। इसी कड़ी में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी नरसिंहपुर के तेंदूखेड़ा विधानसभा पहुंचे। जहां उन्होंने विपक्ष की भूमिका मिलने पर जनता के मुद्दे उठाने की बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कहा है।

जीतू पटवारी ने कहा कि 16 दिसंबर को विधानसभा का घेराव करना है। भाजपा ने अपना वचन पूरा नहीं किया। अपना वचन पत्र प्रदेश की जनता के सामने रखा था कि 2700 रुपए में गेहूं, 3100 रुपए में धान, 3000 रुपए लाडली बहनों को देंगे। यही नहीं, 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने की बात कही थी। किसान 6000 रुपए में सोयाबीन खरीदी की मांग कर रहे थे। तब शिवराज सिंह ने झूठ बोलकर उन्हें गुमराह किया। पटवारी ने आगे कहा कि पीएम मोदी महाराष्ट्र में 6000 की बात कर रहे हैं। 1 साल की सरकार झूठ का पुलिंदा निकली। हमें विपक्ष की भूमिका निभाना है। जनता के लिए लड़ना है। इस नाते एक लाख कार्यकर्ताओं के साथ 16 दिसंबर को विधानसभा का बड़ा घेराव करेंगे और सरकार से अपना वचन निभाने के लिए कहेंगे।

## केंद्र सरकार की जांच में जल जीवन मिशन में बड़ी गड़बड़ी का खुलासा
# 10 हजार करोड़ खर्चने के बाद भी 217 गांवों में नल से पानी नहीं पहुंचा



भोपाल। मप्र में जल जीवन मिशन में 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च हो गई है। अब केंद्र सरकार की रिपोर्ट में एक बड़ा खुलासा हुआ है। मिशन के तहत कई अब तक ना तो कई गांवों में नल कनेक्शन लगाए गए और नाही पानी की सप्लाई शुरू हो सकी है। इसके बावजूद कार्य पूरा होने की रिपोर्ट दे दी गई। यहीं नहीं जहां पानी की सप्लाई हो रही है, वहां पानी की गुणवत्ता मानकों के अनुसार ठीक नहीं है।

प्रदेश में घर-घर पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने के उद्देश्य से 2019 को शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना अधर में लटकी है। 2024 में मिशन का कार्य अधूरा होने के बाद केंद्र सरकार ने जुलाई में मप्र के 1271 सर्टिफाइड गांवों में सर्वे कराया। एक निजी एजेंसी द्वारा किए गए इस सर्वे में केवल 209 गांव ही मानकों पर खरे उतरे। वहीं, 217 गांवों में नल कनेक्शन तो लगाए गए, लेकिन पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई। 13 गांवों में नल कनेक्शन तक नहीं लगाए गए, बावजूद इसके कार्य पूरा दिखा दिया गया। 778 गांवों में जल गुणवत्ता की जांच में 390 सैंपल अमानक पाए गए। रिपोर्ट के अनुसार सबसे खबरा स्थिति अलीराजपुर और सिंगरौली के गांवों में है। यहां पर जल जीवन मिशन की स्थिति बहुत खराब है।

**जल परीक्षण में चौंकाने वाले परिणाम सामने आए**

वहीं, थर्ड-पार्टी एजेंसी द्वारा लिए गए जल परीक्षण सैंपल में चौंकाने वाले परिणाम सामने आए। सर्वे के दौरान पानी में बैक्टीरियल कंटामिनेशन और रासायनिक मिलावट पाई गई, जिससे मिशन की प्रमाणिकता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह रिपोर्ट अब केंद्र ने राज्य सरकार को सौंपी है। इसके बाद अब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से सवाल जवाब किया गया है कि गड़बड़ियों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई। बता दें 15 अगस्त 2019 को शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना अधर में लटक गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना की शुरुआत करते हुए मार्च 2024 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा था। मध्य प्रदेश में योजना में 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च हो गए है। इसके बावजूद योजना का काम पूरा नहीं हुआ है। अभी भी लाखों कनेक्शन होना बाकी है। जानकारी के अनुसार अभी योजना के तहत हजारों करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान अटका हुआ है।

# गाबा टेस्ट के पांचों दिन बारिश के आसार

## मैच ड्रॉ हुआ तो WTC में भारत की मुश्किलें बढ़ेंगी, फाइनल के लिए सभी मैच जीतने होंगे

ब्रिस्बेन। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप-2023-25 में भारत की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। दरअसल, भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 14 दिसंबर से होने जा रहे गाबा टेस्ट के पांचों दिन ब्रिस्बेन में बारिश के आसार हैं। अगर गाबा टेस्ट के दौरान बारिश होती है और मैच ड्रॉ हो जाता है, तो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की रेस में भारत की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी, क्योंकि यहां से फाइनल पहुंचने के लिए टीम इंडिया को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शेष सभी मुकाबले जीतना जरूरी हो जाएगा। फिलहाल, BGT एक-एक की बराबरी पर चल रही है। पिछला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में 10 विकेट से जीता था, जबकि भारत ने पर्थ टेस्ट को 295 रनों से अपने नाम किया था। गाबा टेस्ट के पहले दिन सबसे ज्यादा बारिश होगी मौसम वेबसाइट accu weather के अनुसार, ब्रिस्बेन में 14 दिसंबर को सबसे ज्यादा 88% बारिश होने के चांस हैं। मैच के दूसरे दिन 49% और चौथे दिन 42% बारिश के आसार हैं। तीसरे और पांचवें दिन भी 25-25% बारिश के अनुमान हैं।

गाबा में बारिश से भारत को नुकसान क्यों? WTC पॉइंट्स टेबल में भारत तीसरे स्थान पर है। साउथ अफ्रीका पहले और ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर है। यहां से साउथ अफ्रीका के फाइनल में पहुंचने के सबसे ज्यादा चांस हैं। यदि गाबा टेस्ट ड्रॉ होता है, तो टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के साथ पॉइंट्स बांटने पड़ेंगे।

इतना ही नहीं, पॉइंट्स टेबल की मौजूदा स्थिति के अनुसार, भारत को अपने दम पर WTC फाइनल में जगह बनाने के लिए अगले तीनों मैच जीतने होंगे। हारने या ड्रॉ की स्थिति में भारत को ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका सीरीज के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। 1-1 की बराबरी पर है टेस्ट सीरीज भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। भारत ने पहला मुकाबला 295 रनों से जीता था। फिर ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड टेस्ट 10 विकेट से जीता था। गूगल में ट्रेंड पर आया गाबा टेस्ट बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेला जाएगा। मुकाबले से दो दिन पहले ही गाबा टेस्ट गूगल ट्रेंड पर आ गया है।




## एंडी रॉबर्ट्स ने शमी को बुमराह से बेहतर गेंदबाज बताया

जमैका। वेस्टइंडीज के दिग्गज तेज गेंदबाजों में शामिल रहे एंडी रॉबर्ट्स ने मोहम्मद शमी की जमकर सराहना करते हुए उन्हें जसप्रीत बुमराह से बेहतर गेंदबाज बताया है। रॉबर्ट्स के अनुसार भारतीय टीम के पास अगर कोई सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज है तो वह मोहम्मद शमी है न कि बुमराह। रॉबर्ट्स का यह बयान तब आया है जबकि विश्व के शीर्ष खिलाड़ियों ने बुमराह को विश्व का नंबर एक गेंदबाज करार दिया है पर रॉबर्ट्स का मानना है कि मैच जीतने के लिए जो शमी कर सकते हैं, वो बुमराह नहीं कर सकते। दिग्गज ने माना कि अगर एडिलेड में शमी होते तो टीम इंडिया कभी भी नहीं हारती।



वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर के अनुसार शमी पिछले कुछ समय से भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। हो सकता है कि उन्हें उतने विकेट न मिले जितने कि जसप्रीत बुमराह को मिले पर वह एक फुल पैकेज हैं और बाकियों की तुलना में अधिक बेहतर हैं। रॉबर्ट्स ने कहा कि शमी गेंद को स्विंग कराते हैं, शमी गेंद को सीम करते हैं और शमी का नियंत्रण भी बुमराह जितना ही अच्छा है। रॉबर्ट्स का मानना है कि शमी के नहीं होने से भारतीय टीम दूसरा टेस्ट हार गयी। वहीं उनका मानना है कि मोहम्मद सिराज कहीं से भी शमी के आसपास भी नहीं हैं। साथ ही कहा कि शमी के पास बुमराह से अधिक कौशल है, यानी, वह गेंद को स्विंग और सीम करता है, और जहां तक नियंत्रण की बात है, वह बुमराह के बराबर है। पिछले साल उनका एकदिवसीय विश्व कप में वह भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में से एक थे। वहीं, बुमराह की बात करें तो वह भी शानदार रहे हैं। वह सिडनी बार्न्स के बाद 180 से अधिक विकेट और 20 से कम औसत वाले पहले गेंदबाज हैं।

## पोंटिंग का रिकार्ड तोड़ने विराट को चाहिये 227 रन

ब्रिस्बेन। भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैचों में दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ सकते हैं। क्रिकेट में सबसे अधिक रनों के मामले में सचिन तेंदुलकर (34,357) के बाद दूसरे नंबर पर कुमार संगकारा है। श्रीलंका के संगकारा ने 594 मैचों में 28,016 रन बनाए हैं। इनमें 63 शतक शामिल हैं। वहीं पोंटिंग तीसरे नंबर पर हैं। पोंटिंग ने 560 मैचों में 27,483 रन बनाए हैं, इनमें 71 शतक शामिल हैं। अभी सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में विराट चौथे नंबर पर हैं। विराट को रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ने के लिए 227 रन चाहिए, ये रन बनाते ही उनके कुल



27,484 रन हो जाएंगे। विराट ने अब तक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 4 पारियों में एक शतक बनाया है पर 3 पारियों में वह विफल रहे हैं। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक महीने के अंदर 3 टेस्ट मैच और खेलने हैं। ऐसे में कोहली के प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह पोंटिंग को पीछे छोड़ देंगे। मौजूदा क्रिकेटरों में विराट कोहली के बाद सबसे अधिक रन जो रूट के नाम हैं। उन्होंने 354 मैचों में 20,301 रन बनाए हैं. इनमें 52 शतक शामिल हैं।

## मॉडल एवा लुईस ने एनएफएल लीग मैच में टीशर्ट ऊपर उठाने का कारण बताया

लास वेगास। ओनलीफैन्स मॉडल एवा लुईस ने नैशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) को लेकर एक अहम खुलासा किया है। मॉडल एवा ने कहा है कि एक सीनियर खिलाड़ी ने लीग में खिलाड़ियों का ध्यान भटकाने के लिए उन्हें मैच की दो टिकटें मुफ्त में दी थीं। तब मैच के दौरान न्यू ऑरलियन्स सेंट्स के खिलाड़ियों का ध्यान खेल से हटाने के लिए लुईस ने अपनी टीशर्ट तक ऊपर उठा दी थी। इस मॉडल ने इंस्टाग्राम पर भी अपनी स्टैंड्स में खींची गई टॉपलेस तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने इन तस्वीरों के साथ लिखा, मैं जीविका के लिए जो करती हूं, उसके अपने फायदे हैं पर एवा ने उस खिलाड़ी का नाम नहीं बताया जिसने उसे ऐसा करने के लिए मुफ्त में टिकटें दीं थीं। एवा ने कहा कि मैं उसका नाम इसलिए नहीं बता रही ताकि कोई विवाद न हो। एवा के इस प्रकार के ड्रामे के बाद भी सेंट्स की टीम जीत गयी। ये पहली बार नहीं है जब एवा ने इस प्रकार की हरकत की हो। इससे पहले उन्होंने न्यूयॉर्क-डबलिन पोर्टल पर लगे बड़े शीशे के सामने भी अपनी टीशर्ट ऊपर उठा दी थी। इस कारण उनके सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या 4 लाख से ऊपर निकल गयी थी। एवा को टिकट देने वाले खिलाड़ी की बातचीत के कुछ स्क्रीन शॉट भी सामने आए हैं। एक में लिखा है- अगर तुम मेरे लिए बेहतर काम करती हो और सेंट्स टीम का ध्यान भटकाने के लिए उनके सामने टी-शर्ट उठाओगी तो मैं तुम्हें गेम के 2 मुफ्त टिकट दे दूंगा। एवा ने कहा कि उसे ये स्वीकार है। इसके बाद एवा ने लिखा, मुझे टिकट ईमेल करें तक मैं देखूंगी कि मैं क्या कर सकती हूं।

## साल 2024 में एक भी एकदिवसीय मैच नहीं जीती भारतीय टीम

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए इस साल एक भी एकदिवसीय मैच नहीं जीती है। 1979 के बाद यह पहला और तीसरा अवसर है जब टीम ने साल में एक भी 50 ओवरों का मुकाबला नहीं जीता। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम साल 1974 से ही लगातार एकदिवसीय मैच खेल रही है। शुरुआती दौर में भारत का इस प्रारुप में प्रदर्शन अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा और वह साल 1974, 1976 और 1979 में एक भी एकदिवसीय मैच नहीं जीत पायी। इसी दौर में उसने 1975 का विश्वकप



जीतकर और 1978 में पाकिस्तान को हराया। साल 1980 से भारतीय क्रिकेट की जीत का जो सिलसिला शुरू हुआ वह 2023 तक लगातार जारी रहा। भारतीय टीम ने हर साल मैच जीते हैं पर इस साल उसे एक भी जीत एकदिवसीय में नहीं मिली। भारतीय टीम ने हालांकि इस साल ज्यादा एकदिवसीय मैच नहीं खेले हैं। भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ अगस्त में 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेली थी जिसे श्रीलंका ने 2-0 से जीता था। वहीं इस सीरीज का एक मैच रद्द हो गया था।

वहीं न्यूजीलैंड की टीम ने इस साल 3 एकदिवसीय मैच खेले और उसे भी इन तीनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें इस साल सबसे कम एकदिवसीय मैच खेलने वाली टीमें भी रहीं।

## पुर्तगाल का नाम विश्वकप मेजबानी में शामिल होने से उत्साहित रोनाल्डो बोले, सपना सच हुआ

मैड्रिड। पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो साल 2030 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप को लेकर खासे उत्साहित हैं। रोनाल्डो ने कहा कि छह साल बाद होने वाला यह टूर्नामेंट बेहद खास होगा, ये किसी सपने के सच होने जैसा है। इस विश्व कप की मेजबानी पुर्तगाल सहित पांच अन्य देशों को मिली है। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने कहा है कि 2030 के मैच संयुक्त रुप से तीन महाद्वीपों के छह देशों में खेले जाएंगे। यह पहली बार है जबकि विश्व कप छह देशों में खेला जाएगा। जिसमें पुर्तगाल के अलावा स्पेन और मोरक्को जैसे देश शामिल हैं। इसके अलावा दक्षिण अमेरिकी देशों अर्जेंटीना, पैराग्वे और उरुग्वे में भी इसके एक-एक मैच होंगे।

## गुकेश वर्ल्ड चेस चैंपियन बने



सिंगापुर। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। ऐसा करने वाले वह दुनिया के सबसे युवा प्लेयर बन गए हैं। उनकी उम्र महज 18 साल है। उन्होंने चीन के डिफेंडिंग चैंपियन डिंग लिरेन ने को 14वें गेम में 1-0 से हराया। अब स्कोर 7.5-6.5 हो गया है। बुधवार को वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप की 13वीं बाजी में 68 चाल के बाद गुकेश को गेम ड्रॉ खेलना पड़ा था।

रविवार तक 11 गेम के बाद गुकेश 6-5 से आगे थे। 11 में से 8 गेम ड्रॉ रहे थे, जबकि 2 में गुकेश और 1 में लिरेन को जीत मिली थी। लेकिन लिरेन ने वापसी की और 12वां गेम जीत लिया और स्कोर फिर बराबर कर दिया। चैंपियन बनने के लिए खिलाड़ी 7.5 पॉइंट्स तक पहुंचना होगा।

11वां गेम गुकेश ने जीता, 12वें में लिरेन की वापसी

रविवार तक 11 गेम के बाद गुकेश 6-5 से आगे थे। 11 में से 8 गेम ड्रॉ रहे थे, जबकि 2 में गुकेश और 1 में लिरेन को जीत मिली थी। लेकिन लिरेन ने वापसी की और 12वां गेम जीत लिया और स्कोर फिर बराबर कर दिया। बुधवार को 13वां गेम भी ड्रॉ रहा, जिसके बाद स्कोर 6.5-6.5 से बराबर हो गया था।

## बुमराह का सामना करने को तैयार हूं - मैकस्वीनी

ब्रिस्बेन। ऑस्ट्रेलिया के युवा सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी ने कहा कि वह गाबा में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का अच्छी तरह से सामना करेंगे। मैकस्वीनी को अपनी पहली ही टेस्ट सीरीज में बुमराह की गेंदों को खेलना पड़ा है। वह तीन बार बुमराह का शिकार बने हैं हालांकि एडीलेड टेस्ट की पहली पारी में 39 रन बनाकर मैकस्वीनी ने अपना आत्मविश्वास हासिल कर लिया था।

मैकस्वीनी का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बुमराह जैसे विश्वस्तरीय गेंदबाज का सामना करने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा, 'अपने करियर की शुरुआत में ही मुझे बुमराह जैसे मुश्किल गेंदबाज का सामना का अवसर मिला है। मैंने एडिलेड में उनकी गेंदों को जिस प्रकार से खेला है।

## सिराज और हेड विवाद को बेवजह तूल देना ठीक नहीं - पोंटिंग

दुबई। एक ओर जहां कई पूर्व क्रिकेटरों ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दौरान भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड के बीच मैदान पर हुए विवाद की आलोचना की है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने इसे अचानक हुई घटना बताते हुए कहा कि इस मामले को तूल देना ठीक नहीं है। पोंटिंग ने कहा कि दोनो ही क्रिकेटरों ने जानबूझकर ऐसा नहीं किया था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी के दौरान हेड ने डीप स्क्वायर लेग पर छक्का लगाया जिसके बाद सिराज ने उन्हें बोल्ड कर ड्रेसिंग रूम की ओर जाने का इशारा किया। जिसके बाद हेड ने उन्हें जवाब दिया और विवाद शुरु हो गया। इस मामले में सिराज पर मैच फीस का 20 फीसदी जुर्माना लगाया गया था। वहीं हेड को भी कड़ी फटकार लगायी गयी थी। इसके अलावा दोनो को ही एक-एक डिमिरिट अंक भी मिला था।

वह पोंटिंग का मानना है कि अगर ध्यान से देखें तो जिस प्रकार




ये सब हुआ वह आकस्मिक था। मुझे नहीं लगता कि दोनो के दिलों में किसी प्रकार की गलत भावना थी। हेड ने दावा किया कि उन्होंने आउट होने के बाद सिराज से कहा था कि 'अच्छी गेंदबाजी की'। वहीं सिराज ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं कहा गया था। इसी को लेकर पूर्व कप्तान ने कहा कि ट्रेविस ने कहा था कि उन्होंने शुरुआत में कहा था कि 'अच्छी गेंदबाजी की'। वहीं सिराज उस छक्का लगने से नाराज था

ऐसे में पोंटिंग ने हेड को आउट करने पर सिराज की प्रतिक्रिया को उन स्थितियों से जोड़ा जिसमें गेंदबाज दबाव में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को इन तेज गेंदबाजों से ऐसी ही प्रतिक्रिया की उम्मीद होगी। जब वे दबाव में होते हैं और उनके खिलाफ शॉट लगते हैं और फिर उन्हें एक विकेट मिलता है तो आप उम्मीद करते हैं कि जोश के साथ खेलेंगे। पोंटिंग ने कहा कि यह घटना इतनी बड़ी नहीं थी जो इसपर कोई बहस हो।

## 18 साल की नीलम ने सीनियर महिला एकदिवसीय ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाया

अहमदाबाद। उत्तराखंड की 18 साल की युवा बल्लेबाज नीलम भारद्वाज ने नागालैंड के खिलाफ सीनियर महिला एकदिवसीय ट्रॉफी में 137 गेंदों में ही नाबाद 202 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी है। नीलम इस प्रकार दोहरा शतक लाने वाली सबसे युवा भारतीय क्रिकेटर बनी हैं। नीलम ने अपनी पारी में 27 चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनकी पारी से उत्तराखंड ने 50 ओवर में 371 रनों का अच्छा खासा स्कोर बना लिया। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए नागालैंड की टीम 47 ओवर में ही 112 रन पर आउट हो गयी। नीलम को उनके इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी मिला है। नीलम दोहरा शतक लगाने वाली तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। इससे पहले स्मृति मंधाना ने गुजरात के खिलाफ 224 रन, जबकि श्वेता सहरावत ने नागालैंड के खिलाफ 242 रन बनाये थे।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

## बडोनी और राणा में हुई जमकर बहस



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश और दिल्ली के बीच सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नीतीश राणा और दिल्ली के कप्तान आयुष बदोनी के बीच जमकर बहसबाजी हुई। ये विवाद इतना बढ़ा कि अंपायर को अंत में हस्तक्षेप करना पड़ा। इन दोनों में से कोई भी खिलाड़ी झुकने को तैयार नहीं था। बहरहाल किसी प्रकार से अंपायरों ने बीच बचाव कर मामला संभाला। राणा और बदोनी दोनों ही काफी अच्छे क्रिकेटर हैं पर मैदान पर अपने आक्रामक रवैये के लिए भी जाने जाते हैं। राणा की पहले भी कई खिलाड़ियों से नोकझोंक हुई है। उनका इससे पहले आईपीएल 2023 के दौरान मुंबई इंडियंस के रितिक शौकीन के साथ विवाद हुआ था। यह घटना वानखेड़े स्टेडियम की है जब शौकीन ने मैच के दौरान केकेआर के कप्तान राणा को शुरुआत में ही आउट कर दिया था। जैसे ही राणा डगआउट में गए, शौकीन ने टिप्पणी, जिससे केकेआर के कप्तान भड़क गये और उन्होंने भी शौकीन जवाब दे दिया।

## ब्रिस्बेन टेस्ट से ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को मिलेगी सहायता - क्यूरेटर

ब्रिस्बेन। बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले गाबा के क्यूरेटर डेविड सैंडर्सकी ने कहा है गाबा की तेज और उछालभरी पिच से ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों को लाभ होगा। तीसरा क्रिकेट टेस्ट मैच यहां शनिवार से शुरु होगा। इसके लिए मेजबान टीम ने अभ्यास शुरु कर दिया है पर बारिश के चलते उसे इंडोर अभ्यास करना पड़ा है। क्यूरेटर ने कहा, सत्र के अलग-अलग समय पर पिच का स्वभाव बदल जाता है। अंत में पिच ज्यादा टूटी हुई हो सकती है, जबकि शुरुआत में पिच नई और गेंदबाजों के लिए सहायक रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि गाबा की परंपरागत पिच तैयार करने की प्रक्रिया हमेशा एक जैसी ही रहती है। उन्होंने कहा, हम हर साल गाबा में तेज, उछालभरी और चुनौतीपूर्ण पिच बनाने का प्रयास करते हैं। इस मैदान पर टीम को प्रदर्शन मिला जुला रहा है। हमार टीम यहां पिछले दो टेस्ट हार है।



ये मैच जनवरी 2023 में वेस्टइंडीज और 2021 में भारत के खिलाफ खेले गये थे पर दिसंबर में खेले गए टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया हावी रही थी। ऐसे में ये भी अहम होता है कि मैच किस समय पर हो रहा है।

इस सत्र में गाबा पर सिर्फ एक शेफील्ड शील्ड मैच क्वीनलैंड और विक्टोरिया के बीच हुआ है, इससे पिच की स्थिति के बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं चला। सैंडर्सकी ने उम्मीद जताई कि इस टेस्ट में भी पिच पर बल्लेबाज और गेंदबाज के बीच संतुलन बना रहेगा। उन्होंने कहा, हम वैसी ही पिच बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों के लिए अवसर हो। इस सप्ताह हालांकि मौसम खराब होने से पिच पर खेलना बल्लेबाजों के लिए मुश्किल हो सकता है हालांकि हम मैच के दिन तक मौसम साफ रहने की उम्मीद कर रहे हैं। गाबा में अगली गर्मियों के बाद टेस्ट होने की संभावना नहीं है। ब्रिसबेन मैदान परंपरागत रूप से ऑस्ट्रेलिया की गर्मियों के पहले टेस्ट की मेजबानी करता रहा है।

## तीसरे टेस्ट में जरुरत के अनुसार गेंदबाजी के लिए तैयार हूं - मार्श

ब्रिस्बेन। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा है कि वह भारतीय टीम के खिलाफ शनिवार से शुरु हो रहे तीसरे टेस्ट मैच में जरुरत के अनुसार गेंदबाजी के लिए तैयार हैं। मार्श ने कहा कि अब मैं पूरी तरह से फिट हूं और टीम के लिए अपनी भूमिका निभाने तैयार हूं। टीम के कोचिंग स्टाफ और मेडिकल टीम ने उनकी फिटनेस हासिल करने में सहायता की है। मार्श को सितंबर में इंग्लैंड के सफेद गेंद दौरे के दौरान पीठ में खिंचाव हुआ था। तब उन्होंने केवल एक बार गेंदबाजी की थी। अप्रैल में आईपीएल के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। इस सत्र सीजन की शुरुआत में उनके शेफील्ड शील्ड में गेंदबाजी करने की योजना थी पर पीठ की समस्या के कारण वह ऐसा नहीं कर पाये।

## ऑस्ट्रेलिया में नन्हीं सी प्रशंसक के साथ खेलते नजर आये ऋषभ

एडीलेड। भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को लेकर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इसमें ऋषभ अपनी एक नन्हीं सी प्रशंसक के साथ खेलते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को देखकर प्रशंसकों को ऑस्ट्रेलिया का पिछला दौरा याद आ गया जब ऋषभ उस समय ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के कप्तान रहे टिम पेन के बच्चों के साथ खेलते हुए नजर आये थे। इसी सब को लेकर उन्हें हंसी मजाक में बेबी सिटर तक कहा जाने लगा है। तब पेन और ऋषभ के बीच मजाक में हुई बातचीत सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई थी। इसमें पेन ऋषभ को उनके बच्चे के लिए बेबीसिटर बनने की बात बोल रहे थे। ऋषभ भी मैच समाप्त होने के बाद टिम पेन के घर भी गए थे और उनके बच्चों के साथ खेले थे। वहीं अब ऋषभ की जो वीडियो आई है इसमें वह एक मॉल में बच्ची के साथ खेलते नजर आ रहे हैं। ये बच्ची एक प्रशंसक की थी जिससे ऋषभ ने बातें की और गोदी में उठाया। ऋषभ अब तक मौजूदा टेस्ट सीरीज के पहले 2 टेस्ट मैचों में पूरी तरह से विफल रहे हैं। ऋषभ ने अब तक केवल 37 रन ही बनाये हैं। तीसरे टेस्ट में अब उन्हें बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी क्योंकि इसी मैदान पर पिछले दौरे में उन्होंने नाबाद 89 रनों की पारी खेली थी।



# महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार 14 को

## अजित ने की पुष्टि; पीएम मोदी से मिले सीएम फडणवीस



नई दिल्ली। महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल का विस्तार 14 दिसंबर को होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने इसकी पुष्टि की। शरद पवार से मुलाकात पर उन्होंने कहा कि मैं एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार को उनके जन्मदिन पर बधाई देने गया था। जहां तक बात कैबिनेट विस्तार की है तो महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार 14 दिसंबर को होगा।

महाराष्ट्र के परभणी शहर में हुई हिंसा पर उन्होंने कहा कि कल रात से स्थिति नियंत्रण में है। वहां कानून-व्यवस्था ठीक है। अमित शाह से मुलाकात पर विस्तार से बताते हुए पवार ने कहा कि उन्होंने कहा कि उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) में चार गुना वृद्धि की गई, लेकिन एमएसपी में वृद्धि नहीं की गई। इसलिए मैंने उनसे गन्ने का एमएसपी बढ़ाने का अनुरोध किया है। इस बीच महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने मेरे और अजित पवार के दिल्ली आने के बारे में बहुत सी खबरें चलाई हैं कि यह मंत्रिमंडल विस्तार से संबंधित है। मैंने उन्हें देखा है, लेकिन मैं एक बात स्पष्ट करना चाहूंगा कि मैं पार्टी से संबंधित बैठकों में आया हूं और अजित पवार भी कुछ जरूरी मुद्दों पर बैठक के लिए आए हैं। यह उनका काम है। इसलिए इन बातों पर ज्यादा अटकलें लगाने की जरूरत नहीं है। हमारी पार्टी में संसदीय बोर्ड और हमारा वरिष्ठ नेतृत्व फैसले लेता है। जहां तक भाजपा कोटे से मंत्री बनाने की बात है, तो हम इस पर फैसला लेंगे। इसी तरह एनसीपी और शिवसेना अपने स्तर पर अपने मंत्रियों के नाम तय करेंगे। मंत्रिमंडल विस्तार का फॉर्मूला पहले से तय है। आपको जल्द ही इसके बारे में पता चल जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री फडणवीस ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दिल्ली और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की थी।

# हाईकोर्ट ने झारखंड सरकार के कैबिनेट के फैसले पर लगाई रोक

## निजी नौकरियों में 75 फीसदी आरक्षण वाला कानून नहीं लागू

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण देने वाले कानून को लागू करने पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने 2021 में कैबिनेट में फैसला लिया था कि निजी कंपनियां अपने यहां 40 हजार प्रतिमाह तक की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण देंगी। जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ ने लघु उद्योग संघ की ओर दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। याचिका में लघु उद्योग संघ ने निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के झारखंड राज्य रोजगार अधिनियम 2021 के प्रावधानों को चुनौती दी थी।

झारखंड लघु उद्योग संघ की ओर से पेश हुए वकील ए के दास ने कहा कि इस अधिनियम ने राज्य और झारखंड के बाहर के उम्मीदवारों को बांट दिया है। यह अधिनियम संविधान के सिद्धांतों के खिलाफ है। क्योंकि संविधान रोजगार में समानता की गारंटी देता है। वकील ने कहा कि राज्य सरकार निजी कंपनियों को एक निश्चित श्रेणी के लोगों को रोजगार देने के संबंध में निर्देश नहीं दे सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे मुद्दों पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने पहले भी निर्णय लिया है। इसमें पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा लाए गए ऐसे ही अधिनियम को रद्द कर दिया गया था। झारखंड हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के आदेश दिया। साथ ही याचिका पर अगली सुनवाई 20 मार्च को करने के लिए कहा। झारखंड विधानसभा में सितंबर 2021 में निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए झारखंड राज्य रोजगार अधिनियम 2021 पारित किया था। इसके मुताबिक प्रत्येक नियोक्ता कुल मौजूदा रिक्तियों में से 75 प्रतिशत स्थानीय उम्मीदवारों से भरेगा, जहां सकल मासिक वेतन या मजदूरी 40,000 रुपये से अधिक नहीं है। इस कानून के मुताबिक स्थानीय उम्मीदवारों के रोजगार की प्रक्रिया के दौरान संबंधित संस्थान की स्थापना के कारण विस्थापितों, संबंधित जिले के स्थानीय उम्मीदवारों और समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व पर ध्यान दिया जाएगा।



# सहमति से यौन संबंध अपराध की श्रेणी में नहीं

ग्वालियर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने बलात्कार के एक मामले में एफआईआर निरस्त करने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने कहा, सहमति से बनाए गए संबंध अपराध की श्रेणी में नहीं आता है। इस तरह की एफआइआर में कानून का दुरुपयोग किया गया है।

शिवपुरी के निवासी इंदर कुमार गोयल पर एक युवती ने 14 फरवरी को शिवपुरी की कोतवाली थाने में बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला इंद्र की दुकान पर काम करती थी। दोनों की सहमति से शारीरिक संबंध बने थे। महिला ने जो रिपोर्ट लिखाई है,उसमें कहा, उसने शादी करने से मना कर दिया। डरा धमका कर उसका बलात्कार किया था। हाईकोर्ट ने इसे सही नहीं माना। सहमति से बनाए गए संबंध अपराध की श्रेणी में नहीं आते हैं। यह कहते हुए एफआईआर निरस्त करने के आदेश दिए।

# सीतामढ़ी में चिकन काटने वाले के घर एनआईए का छापा, संदिग्ध से पूछताछ जारी

सीतामढ़ी। सीतामढ़ी जिले में एनआईए टीम ने छापा मारा है। पुलिस से मिल जानकारी में बताया गया है कि बाजपट्टी गोट के एक संदिग्ध व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। हालांकि अभी यह साफ नहीं हो सका है कि किस मामले में एनआईए ने ये कार्रवाई की। माना जा रहा है कि देशद्रोही गतिविधियों में संलिप्त होने के संदेह में उस व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार तड़के 4 बजे एनआईए की टीम ने लियाकत अंसारी के घर पर रेड मारी। फिर उनके पुत्र अब्दुल अलीम को हिरासत में लिया। सूत्रों की मानें तो टीम ने संदिग्ध का मोबाइल जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। लियाकत अंसारी गांव में ही चिकन की दुकान चलाते हैं। चिकन काटने वाले के घर पुलिस के भारी बल को देखकर आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। एनआईए टीम के घर में दो घंटे तक छानबीन की। एनआईए टीम के साथ सीतामढ़ी पुलिस भी मौजूद है।

# पीएम मोदी आज जाएंगे प्रयागराज, कुम्भनगरी में 7000 करोड़ के प्रोजेक्ट करेंगे लॉन्च

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी 13 दिसंबर को प्रयागराज दौरे पर जाएंगे। पीएम मोदी शुक्रवार को कुम्भनगरी में ढेरों रोड और कॉरिडोर प्रोजेक्ट लॉन्च करेंगे। बता दें कि 26 दिसंबर से प्रयागराज में महाकुम्भ शुरू हो रहा है। महाकुम्भ के लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने कई बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए हैं। पीएम मोदी प्रयागराज में 7000 करोड़ रुपए की वैल्यू वाले कुछ प्रोजेक्ट का उद्घाटन करने के साथ ही नींव रखेंगे। इसके अलावा, वह संगम घाट पर पूजा-अर्चना भी करेंगे।

पीएम मोदी शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे प्रयागराज पहुंचेगा। इसके बाद वह अरैल घाट से किला घाट का सफर हाइब्रिड इलेक्ट्रिक कैटामारन से करेंगे जिसका नाम निशादराज पर रखा गया है। इसका उद्घाटन इसी साल वाराणसी में किया गया था। बता दें कि पीएम मोदी द्वारा जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा उनमें ज्यादातर सड़क और कॉरिडोर प्रोजेक्ट्स हैं। श्रृंगवेरपुर धाम सहित प्रमुख स्थलों पर खास ध्यान दिया गया है। इसका जिक्र रामायण में मछुआरों के राजा, निषादराज के साम्राज्य के रूप में मिलता है।

श्रृंगवेरपुर धाम कॉरिडोर का वर्चुअल उद्घाटन किया जाएगा। इससे यह तय होगा कि संगम नगरी आने वाले श्रद्धालु श्रृंगवेरपुर भी आसानी से पहुंच सकें और जहाज में सफर कर सकें। पीएम मोदी दूसरे प्रोजेक्ट्स का भी उद्घाटन करेंगे। इनमें रेलवे, एयरपोर्ट, इरिगेशन, रोड डिवेलपमेंट और घाटों का सौंदर्यीकरण शामिल है। इसके अलावा, वह कुम्भ सहायक चैटबॉट भी लॉन्च करेंगे।

प्रधानमंत्री कई बड़े रोड प्रोजेक्ट भी शुरु करेंगे। इनमें 135 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला श्रृंगवेरपुर धाम कॉरिडोर भी शामिल है। इसके अलावा 13 करोड़ रुपए की लागत वाला भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर, 18 करोड़ रुपए की लागत वाला अक्षयवट कॉरिडोर और 40 करोड़ रुपए की लागत वाला हनुमान मंदिर कॉरिडोर शामिल है।

# वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024-25 के कर रिफंड सुधार की घोषणा की

## इस साल कर रिफंड 3.08 लाख करोड़ होगा

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कर रिफंड जारी करने में सुधार की घोषणा की। इस साल 1 अप्रैल से 27 नवंबर के बीच 3.08 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो 2023 की इसी अवधि की तुलना में 46.31 प्रतिशत की वृद्धि है।

आयकर रिटर्न पोर्टल ने एक सेकंड में 900 से अधिक फाइलिंग और एक दिन में लगभग 70 लाख आईटीआर (आयकर रिटर्न) संभाले। इस वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एक दिन में 1.62 करोड़ से अधिक आईटीआर संसाधित किए गए। जैसे-जैसे वर्ष 2024 समाप्त हो रहा है, मंत्रालय ने इस वर्ष की गई प्रमुख पहलों या घोषणाओं को साझा किया। इसमें कहा गया है कि एक दिन में सबसे अधिक आईटीआर दाखिल किए गए। 31 जुलाई 2024 को 69.93 लाख आईटीआर दाखिल किए गए। 22.11.24 तक 8.50 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के लिए दाखिल आईटीआर से 7.32 प्रतिशत अधिक है।

पिछले साल इसी अवधि में 1 अप्रैल 2023 से 30 नवंबर 2023 के बीच कुल 2.03 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए थे। पिछले साल मंत्रालय बताया था टीआईएन 2.0 प्लेटफॉर्म की शुरूआत और सक्षमता रिफंड में तेजी लाने की प्रक्रिया में एक गेम-चेंजर रही है। टीआईएन 2.0 का उपयोग करके 3 करोड़ से अधिक रिफंड जमा किए गए, जिसमें केवल 0.002 प्रतिशत की प्रभावशाली कम त्रुटि दर थी। मंत्रालय ने करदाताओं के लिए तरलता सुनिश्चित करने और कर प्रशासन में विश्वास को बढ़ावा देने में इन रिफंड के महत्व पर प्रकाश डाला। बढ़ी हुई दक्षता और उच्च रिफंड संवितरण करदाता सेवाओं में सुधार और बेहतर शासन के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। रिफंड में उल्लेखनीय वृद्धि से व्यक्तिगत करदाताओं और व्यवसायों को समान रूप से राहत मिलने की उम्मीद है। इससे समग्र आर्थिक गतिविधि और अनुपालन में योगदान मिलेगा। टीआईएन 2.0 के सफल कार्यान्वयन के साथ, सरकार का लक्ष्य आने वाले वर्षों में अपने प्रदर्शन को बनाए रखना और उसमें और सुधार करना है।

# दिल्ली में विधानसभा चुनाव जीतने में हम सक्षम, नहीं मिलाएंगे कांग्रेस से हाथ

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं होने पर कहा कि दिल्ली में कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस ने हरियाणा में आप से हाथ मिलाया होता तो वह चुनाव जीत गए होते।

संजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस पिछले 10 साल से हरियाणा में चुनाव हार रही है। हरियाणा में आप को 2 फीसदी वोट शेयर मिला है। हरियाणा में आप से गठबंधन न करना कांग्रेस की गलती थी। अगर उन्होंने गठबंधन किया होता तो वे हरियाणा जीत गए होते। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आप पिछले 15 साल से जीत रही है। हम अपने दम पर दिल्ली जीतने में सक्षम हैं। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की चुनाव आयुक्त के साथ बैठक पर संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल वोटर लिस्ट से मतदाताओं के नाम काटने का मुद्दा उठाया है। हम महाराष्ट्र और हरियाणा की तरह दिल्ली में चुनाव घोटाला नहीं होने देंगे।

दिल्ली के एलजी के पत्र के बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों पर पुलिस के एक्शन पर संजय सिंह ने कहा कि अगर बांग्लादेशी दिल्ली पहुंचने में कामयाब हो गए हैं तो एलजी को पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का इस्तीफा मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की सीमाएं असम, त्रिपुरा और बंगाल से लगती हैं। अगर वह सीमा पार करने और यूपी जैसे राज्यों को पार करके दिल्ली पहुंचने में कामयाब हो गए तो यह केंद्र सरकार की विफलता है। घुसपैठियों को निर्वासित करने के लिए कौन जिम्मेदार है- विदेश मंत्रालय।

# आप का आधी आबादी को तोहफा, महिला सम्मान योजना को मंजूरी

## दिल्ली में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2100

नई दिल्ली। महिला सम्मान योजना को दिल्ली कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। इस योजना के तहत महिलाओं को 1000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। हालांकि दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने इसे बढ़ाकर 2100 रुपये करने का ऐलान भी किया है। गुरूवार को सुबह हुई दिल्ली सरकार की कैबिनेट बैठक में महिला सम्मान योजना को मंजूरी दे दी गई है। इससे पहले वित्त विभाग ने इस योजना पर आपत्ति जताई थी। अरविंद केजरीवाल ने इसे आप की सातवीं रेवड़ी बताया था। इस योजना की घोषणा करते हुए दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार ने अपना वादा पूरा किया है। दिल्ली में महिला सम्मान योजना लागू कर दी गई है। महिलाओं के खाते में 1000 रुपये डाले जाएंगे। 2025 में सरकार बनने पर इसे 2100 रुपये कर दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के बाद पैसा आना शुरू हो जाएगा। ये सम्मान महिलाओं का अधिकार है। केजरीवाल जो ठान लेता है वो करके रहता है। जो बोला वो करके दिखाया माताओं-बहनों को उनका हक मिलेगा।

केजरीवाल ने कहा कि मैंने वादा किया था कि हर महिला को 1,000 रुपये दूंगा। आज सुबह आतिशी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया। अब यह योजना दिल्ली में लागू हो गई है। 10-15 दिन में चुनावों की घोषणा हो जाएगी, इसलिए अभी खाते में पैसे ट्रांसफर करना संभव नहीं है। कुछ महिलाओं ने कहा कि महंगाई के चलते 1000 रुपये काफी नहीं होंगे। इसलिए कल से 2100 रुपये प्रति माह के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। इस योजना के तहत 18 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। इसके लिए चालू वित्त वर्ष में 2000 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान भी किया गया था। इसके तहत आधी आबादी सशक्त होगी। आम आदमी पार्टी ने भरोसा जताया कि दिल्ली की महिला सुरक्षा और सम्मान के प्रयासों से भगवान राम का आशीर्वाद सभी दिल्लीवालों को मिलेगा। सरकार का मानना है कि इससे किताबों की जरूरत तो पूरी होगी ही, अगर वे पढ़ाई के लिए कोचिंग करना चाहती हैं तो इससे उन्हें राहत मिलेगी। इतना ही नहीं व्यक्तिगत खर्च के लिए भी उन्हें किसी के सामने हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं होगी।




### किसे मिलेगा योजना का लाभ

18 साल से ऊपर की हर महिला को प्रति महीना 1000 की राशि मिलेगी। योजना के लिए योग्य वे महिला होंगी जो अभी सरकार की किसी पेंशन स्कीम का हिस्सा नहीं हैं। सरकारी कर्मचारी नहीं है। इनकम टैक्स नहीं देती है। स्कीम के लिए पात्र महिला को एक फॉर्म भरना होगा और सेल्फ डिक्लेरेशन देना होगा कि वह किसी सरकारी योजना का हिस्सा नहीं है, सरकारी कर्मचारी नहीं है और इनकम टैक्स पेयर नहीं है। फॉर्म के साथ हर महिला को आधार कार्ड और बैंक अकाउंट की जानकारी देनी होगी।

# अतुल और निकिता के बीच सबकुछ ठीक था, लेकिन निकिता की मां के कारण घर बर्बाद हो गया

## मृतक अतुल सुभाष के पिता ने बता दी पूरी कहानी

जौनपुर। अतुल सुभाष मामले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। मामले में बेंगलुरु पुलिस जौनपुर भी पहुंच गई है। अतुल के ससुराल में ताला लगा हुआ है, जबकि सास रात में ही घर छोड़कर निकल चुकी है। वहीं मृतक अतुल सुभाष के पिता ने कहा कि बेटे की अप्रैल 2019 में शादी हुई। इसके बाद बेटे के साथ बहू बिहार आई। जबकि 2 दिनों बाद चली गई। इसके बाद बेटे से कहां कि हनीमून के लिए मॉरीशस जाना है। जिस पर बेटे ने कहा कि पापा यहां जा सकता हूं क्या? मैंने कहा कि हां जब बहू कि इच्छा है, तब चले जाओ। जिसके बाद दोनों मॉरीशस गए और बाद 2020 में पोते का जन्म हुआ। पोता छोटा था इसलिए, मैंने अपनी पत्नी को बेंगलुरु भेज दिया था। 2021 में कोरोना के चलते जब देशभर में स्थिति खराब थी, तब भी बेटा वहीं था और उसकी मां भी थी। हालांकि, मां को डायबिटीज थी, तब बुला ने सास को भी बच्चे की देखभाल के लिए 2021 में बुला लिया। निकिता की मां के बेंगलुरु पहुंचते ही स्थितियां बिगड़ने लगी और विवाद शुरू हो गया।

कुछ दिनों बाद अतुल की सास ने कहा कि हम लोगों को जौनपुर में घर ले लेना है इसलिए कुछ पैसे चाहिए। क्योंकि जौनपुर में उन लोगों का घर बहुत ही गंदी जगह है। जिसके बाद अतुल ने 18 लाख रुपये घर खरीदने के लिए सास को ऑनलाइन दे दिए। हालांकि, इसके बाद सास ने फिर अतुल से 20 लाख रुपये मांगे, तब अतुल ने मना कर दिया और कहा कि मैं अब पापा की अनुमति के बिना इतना पैसा नहीं दे सकता हूं। इसके बाद सास ने कहा कि आपके पास पैसा तब है, फिर क्यों नहीं दे रहे हो। इसके बाद अतुल के सास की अगले दिन जौनपुर की फ्लाइट थी, लेकिन उसने जौनपुर आने से मना कर कहा कि वह तीन दिन रुकेगी। इसके बाद उसकी सास ने तीन दिन में क्या किया पता नहीं? बस यहीं से स्थितियां खराब होने लगी। इसके बाद तुरंत बहू और पोते को लेकर जौनपुर आ गई। अतुल के पिता ने दहेज प्रताड़ना को लेकर कहा कि बहू निकिता के परिवार ने दहेज के रूप में कोई पैसा नहीं दिया है। बेंगलुरु से जौनपुर आने पर ही अतुल के सास का नजरिया बदला और फिर जनवरी 2023 में कोर्ट में केस फाइल किया। अतुल और निकिता में कोई झगड़ा नहीं था। लेकिन निकिता के मां की वजह से पूरा घर बर्बाद हो गया।

# 13 वर्षीय बच्ची पर सफल स्कैल्प प्रत्यारोपण, सर्जरी आठ घंटे तक चली

फरीदाबाद। फरीदाबाद के निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर 13 वर्षीय बच्ची पर सफल स्कैल्प प्रत्यारोपण सर्जरी की। यह सर्जरी आठ घंटे तक चली और बच्ची के उखड़े हुए स्कैल्प को फिर से जोड़ने में डॉक्टरों ने सफलता हासिल की। दरअसल बच्ची का स्कैल्प तब उखड़ गया जब उसके बाल जेनरेटर के पंखे में फंस गए थे। इस हादसे के बाद बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया था। चोट लगने के करीब 10 घंटे बाद अस्पताल पहुंचने के बावजूद डॉक्टरों ने इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

# तेंदुए ने किया गाय का शिकार

कटंगी (पद्मेश न्यूज)। तहसील मुख्यालय कटंगी से करीब 15 किमी. ग्राम लखनवाड़ा से सेरपार के बीच गांव की सीमा में प्रवेश कर हिंसक वन्य प्राणी तेंदुए ने



पालतू मवेशी गाय का शिकार किया है. वन्य प्राणी ने शिकार की इस घटना को बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात्रि अंजाम दिया है. गांव के भीतर तक वन्य प्राणी के आने के बाद गांव में भय का माहौल बना हुआ है और ग्रामीणों ने वन विभाग से वन्य प्राणी को गांव से दूर खदेड़ने की मांग की है. वन परिक्षेत्र सहायक अधिकारी अशोक भालाधरे ने गुरुवार की सुबह 10 बजे पूरी घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि लखनवाड़ा निवासी भुवनलाल पिता मंगल पटले की गाय का वन्य प्राणी तेंदूए ने शिकार किया है सूचना मिलते ही स्टॉफ के कर्मचारी मौके की तरफ रवाना हुए. जिन्होंने पंचनामा कार्रवाई की है. जिसके बाद पशु मालिक ने विधिवत मवेशी का अंतिम संस्कार कर दिया है. वन्य प्राणी की गांव में आमद को देखते हुए पूरा विभाग चौकन्ना हो गया है ग्रामीणों को भी सतर्क और सावधान रहने की समझाइश दी जा रही है. उन्होंने बताया कि मांसाहार वन्य प्राणी कई बार शाकाहार वन्य प्राणियों के पीछे-पीछे गांव तक चले आते है हमारी कोशिश है कि कोई अप्रिय घटना घटित ना हो।

# कबड्डी के रोमांचक मैचों में खिलाड़ियों ने दिखाए अपने जौहर



किरनापुर (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पानगांव मे दो दिवसीय मंडई मेला कार्यक्रम के अवसर पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता मे म. प्र., छ. ग. महाराष्ट्र राज्य की अनेक टीमों ने भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता के मैचों का लुत्फ़ उठाने दिनभर लोगों की भीड़ खेल मैदान मे उमड़ पड़ी। तथा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे जिसके चलते खिलाड़ियों ने भी अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए लोगों का ध्यान अपनी ओर खिंचते रहे। प्रतियोगिता के प्रत्येक मैच के दौरान विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों को आयोजन समिति द्वारा पारितोषिक प्रदान किए गए। क्षेत्र की अंतिम मंडई मेला के इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के लोगों द्वारा आयोजनों का जमकर आनंद लिया गया।

# नवंबर में घट गई खुदरा महंगाई

## -अक्टूबर में 14 महीने के हाई पर थी महंगाई

नई दिल्ली। महंगाई के मोर्चे पर भारत के लिए अच्छी खबर आई है। गुरुवार को सरकार ने नवंबर में महंगाई दर के आंकड़े जारी किए, जो देश की जनता के लिए राहत भरे हैं। दरअसल, अक्टूबर महीने में खुदरा महंगाई तेजी से बढ़ते हुए 6 फीसदी के पार निकल गई थी, लेकिन नवंबर महीने में ये गिरकर 5.48 फीसदी रह गई है। सरकार ने बताया कि खाद्य पदार्थों, खासकर सब्जियों की कीमतों में आई नरमी के चलते महंगाई घटी है। बुधवार को ही आरबीआई के गवर्नर का पद संभालने वाले संजय मल्होत्रा के लिए ये पहली गुड न्यूज है। गौरतलब है कि आरबीआई ने महंगाई दर को 4-6 फीसदी के दायरे में रखने का लक्ष्य तय किया है और नवंबर में ये फिर 6 फीसदी से नीचे आ गई है।

भारत की खुदरा महंगाई दर



इससे पिछले अक्टूबर में बढ़कर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। जो कि सितंबर में 5.49 प्रतिशत थी। ऐसा माना जा रहा था कि त्यौहारी सीजन में हाई फूड प्राइस के कारण महंगाई दर में इजाफा हुआ है। अगस्त 2023 के बाद यह पहली बार था जब महंगाई भारतीय रिजर्व बैंक की 6 प्रतिशत की सहनीय सीमा को पार कर गई। सितंबर में मुद्रास्फीति जुलाई के बाद पहली बार आरबीआई के मध्यम अवधि के लक्ष्य 4 प्रतिशत को पार कर गई, जो 5.49 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। यानी कि महंगाई में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है, जो आम लोगों की जेब पर असर डाल रहा है।

### सब्जियों-दाल के दाम घटे

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी सीपीआई डाटा को देखें, तो नवंबर में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर घटकर 9.04 फीसदी पर आ गई, जो कि अक्टूबर महीने में 10.87 फीसदी पर पहुंच गई थी। वहीं बीते साल नवंबर 2023 में ये 8.70 फीसदी थी। एनएसओ के मुताबिक, नवंबर 2024 के दौरान सब्जियों, दालों और फूड प्रोडक्ट्स, चीनी और मिठाई, फलों, अंडों, दूध मसालों की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। नवंबर महीने में अनाज की महंगाई दर 6.88 फीसदी दर्ज की गी, जो कि अक्टूबर में 6.94 फीसदी थी। दालों को अगर बात करें, तो इन पर महंगाई दर 7.43 फीसदी से घटकर 5.41 फीसदी पर आ गई।

### जुलाई-अगस्त में नरमी, फिर आया था उछाल

बता दें कि सीपीआई आधारिक रिटेल महंगाई दर जुलाई-अगस्त महीने में औसतन 3.6 फीसदी के स्तर पर था, लेकिन फिर सितंबर महीने में ये उछलकर 5.5 फीसदी पर पहुंचीं और अक्टूबर महीने में ये आरबीआई का तय दायरा तोड़ते हुए 6.21 फीसदी पर पहुंच गई थी। यहां बता दें कि बीते सप्ताह ही भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई दर के अनुमान को 4.5 फीसदी से बढ़ाकर 4.8 फीसदी किया था।

# हाथ में काली पट्टी बांधकर किसान बेचेगा अपनी धान

## किसानों ने बैठक कर लिया निर्णय ,सरकार से लड़ाई जारी रहेगी विरोध स्वरूप केन्द्रों में काली पट्टी बांध बेचेंगे किसान धान

**बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। किसान संगठन द्वारा स्थानीय शहर के पंवार मंगल भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया, जहां जिले के अलग-अलग ब्लॉकों से किसानों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए एवं बैठक कर यह निर्णय लिया गया है कि यदि किसी किसान को धान बेचना है तो वह धान बेच सकता है, क्योंकि छोटे किसान के पास दूसरी आवक नहीं होती और वह कैसे और अधिक दिन तक बिना धान बेचे रह सकता है, इसलिए आज बैठक कर यह निर्णय लिया गया है कि किसान अपने अपने क्षेत्र में हाथ पर काली पट्टी बांधकर अपनी धान बेचेगा और यह किसान आंदोलन को इसी प्रकार सतत और लगातार किया जाएगा, जिसमें वह सरकार से यह मांग करेंगे की सरकार द्वारा किए गए धान के समर्थन मूल्य 3100 रुपए को दिया जाए और अब सभी किसान मिलकर एक जल्द ही संगठन का गठन करेंगे और सरकार से धान के समर्थन मूल्य के लिये लड़ाई लड़ेंगे।**



आपको बता दे की जिले में किसान सरकार द्वारा किए गए वादे अनुसार धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपये हेतु बीते दिनों से विरोध स्वरूप धरना प्रदर्शन कर रहा है एवं 2 दिसंबर से चालू हुई धान खरीदी में भी किसान द्वारा अपनी धान बहुत से ब्लॉकों में अभी भी नहीं बेची गई है और किसान द्वारा सरकार से 3100 रूपये धान का समर्थन मूल्य मांग रहा है इसके बाद सरकार द्वारा धान के समर्थन मूल्य पर कोई आश्वासन और बात नहीं कहने पर किसानों द्वारा 10 दिसंबर को जिला बंद कर अलग-अलग तहसीलों को भी बंद किया गया था, जिसमें लालबर्रा में किसानों का बंद के दौरान भारी आक्रोश भी देखने को मिला था , किंतु अब तक सरकार की ओर से किसी प्रकार का आश्वासन नहीं आने पर किसान द्वारा धान बेचने का मन बनाया जा रहा है, क्योंकि बहुत से किसानों का यह मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत से ऐसे छोटे किसान हैं जिनके पास आय का दूसरा कोई साधन नहीं है और बीते दिनों से चल रहे आंदोलन और विरोध स्वरूप किसान ने अभी तक बहुत से इलाकों में धान नहीं बेचीं है जिस कारण उनके सामने आर्थिक परेशानी खड़ी हो रही है, इसलिए अब किसान संगठन द्वारा बैठक कर यह निर्णय लिया गया कि क्यों ना अब धान बेच दी जाए और किसानों द्वारा 12 दिसंबर को बालाघाट मुख्यालय में स्थानीय पवार मंगल भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया, जहां जिले के दसों ब्लॉक से किसान और उनके प्रतिनिधि बैठक में पहुंचे जहां बारी-बारी से आए हुए प्रतिनिधि और किसानों ने बैठक में अपनी बात रखी जिसमें सभी ने सबसे पहले किसानों को संगठित होने की बात कही , जबकि इस बैठक में बहुत से किसानों के साथ-साथ कुछ ऐसे भी किसान थे जो अलग-अलग राजनीतिक दलों से जुड़े हुए थे, जिन्होंने किसानों की मांग को देखते हुए पार्टी से हटकर पहले किसानों की मांग को प्राथमिकता देते हुए किसान के हितों में बात कही और बताया कि आज किस प्रकार से राजनीतिक पार्टी भी किसानों का साथ नहीं दे रही है इस कारण आज वह अपने राजनीतिक दलों को किनारा कर किसानों के प्रदर्शन में शामिल हुए और आज वह भी एक ही मांग कर रहे हैं कि सरकार द्वारा किसानों को किए गए वादे के अनुसार 3100 रुपए धान का दिया जाए, ताकि किसान अपनी धान को बेच सके, जिसमें अंत में यह निर्णय लिया गया कि जब अलग-अलग तहसीलों में कुछ छोटे किसान द्वारा धान बेचा ही जा रहा है , तो क्यों ना अब किसान भी काली पट्टी बांधकर धान खरीदी केन्द्रों में अपना धान बेचें पर उनका आंदोलन भी जारी रहेगा और किसानों की जो सरकार से लड़ाई चल रही है, वह लड़ाई भी जारी रहेगी, क्योंकि जल्द ही किसान द्वारा किसान संगठन बनाकर उसके बैनर तले सभी ब्लॉकों में समितियां और संगठन का विस्तार की रणनीति बनाई जा रही है, क्योंकि अब यह निर्णय ले लिया गया है कि जब तक किसानों को 3100 रूपये धान का मूल्य नहीं मिलता यह लड़ाई किसानों की सरकार के साथ जारी रहेगी।

### काली पट्टी बांधकर बेच रहे किसान धान

बैठक के दौरान कुछ किसानों ने यह भी बताया कि जिले की कुछ तहसील ऐसी भी है जहां पर छोटे किसानों द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने का कार्य किया जाने लगा है और किसान की यह राय है कि जो किसानों की लड़ाई सरकार से चल रही है, वह लड़ाई सरकार से चालू रहेगी और वह अपनी धान को घरों में भी नहीं रखेंगे इसलिए उन्होंने बीच का रास्ता निकालते हुए हाथों में काली पट्टी बांध कर धान बेचने लगे है , वहीं कुछ किसानों ने तो यह भी बताया कि जब वह धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने जा रहे हैं, तो अपने वाहनों में काला कपड़ा बांधकर धान खरीदी केंद्र में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे किसी को यह नहीं लगना चाहिए कि किसान द्वारा अपनी लड़ाई खत्म कर ली गई हो, बल्कि यह काला कपड़ा यह याद दिला सके कि किसानों से सरकार की लड़ाई अभी भी चल रही है और जब तक किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपये नहीं दिया जाता तब तक किसानों की लड़ाई सरकार के साथ चालू रहेगी।

### 75 साल से दोनों दलों के नेता ने खूब लूटा है

बैठक के दौरान लालबर्रा से पहुंचे डूलेंद्र ठाकरे द्वारा बताया गया कि आज किसानों को भोपाल या दिल्ली जाने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आज हमारे जिले में 6 विधायक और एक सांसद हैं वह भी कहीं ना कहीं किसान के बेटे हैं और यह जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं तो उन्हें जिले के किसानों की मांग को वहां तक पहुंचाना चाहिए किसानों की आर्थिक स्थिति उतनी ठीक नहीं है कि वह दिल्ली तक जाए और आंदोलन करें, उन्होंने यह भी बताया कि कहीं ना कहीं आज नेता विधायक, सांसद बनने के बाद किसानों की समस्या को भूल जाते हैं शासन इन्हें बड़ी-बड़ी गाड़ियों और सारी सुख सुविधा देती है पर यह किसानों की समस्या को भूल जाते हैं क्योंकि इन्हें डर लगता है कि यदि कोई किसान का संगठन उभर गया तो उनकी गद्दी खतरे में आ जाएगी और इसी बात का डर उनके कुछ नेताओं का लगा रहा , जिस कारण आज बालाघाट की स्थिति ऐसी बन गई है।

### भाजपा के विधायक, सांसद नही आये किसान का दु:ख जानने

बैठक के दौरान श्री ठाकरे ने यह भी बताया कि जिस प्रकार से बीते दिनों से किसान अपने समर्थन मूल्य 3100 रूपये पाने के लिए रात दिन आंदोलन का रहा है और धान खरीदी केन्द्रों में जाकर धरना दे रहा है किंतु, आज तक भाजपा के विधायक और सांसद किसानों का दुःख जानने के लिए नहीं पहुंचे हैं , जबकि कांग्रेस के भी चार-चार विधायक हैं चाहते तो वह भी बंद के दिन अपना समर्थन देने और किसानों का दुःख दर्द जानने पहुंचते पर ऐसा कुछ जिले में दिखाई नहीं दे रहा है और अब उन्होंने एक सर्वदली किसान संगठन बनाया है जिसमें सभी पार्टी के सदस्य और किसान सम्मिलित है और वह जो भी सरकार समय पर रहेगी और किसानों को समर्थन मूल्य नहीं देगी तो उसका विरोध करेंगे।

### आज किसान काली पट्टी बांधकर बेचेगा धान

बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है कि 13 दिसंबर से किसान अपने हाथों में काली पट्टी बांधकर धान खरीदी केन्द्रों में धान दे सकता है पर जो लड़ाई सरकार से चल रही है वह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है पर किसान और अधिक दिनों तक अपनी धान नहीं रख सकता, इसलिए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि अब किसान काली पट्टी बांधकर ही धान बचेगा।

# कियोस्क संचालक के 4 लाख 35 हजार रुपये की चोरी में नेल्लोर गैंग का हाथ

## ग्रामीण पुलिस ने पकड़े गए गैंग के दो शातिर को भेजे चंद्रपुर

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)।ग्रामीण थाना अंतर्गत ग्राम कोसमी स्थित एक होटल से कियोस्क संचालक के 4 लाख 35हजार रुपये चोरी करने के मामले मे गिरफ्तार किए गए। नेल्लोर गैंग के दो शातिर पीटला देव पिता नाग्या पीटला 42 वर्ष राजेश पिता राजू पीटला 20 वर्ष दोनों बिट्राकोंडा तहसील कावेरी जिला नेल्लौर आंध्र प्रदेश निवासी को पुलिस रिमांड अवधि समाप्त



होने के बाद उन्हें यहां की विद्वान अदालत में पेश कर दिये । जहां से उन्हें चंद्रपुर महाराष्ट्र भिजवा दिया गया है। इस मामले के अन्य दो आरोपी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है। ये सभीआंधप्रदेश के नेल्लोर गैंग के सदस्य बताये गये है। ज्ञात हो कि ज्ञानेश्वर राहंगडाले ग्राम भमोड़ी निवासी की ग्राम कोसमी में बैंक ऑफ़ बड़ौदा का कियोस्क है। 25 जुलाई को ज्ञानेश्वर ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा से 4 लाख 35 हजार रुपये निकाले थेऔर रुपए को थैला में रखकर वे कोसमी एफसीआई गोदाम के पास बगदरा रोड पर स्थित होटल में नास्ता करने के लिए पहुंचे थे। ज्ञानेश्वर नाश्ता करते-करते पास में स्थित मेकेनिक के पास जाकर उन्होंने गाड़ी सुधारने बोले थे। उस समय रूपयो से भरा थैला जो होटल में था। 4लाख 35 हजार रुपये से भरा थैला ज्ञानेश्वर के पलक झपकते ही होटल से गायब हो गया। इस चोरी की वारदात को नेल्लौर गैंग के सदस्यों ने ही अंजाम दिया था। पिछले 4, 6 महीना के अंदर आंध्र प्रदेश की नेल्लौर गैंग ने मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र राज्य में चोरी की वारदात को अंजाम दिये थे। नेल्लौर गैंग के दो शातिर पीटला देव पिता नाग्या पीटला 42 वर्ष, राजेश पिता राजू पीटला 20 वर्ष दोनों बिट्राकोंडा तहसील कावेरी जिला नेल्लौर आंध्र प्रदेश निवासी,महाराष्ट्र राज्य के चंद्रपुर पुलिस के हत्थे चढ़े। जबकि तीन फरार हो गए। पकड़े गए, इन दो शातिर चोरो ने पूछताछ में बालाघाट जिले में भी चोरी की वारदात को अंजाम देना बताया था। प्रोडक्शन वारंट के तहत चंद्रपुर पुलिस ने 9 दिसंबर को दोनों चोर को बालाघाट की विद्वान अदालत में पेश किये। ग्रामीण पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके 2 दिन की पुलिस रिमांड लेकर थाने लाकर पूछताछ की और आवश्यक कार्रवाई करने के बाद पुलिस रिमांड अवधि समाप्त होने पर उन्हें 12 दिसंबर को बालाघाट की विद्वान अदालत में पेश कर दिए जहां से उन्हें चंद्रपुर महाराष्ट्र भिजवा दिया गया है।

### महाराट्र, छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश में सक्रिय है यह नेल्लौर गैंग

नेल्लोर गैंग की नजर बैंकों के आसपास अधिक रहती है। बैंक में वे पहले लेन-देन का फार्म लेकर गुपचुप तरीके से ग्राहकों के द्वारा विड्राल फार्म में गौर करते हैं। जो ग्राहक बड़ा अमाउंट निकालता है फिर उनका पीछा करते हैं फिर वारदात को अंजाम देते हैं। आंध्रप्रदेश का यह गैंग देश के कोने कोने में कुछ इसी तरह के वारदात को अंजाम देते हैं। पहले तो ये फर्जी वोटरआईडी कार्ड व आधार कार्ड के माध्यम से धर्मशाला या गुमनाम स्थानों में ठहरते हैं फिर लूट की वारदात को अंजाम देते हैं। ये लुटेरे मोबाइल नहीं रखते। क्योंकि मोबाइल से पुलिस उनका लोकेशन तलाश लेती है और वे पकड़े जाते हैं।खेती किसानी के सीजन में ये आंध्रप्रदेश से छत्तीसगढ़ आ जाते हैं। 8 -10 लूट चोरी की वारदात करने के बाद भाग निकलते हैं। कार में केमिकल डालकर भी रुपए पैसे लैपटॉप व मोबाइल चोरी करते है । फंसने के बाद आंध्रप्रदेश के ही वकीलों को लाकर केस लड़ते है। जो धर्मशाला व आउटर के गुमनाम स्थानों में रुकते हैं। 25 जुलाई को 11:30 बजे कोसमी एफसीआई गोदाम के पास स्थित होटल से कियोक्स संचालक के चार लाख 35 हजार रुपए नेल्लौर गैंग ने ही चोरी किए थे। चंद्रपुर पुलिस द्वारा पकड़े गए इन चोरों को डोगरगढ़ ब्रह्मपुरी आमगांव चंद्रपुर पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की है।

# दो मोटरसाइकिल आपस में टकराई

## एक वृद्धा सहित चार लोग घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा थाना अंतर्गत ग्राम कोड़िया से मोहगांव रोड पर दो मोटरसाइकिल आपस में टकराने से दोनो मोटरसाइकिल में सवार एक वृद्धा सहित चार लोग घायल हो गए। चारो घायल जिनमें गौरी शंकर पिता प्यारेलाल मातरे 37 वर्ष ग्राम चिलोद थाना वारासिवनी,सुकमा बाई पति चमारु लाल



सहारे 65 वर्ष ग्राम कोड़िया, आदित्य पिता ओंकार राऊत 15 वर्ष मोहगांव, गोपाल पिता भूरालाल गराड़े 15 वर्ष मोहगांव थाना लालबर्रा निवासी है जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरीशंकर खेती किसानी करते हैं। 11 दिसंबर को गौरीशंकर अपने गांव चिलोद से मोटरसाइकिल में अपने ससुराल कोड़िया अपनी पत्नी अंजनी को लेने के लिए आया था। गौरी शंकर रात में अपने ससुराल में ही रुका। 12 दिसंबर को सुबह गौरी शंकर के ससुराल के पास रहने वाली सुकमा बाई ने गौरीशंकर को आधार कार्ड बनवाने के लिए मोहगांव चलने बोली ।9 बजे करीब गौरीशंकर सुकमा बाई को मोटर साइकिल में बैठालकर कोड़िया से मोहगांव आ रहा था एवं आदित्य राऊत और गोपाल गराड़े दोनों मोटरसाइकिल में कोड़िया जा रहे थे। मोटरसाइकिल गोपाल गराड़े रहा था।कोड़िया से परधान टोला के बीच गोलाई में दोनों मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई जिसमें दोनों मोटरसाइकिल में सवार गौरीशंकर, सुकमाबाई आदित्य राऊत और गोपाल गराड़े मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गए ।चारो घायल को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है।

# मोटरसाइकिल रोड किनारे पेड़ से टकराई- एक युवक घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिले की सोनगुड्डा पुलिस चौकी क्षेत्र में आने वाले ग्राम चारघाट में मोटरसाइकिल पेड़ से टकराने से एक युवक घायल हो गया घायल युवक छोटू पिता रूपचंद पुसाम 21 वर्ष ग्राम राशिमेटा थाना रूपझर निवासी है।जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटू पुसाम खेती मजदूरी करता है। 11 दिसंबर को दोपहर में छोटू पुसाम मोटरसाइकिल में लीलामेटा से चारघाट होते हुए अपने घर राशिमेटा जा रहा था तभी चार घाट की गोलाई मैं मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर रोड किनारे पेड़ से टकरा गई। जिससे छोटू पुसाम घायल हो गया। खबर मिलते ही उसका ससुर झामसिंह मेरावी ग्राम चारघाट निवासी पहुंचा और घायल अपने जवाई छोटू पुसाम को प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया।

# इंदिरा नगर में एक्सीडेंट के बाद चला धारदार हथियार फरसा

## 3 से 4 लोग हुए गंभीर रूप से घायल, पुलिस कर रही जांच

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शहर के नर्मदा नगर झांसीरानी चौक में हुए एक्सीडेंट के बाद ,दो पक्षों में तेज धारदार हथियार फरसा चलाकर दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें तीन से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया हैं , तो वहीं कुछ लोगों को बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी अनुसार 12 दिसंबर शाम 4:30 बजे झांसीरानी चौक नर्मदा नगर में एक चौपहिया वाहन चालक और दोपहिया वाहन चालक में पीछे से भिडंत होने से विवाद हो गया और विवाद आपसी समझौते के बाद खत्म भी हो गया, किंतु दो पहिया वाहन चालक के युवकों द्वारा 6:30 बजे इंदिरा नगर में चौपहिया वाहन चालक तरुण पर दो पहिया वाहन चालक



विजय सहारे, सुरेंद्र कुमार द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ जाकर तेज धारदार हतियार फरसे से मारपीट की गई और इस मारपीट में तीन से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिसे कुछ लोगों ने उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया जिसमें से कुछ लोग की स्थिति गंभीर होने से उन्हें रेफर कर दिया गया है, किंतु घटना में घायल युवकों को बेहोशी की हालत में होने के कारण घटना कैसे और किस किस के बीच हुई यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है पुलिस अभी भी घटना में उपस्थित लोगों को की पूरी जानकारी एकत्र कर रही है।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट